फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 11 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -200, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लांच 16
फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी 15

## यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा : मोदी

# पूर्वांचल में खत्म हुआ माफियाराज

- प्रधानमंत्री ने आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट व अलीगढ़ को दिया एयरपोर्ट का तोहफा
- लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का भी हुआ लोकार्पण
- आजमगढ़ से 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में अपने दौरे के दूसरे दिन रविवार को आजमगढ़ से प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट और लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण करते हुए इंडी गठबंधन को जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, माफियाराज, तुष्टिकरण और कट्टरपंथ का पोषक ठहराया। कहा कि अब उप्र. से माफियाराज और कट्टरपंथ खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते कहा कि उत्तर प्रदेश पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है।

मोदी ने प्रदेश के पांच जिलों में नए एयरपोर्ट और लखनऊ एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल के लोकार्पण के साथ ही 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों का प्यार और विकास से जातिवाद, परिवारवाद और वोटबैंक के भरोसे बैठे इंडी गठबंधन की नींद उड़ गई है। पीएम ने कहा कि प्रदेश में जबसे डबल इंजन सरकार आई है, तबसे यूपी की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। यूपी केंद्र की योजनाओं को लागू करने में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में है। ये आंकड़े और जमीनी हकीकत बोल रहे हैं। यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, मगर अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है। मोदी ने कहा कि यूपी जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टिकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है।

उन्होंने भोजपुरी में कहा कि ...आजमगढ़ जौन चाह जाला ऊ कर लेवेला...। पिछले चुनाव में लोगों ने दिखा दिया कि परिवारवादी लोग जिसे अपना गढ़ समझते थे उसे दिनेश जैसे एक नौजवान ने ढहा दिया। इसलिए बौखलाए हुए हैं, आए दिन मोदी को गाली दे रहे हैं। कह रहे हैं कि मोदी का अपना परिवार नहीं है। वो ये भूल जाते हैं कि मोदी का परिवार देश की 140 करोड़ जनता है। हिन्दुस्तान के हर कोने से आवाज आ रही है, हर कोई कह रहा है कि 'मैं हूं मोदी का परिवार'।




आजमगढ़ में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री को प्रतीक चिन्ह देते मुख्यमंत्री योगी।

### प्रधानमंत्री ने प्रदेशवासियों को दिया तोहफा

प्रधानमंत्री मोदी ने 3,628 करोड़ से प्रदेश के आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ एयरपोर्ट तथा चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण किया। 108 करोड़ से महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय के लोकार्पण के साथ 11,500 करोड़ की 5 एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जबलपुर, ग्वालियर, पुणे, कोल्हापुर, दिल्ली और आदमपुर एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। 8,176 करोड़ की 12 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ। 131 करोड़ से चार टावर लाइट हाउस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में 1,040 फ्लैट का भी लोकार्पण हुआ।

### रिकॉर्ड निवेश, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से यूपी की पहचान

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि बीते वर्षों में डबल इंजन सरकार ने यूपी में लाखों करोड़ के विकास कार्य कराए हैं। इससे न सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर बदला है बल्कि युवाओं के लिए लाखों नए अवसर बने हैं। यूपी की पहचान रिकॉर्ड निवेश और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से हो रही है। यूपी की चर्चा एक्सप्रेस वे, बेहतर कानून व्यवस्था से हो रही है। अयोध्या में राम मंदिर का इंतजार भी खत्म हो गया है। काशी, मथुरा, कुशीनगर के विकास से यूपी में पर्यटन तेजी से बढ़ा है। यह गारंटी 10 साल पहले दी थी, जो आज पूरी हो रही है।

### मुख्यमंत्री बोले- माफिया के गढ़ में अब अपराध नहीं, मनी की हो रही बौछार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज से सात साल पहले जो आजमगढ़ अपराध व माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज प्रधानमंत्री मनी की बौछार कर रहे हैं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार में केवल सुरक्षा का बेहतर वातावरण ही नहीं, बल्कि विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर व लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए पीएम का आभार जताया। विश्वास दिलाया कि 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार की आवाज के साथ पूरा प्रदेश जुड़ेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, एके शर्मा, ओमप्रकाश राजभर, योगेंद्र उपाध्याय, दारा सिंह चौहान, सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' आदि मौजूद रहे।

## सुभासपा की प्रदेश सचिव की धारदार हथियार से हत्या, लोगों में आक्रोश

संवाददाता, संतकबीरनगर

- रविवार शाम भाजपा कार्यालय में हुई बैठक से लौटी थीं घर



**अमृत विचार** : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव की रविवार शाम उनके बेडरूम में हत्या कर दी गई। धारदार हथियार से उनके चेहरे और गर्दन पर कई वार किए जाने के निशान मिले हैं। सुभासपा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर (30) पत्नी अच्छेलाल राजभर कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा मोहल्ले की निवासी थीं। वे रविवार को भाजपा कार्यालय में एक बैठक में शामिल होने के बाद शाम लगभग 4 बजे घर लौटी थीं। उनके पति काम पर गए थे, जबकि बेटा खेलने गया था। शाम लगभग 5.30 बजे मोहल्ले की एक महिला उनके घर किसी काम से गई। दरवाजा खुला से वह नंदिनी के कमरे में पहुंची तो फर्श पर उनकी खून से लथपथ लाश पड़ी थी। महिला के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग पहुंचे। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र पटेल मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और पुलिस बल के साथ एएसपी शशि शेखर सिंह ने भी मौका मुआयना किया। घटना को लेकर सुभासपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है।

## कूनो में पांच चीता शावकों का जन्म

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता 'गामिनी' ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया, जिसके साथ देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई। केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पांच शावक, कूनो! दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई लगभग पांच वर्ष की मादा चीता गामिनी ने आज पांच शावकों को जन्म दिया। मंत्री ने कहा कि भारत में पैदा होने वाले चीते के शावकों की संख्या अब 13 हो गई है। यह चौथी बार है जब भारत में किसी चीता ने शावकों को जन्म दिया है।



- अब देश में चीतों की संख्या 26 हुई

## राज्य कर्मियों और पेंशनरों का चार प्रतिशत डीए बढ़ा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- सरकार की ओर से आज जारी होगा औपचारिक आदेश

**अमृत विचार:** उप्र में राज्य कर्मियों और पेंशनरों को जनवरी 2024 से चार प्रतिशत की डीए बढ़ोतरी को स्वीकृत दी गई है। इस वृद्धि का फायदा जनवरी 2024 से मिलेगा। राज्य के खजाने पर लगभग 314 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा।

वित्त विभाग की ओर से यह स्वीकृति दे दी गई है और संभवत सोमवार को इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिया जाएगा। ऐसे में 10 लाख राज्यकर्मियों और आठ लाख शिक्षकों का वेतन बढ़ जाएगा। साथ ही 12 लाख पेंशनरों की महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होगी। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा शनिवार को कर दी गई थी। इसके तत्काल दूसरे दिन उप्र सरकार की ओर से भी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

डीए और डीआर के मामले में केंद्र और राज्य सरकार में समानता है।

इस वृद्धि का लाभ जनवरी 2024 से मिलेगा। राज्य के खजाने पर करीब 314 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा।राज्य सरकार द्वारा बढ़ी दर से महंगाई भत्ते की घोषणा होने पर करीब 10 लाख राज्यकर्मियों और आठ लाख शिक्षकों का वेतन बढ़ जाएगा। साथ ही 12 लाख पेंशनरों की महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत की वृद्धि होगी।




### एक नजर

### न्यायमूर्ति खानविलकर बने लोकपाल अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को रविवार को राष्ट्रपति भवन में लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति खानविलकर (66) ने 13 मई, 2016 से 29 जुलाई, 2022 तक शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में सेवा दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति ने रविवार शाम राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति खानविलकर को पिछले महीने लोकपाल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। 27 मई, 2022 को पिनाकी चंद्र घोष की सेवानिवृत्ति के बाद से यह पद रिक्त था।

## सरयू में डूबने से कानपुर के तीन छात्रों की मौत

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- तुलसीदास घाट के पास हुआ हादसा, छह दोस्त रामलला के दर्शन करने आए थे

**अमृत विचार** : अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के संत तुलसीदास घाट के निकट रविवार को स्नान के दौरान कानपुर के तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गई। हालांकि इनके तीन साथी सकुशल बचा लिए गए।

कानपुर नगर के बर्रा थाना क्षेत्र के वर्ल्ड बैंक कॉलोनी निवासी छह युवकों का दल रविवार को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आया था। सभी युवक सुबह लगभग दस बजे सरयू में जल पुलिस की बैरिकेडिंग के आगे कच्चे घाट पर स्नान के लिए पहुंचे थे। सरयू का जलस्तर कम होने के चलते शुभम मिश्र उर्फ रवि का अचानक पैर फिसला और वह गहरे पानी में पहुंच गया और डूबने लगा। साथी अद्यन सिंह चौहान उर्फ़ प्रांशु और हर्षित अवस्थी ने उसे बचाने की कोशिश की और इसी में वे दोनों डूब गए। तीन अन्य साथी भी बचाने के लिए सरयू में आगे बढ़े, लेकिन स्थानीय लोगों और नाविकों ने इनको सकुशल बचा लिया। जल पुलिस के जवान और नाविकों ने सरयू में डूबे तीनों युवकों को बाहर निकाल कर श्रीराम चिकित्सालय भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर एसएसपी राजकरन नय्यर, सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र ने मौका मुआयना किया। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे में शुभम मिश्रा (20) पुत्र मोहन मिश्रा, अद्यन सिंह चौहान उर्फ प्रांशु (18) पुत्र ओम प्रकाश सिंह चौहान व हर्षित अवस्थी (18) पुत्र ललित नरायण अवस्थी की मौत हुई है। इनके साथी कृष्णा सहगल (18), तनिष्क पाल (20 ) व अमन शर्मा को बचा लिया गया है।

### सीएम ने लिया संज्ञान मिलेगी आर्थिक मदद

मुख्यमंत्री की ओर से हादसे का संज्ञान लिए जाने के बाद राजस्व महकमे ने पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कराई है। लेखपाल ने मृतक छात्रों के परिवारीजनों से उनका आधार कार्ड व अन्य ब्यौरा हासिल किया है जिसे आर्थिक मदद तथा प्रशासनिक कार्रवाई के लिए शासन व राज्य आपदा विभाग को भेजा जाएगा।

## बंगाल में सभी 42 सीटों पर टीएमसी ने उतारे प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव

- इंडिया गठबंधन को लगा झटका कांग्रेस को अभी भी उम्मीद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने सात सांसदों को टिकट नहीं दिया है और कुछ नये चेहरों को मैदान में उतारा है जिनमें पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है। पश्चिम बंगाल से लोकसभा की सभी सीटों पर टीएमसी द्वारा प्रत्याशी उतारे जाने से विपक्षी इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। इसके बावजूद कांग्रेस नेताओं को अभी भी सीटों के बंटवारे पर समझौता होने की उम्मीद है।

अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को असानसोल से फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। बसीरहाट से पूर्व सांसद हाजी नुरुल इस्लाम को उतारा है। पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को बहरामपुर लोकसभा सीट से नामांकित किया गया है।

## दुधवा : खतरे में डॉल्फिन, जांच वाली फाइल ही गायब

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी



- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं खुला मौत का राज तो किया था विसरा सुरक्षित
- फील्ड डायरेक्टर ने बिठाई थी जांच लेकिन अब फाइल का ही पता नहीं

**अमृत विचार** : राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन खतरे में है। 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित होने के बाद से दुधवा में कई डॉल्फिन की मौत हो चुकी है लेकिन मौत की वजह जानने को लेकर अधिकारी संजीदा नजर नहीं आ रहे। 24 फरवरी 2024 को भी एक डॉल्फिन का शव गिरजा बैराज में मिला था। डॉल्फिन की मौत कैसे हुई इसकी जांच फाइल ही गायब हो गई है। फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने 16 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है और एक सप्ताह में संपूर्ण रिपोर्ट मांगी है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग स्थित चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज के गेट नंबर वन में 22 फरवरी 2024 को डॉल्फिन का शव मिला था। वन विभाग की टीम ने दो चिकित्सकों डॉ. दयाशंकर और डॉ. दीपक से पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉल्फिन की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी तो विसरा आईवीआरआई बरेली भेजने के लिए सुरक्षित कर लिया गया था। हैरानी की बात है कि 16 दिन बाद भी विसरा आईवीआरआई नहीं भेजा जा सका। आशंका जताई जा रही थी कि अवैध रूप से मछली का शिकार होने के चलते डॉल्फिन की मौत हुई है तो यह बड़ा मामला होगा। बहरहाल इससे संबंधित जांच रिपोर्ट ही गायब हो गई है। प्रतिबंध के बाद भी गेरुआ और घाघरा नदी से मछली के शिकार की सच्चाई सामने आने से जिम्मेदारों की न सिर्फ पोल खुल जाएगी, बल्कि कई पर कार्रवाई भी हो सकती है। कार्रवाई से बचने को जांच रिपोर्ट गायब कर देने की चर्चा हो रही है।

### डॉल्फिन के कारण प्रतिबंधित है मछली का शिकार

डॉल्फिन को वर्ष 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया था। दुधवा टाइगर रिजर्व से होकर बहने वाली गेरुआ और घाघरा नदी में बड़ी संख्या में डॉल्फिन पाई जाती हैं। डॉल्फिन की सुरक्षा के लिए इन नदियों में मछली का शिकार प्रतिबंधित है फिर भी चोरी-छिपे मछलियों का शिकार होता है। कई बार डॉल्फिन भी इनके जाल में फंस जाती है। माना जा रहा है की मछलियों के अवैध शिकार के दौरान ही डॉल्फिन की मौत हुई है।

गिरिजा बैराज में डॉल्फिन की मौत की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिल पाई है। फाइल किस स्तर पर है, इसका भी पता लगा रहे हैं। वैसे विसरा जांच के बाद भी काफी हद तक हकीकत सामने आ जाएगी। जांच रिपोर्ट को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। - **ललित वर्मा**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा टाइगर रिजर्व।

वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा



बर्निट कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालू (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि ) और आजतक न्यूज़ चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।



सबका साथ सबका विकास सबका इलाज


रोगोन्मूलनम् डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक दीर्घजीवनम्

डॉ. अतुल मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

डॉ. प्रीति मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505

त्वचा रोग: खुजली, मुँहासे, सफेद दाग, सोराइसिस, छाजन, मस्से, झाईंया एक्जिमा दाद।
श्वास रोग: छींक आना एलर्जी, जुकाम, अस्थमा, साइनोसाइटिस।
पेट रोग: जलन गैस, अपचन, छाले, एसीडिटी, फैटी लीवर, कब्ज, गैस, बवासीर भगन्दर, मस्से।
पथरी: गुर्दे की पथरी, पित्त की थैली की पथरी।
मूत्र रोग: पेशाब में जलन, प्रोस्टेट।
हड्डी रोग: गठिया, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, सरवाइकल, साइटिका
पुरुषों में रोग: शीघ्र पतन, स्वप्न दोष नपुंसकता, धातु रोग।



अटल अरोग्य®
जर्मन होम्यो क्लीनिक
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की नि:शुल्क जाँच

बाल झड़ना एवं गंजापन: डैंड्रफ बालों का झड़ना व सफेद होना।
मस्तिक का रोग: सर दर्द, अधकपारी, ट्यूमर, याददास्त में कमी, चिड़चिड़ापन।
स्त्री रोग: बच्चे दानी की गाँठ, स्तन में गाँठ, बाँझपन, अनियमित माहवारी, सफेद पानी।
अन्य रोग: पैरालिसिस, मिर्गी, कमजोरी, नींद न आना, दाँतों की बीमारी पार्किन्सन, डिप्रेशन, एलाजाइमर, बी.पी., थॉयराइट, हार्निया, डायबटीज, हाथ पैरों में झनझनाहट व सुन्न होना।

अब नहीं कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओं द्वारा सफल इलाज



उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री बृजेश पाठक जी द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा



लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



माननीय सांसद साक्षी महाराज जी से आशिर्वाद लेते हुए डॉ. अतुल मिश्रा





माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को स्मृति चिन्ह भेंट करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. प्रीति मिश्रा

फ्री परामर्श व जांच सुविधा
30 जून 2024 तक उपलब्ध
मुफ्त जाँच मुफ्त परामर्श

कानपुर

घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे तक

मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रात: 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)

ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रात: 9.00 से 10.00 बजे तक

लाल बंगला- हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 01.00 से 02.00 बजे तक

इसमें नि:शुल्क जांच व नि:शुल्क परामर्श दिया जायेगा

9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009

## एक नजर

### नगर निगम सदन आज पार्षद ने दी चेतावनी

**कानपुर।** नगर निगम सदन 11 मार्च सोमवार को दोपहर एक बजे बुलाया गया है। इस दौरान नगर निगम और जलकल के मूल बजट वित्तीय वर्ष 24-25 पर चर्चा की जायेगी। पार्षदों की ओर से दिये गये प्रस्तावों पर विचार किया जायेगा। सदन में अन्य विषयों पर महापौर व अध्यक्ष की अनुमति से ही चर्चा होगी। नगर निगम सचिव कार्यालय की ओर से सभी पार्षदों को सदन की जानकारी दी गई है। वहीं, रविवार को वार्ड 14 की पार्षद शालू कनौजिया ने एक वीडियो जारी कर कहा है कि क्षेत्र से उपेक्षा की वजह से इस बार सदन में वो होगा जो कभी नहीं हुआ। चेतावनी जारी कर कहा कि सदन में इसबार रण होगा। वहीं, दूसरे पार्षद भी सदन में हंगामा कर सकते हैं।

### मेरठ में पसंद किया गया कानपुर का आलू

**कानपुर।** केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय आंलू स्टेशन मोदीपुरम मेरठ में आलू दिवस पर नौ और दस मार्च को दो दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित हुई। इस प्रदर्शनी में सीएसए के सब्जी अनुभाग की ओर से आलू की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. राम बटुक सिंह ने किसानों को आलू की प्रजातियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को उन्नत खेती के बारे में भी बताया।

बेजार बाजार


बाजार में अतिक्रमण का हाल। अमृत विचार


सड़क पर लगा वाहनों का जमावड़ा। अमृत विचार

# फुटपाथ तक दुकानें और सड़क पर वाहन

◆ गोविंद नगर बाजार से पराग डेयरी तक यातायात बदहाल ◆ सड़क पर रेंगते हुए निकलते हैं वाहन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर में चावला चौराहे के आसपास बाजार में घुसने से लोग कतराते हैं। वजह अतिक्रमण और पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होना है। इसी कारण चावला चौराहे से गुलाब राज और नंदलाल से सीटीआई जाने वाले दोनों मार्गों पर वाहन सवार पसीना-पसीन हो जाते हैं। चावला चौराहा से बर्रा बाइपास जाने में भी राहगीरों को अतिक्रमण से जूझना पड़ता है। सड़क के दोनों ओर कब्जेदार फुटपाथ चबा गए हैं और ग्राहकों के वाहन सड़क पर ही खड़े होते हैं। इलाके में डीबीएस कालेज रोड भी जाम और अतिक्रमण से अछूती नहीं है।

गोविंदपुरी पुल उतरते ही चौतरफा अतिक्रमण और जाम की समस्या घेर लेती है। दुकानों के बाहर अतिक्रमण ने फुटपाथ गायब कर दिया है। कई जगह तो रोड तक दुकानें सजती हैं। जहां कहीं फुटपाथ बचे हैं, वहां ठेला-ठेलिया वालों का कब्जा है। गोविंदनगर की इस रोड पर आने के बाद चाहे जिधर जाना हो, जाम से सामना करना ही पड़ेगा। कोई रोड ऐसी नहीं है जहां अतिक्रमण के साथ सड़क पर वाहनों का जमावड़ा न मिले। इस रोड पर चाय-नाश्ता, फल, सब्जी समेत सभी प्रकार के ठेले लगते हैं। जिससे जाम और बढ़ जाता है। लोग सड़क पर ही गाड़ी खड़ी करके खरीदारी करते हैं। चावला चौराहा से गुलाबराज जाने वाली रोड पर घुसते ही सड़क घेरकर चाय-पान का दुकानदार बैठता है। नंदलाल चौराहे से बारादेवी रोड पर भी आमने-सामने चाय-नाश्ता की दुकानें हैं। इन पर लगने वाली भीड़ रास्ता रोकती है। इसी चौराहा पर आटो, ई-रिक्शा वालों का अतिक्रमण हमेशा रहता है। इस रोड पर पांच मिनट रुके बगैर आप आगे नहीं बढ़ सकते हैं। वहीं नंदलाल चौराहा से बर्रा बाइपास की ओर बढ़ने पर सड़कों के दोनों तरफ तो अतिक्रमण का जबरदस्त जाल नजर आएगा।

### नेता, दबंग और पुलिस की मंजूरी पर लगाते ठेला

पराग डेयरी के बाहर तीन-चार दर्जन ठेले वाले खड़े होते हैं। ठेला लगाने वालों का कहना है कि इस रोड पर शाम के बाद दुकानदारी बहुत अच्छी होती है। ठेला खड़ा करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। राजनैतिक और दबंग लोगों से अनुमति लेनी पड़ती है। पुलिस को समझना पड़ता है, तब जाकर ठेला लगा सकते हैं।

### व्यापारियों की बात


बाजार में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। इसी कारण अधिकांश दुकानदार अपने वाहन नहीं लेकर आते हैं। खरीदारों को तो यह कह नहीं सकते कि वाहन लेकर न आएं। बाजार के लिए पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए।

-अंकुर खन्ना, दुकानदार


त्योहार का सीजन है इसलिए दुकानदारों ने कुछ आगे दुकानें बढ़ा ली हैं। अगर क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था हो तो समस्या कोई नहीं है। पार्किंग न होने के कारण लोगों की मजबूरी है कि अपने वाहन सड़क पर ही जगह देखकर लगा देते हैं।

-प्रकाश चंद्र त्रिपाठी


कुछ दुकानदार जिनकी दुकानें छोटी हैं, वह अपना माल सड़क के फुटपाथ पर मेज लगाकर सजाते हैं। इसके बाद अगर ग्राहकों के वाहन खड़े हो गए तो जाम की समस्या हो जाती है। वैसे दुकानदार खुद ग्राहकों के वाहन ठीक से खड़ा कराते हैं, जिससे जाम की समस्या न हो।

- सतबीर सिंह, दुकानदार



दुकानों के बाहर ठेले खड़े हो जाते हैं। कुछ ठेले वाले फेरी लगाकर माल बेचते हैं। बाजार में ग्राहकों के वाहनों का लोड तो रहता ही है। इसलिए अक्सर जाम लगता है। सबसे ज्यादा समस्या ई-रिक्शा वालों से होती है। पूरी रोड पर दर्जनों ई-रिक्शा वाले सवारी के इंतजार में खड़े रहते हैं।

-विवेक सक्सेना, दुकानदार

### फल मंडी सुगम यातायात में बनी बड़ी मुसीबत

सचान चौराहा से पहले रोड पर फल मंडी लगती है। आसपास के लोगों का कहना है कि पहले मुख्य रोड की तरफ ही आठ-दस ठेले खड़े होते थे, अब तो पूरी मंडी बस गई है। करीब 50 दुकानें लगने लगी हैं। कालोनी जाने वाली रोड पर भी 20-25 ठेले खड़े होने लगे हैं। मंडी का मलबा और सड़ा-गला फल भी रोड पर ही डाला जाता है। इससे जानवरों का झुंड भी मुसीबत बना रहता है।

## पुस्तक पिनाकी का किया लोकार्पण


पुस्तक का लोकार्पण करते पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डबल पुलिया स्थित जय भगवान गार्डन में रविवार को आशुतोष की रचित कृति पिनाकी का लोकार्पण हुआ। पिनाकी पर बोलते हुए मुख्य अतिथि आईआईटी के प्रो. नचिकेता तिवारी ने कहा कि पिनाकी का तात्पर्य हर उस चीज का विरोध है, जो ब्रह्म विरोधी हो। भारतीय संस्कृति बहुत प्राचीन है। इसमें वैदिक, बौद्ध, जैन और सिख सभी का समावेश माना गया है। पिनाकी कृति में शिव को अघोर कहा गया है। अघोर का मतलब जो वायलेंट न हो, बल्कि शांति व प्रेम से विश्व में विचरण करता हो। इस मौके पर स्वामी नलिनानंद गिरि महाराज, डॉ. राजतिलक, डॉ. राकेश शुक्ल, टीएल श्रीवास्तव, इं. दिवाकर उपाध्याय, डॉ. अंकिता ने भी विचार रखे। अध्यक्षता योगेंद्र भार्गव, महेश सिंह चौहान व संचालन योगेश श्रीवास्तव ने किया। लेखक आशुतोष ने सभी का आभार व्यक्त किया। डॉ. सरस्वती अग्रवाल, डॉ. मीनाक्षी व्यास, डॉ. सुधा अग्रवाल, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. नीति गुप्ता, अजय मिश्रा, आदित्य बाजपेई, ज्ञानेंद्र पांडेय, दीप कुमार मिश्रा, गोविंद मिश्रा, सुनील बाजपेई, जयराम सिंह गौड़, डॉ. राधा शाक्य, अभिषेक पांडेय मौजूद रहे।

## झकरकटी में होली से पहले स्क्रीन पर बसों की सूचना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ कंट्रोल रूम में बसों का टाइम टेबल हुआ फीड, अब किया जाएगा परीक्षण

▸▸ यात्रियों को नहीं पड़ेगा बसों के आगमन व प्रस्थान के लिए इधर-उधर भटकना

**अमृत विचार।** झकरकटी बस अड्डे पर लगाई गई बसों का टाइम टेबल बताने वाली स्क्रीन 15 मार्च से काम शुरू कर देगी। बसों की समय सारिणी अपडेट होने में लगने वाले समय की वजह से शुरू होने में देरी हुई है। अब स्क्रीन में टाइम टेबल अपडेट होने का काम लगभग पूरा हो गया है।

झकरकटी बस अड्डे पर फरवरी के अंतिम सप्ताह में बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। इस स्क्रीन में यात्रियों को बसों के आने और जाने का समय दिखाया जाना था। उस वक्त स्क्रीन को मार्च के पहले सप्ताह में शुरू किए जाने की बात कही थी। रोडवेज के अधिकारियों ने बताया कि बसों के टाइम टेबल को ऑनलाइन किए जाने में लगने वाले



समय की वजह से इसके शुरू होने में देरी हुई है। सभी डिपो से बसों की समय सूची नहीं पहुंच सकी थी। अब टाइम टेबल को ऑनलाइन किए जाने का काम लगभग 90 फीसदी पूरा हो गया है। 15 मार्च से स्क्रीन का संचालन शुरू हो जाएगा। स्क्रीन शुरू होने से यात्रियों को बसों के लिए दौड़भाग नहीं करनी होगी।

## 15 दिन रहेगी मूल्यांकन की रिकॉर्डिंग

यूपी बोर्ड परीक्षा

● शिक्षा विभाग ने शुरू की मूल्यांकन की तैयारी, रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य की तैयारी शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। 16 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू होना है। इस बार जिले में विभाग की ओर से पांच मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में सीसीटीवी सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। खास बात यह है कि इस बार मूल्यांकन केंद्रों की रिकॉर्डिंग 15 दिनों तक सुरक्षित रखी जाएगी।

बोर्ड परीक्षा के बाद शिक्षा विभाग उत्तर पुस्तिकाओं के जांचने के काम में जुट गया है। पिछली बार छह मूल्यांकन केंद्र थे। लेकिन इस बार पांच केंद्रों हरसहाय जगदंबा सहाय इंटर कॉलेज, सरयू नारायण बाल विद्यालय, डीएवी इंटर कॉलेज, सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज व जीआईसी में ही उत्तर पुस्तिकाओं को जांचा जाएगा। मूल्यांकन केंद्रों की सुरक्षा के लिए कंट्रोल रूम को भी केंद्रों से जोड़ा जाएगा। यह कंट्रोल रूम 16 को शुरू होने वाले मूल्यांकन कार्य से दो दिन पहले 14 से संचालित हो जाएगा। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि सभी मूल्यांकन केंद्रों में सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग सुरक्षा कारणों से 15 दिन तक सुरक्षित रखी जाएगी। इसके अलावा कंट्रोल रूम से भी कॉपियां जांचने वाले परीक्षकों पर नजर रखी जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि 16 से 29 तक चलने वाले मूल्यांकन कार्य के लिए सभी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही सभी मूल्यांकन केंद्र की जांच भी की जाएगी।

### बोर्ड लगाएगा ड्यूटी

यूपी बोर्ड मूल्यांकन कार्य में लगने वाले शिक्षकों की ड्यूटी लगाएगा। इसके लिए शिक्षकों की ओर से पहले ही बोर्ड की साइट पर अपने नाम दिए गए हैं। शिक्षा विभाग का मानना है कि जल्द ही बोर्ड की ओर से मूल्यांकन कार्य में लगने वाले शिक्षकों की ड्यूटी जारी कर दी जाएगी। सॉफ्टवेयर के जरिए इस बार शिक्षकों के नामों का चयन किया जाएगा।

### अव्यवस्था में कटा एक केंद्र

आचार्य नगर स्थित भारतीय विद्यालय को अव्यवस्था होने के चलते इस बार मूल्यांकन केंद्र की सूची से काट दिया गया है। यहां पर पूर्व में भी परीक्षकों की ओर से शिकायतें की जाती रही हैं। केंद्र में अव्यवस्था होने पर सुरक्षा कारणों की वजह से मूल्यांकन कार्य नहीं होगा।

## देश भक्ति बुंलद की, दरकते रिश्तों पर किया प्रहार

**महाराजपुर :** महाराजपुर के सलेमपुर स्थित उपासना मेमोरियल हायर सेकेंड्री स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने भाईचारे के रंगों से सभी को सराबोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एक तरफ देशभक्ति का यशोगान हुआ तो मानवीय संवेदनाओं के दरकते रिश्तों पर भी बच्चों ने प्रहार कर लोगों को झकझोरा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा दक्षिण जिला मंत्री विनय मिश्रा व उत्तर प्रदेशीय माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज सिंह गौर ने दीप जलाकर किया। प्रबंधक बालजी द्विवेदी,प्रधानाचार्य शैलेश दुबे, विवेक, अमन, क्रानिकल्स एकेडमी के निदेशक राकेश सिंह, वेदप्रकाश त्रिपाठी, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग महिलाएं बोलीं, हम नहीं किसी से कम, मिलना चाहिए बराबरी का हक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने रविवार को दिव्यांग महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। शास्त्रीनगर सेंट्रल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि समाज में दिव्यांग महिलाओं को बराबरी का हक मिले तभी महिला दिवस सार्थक होगा।

समारोह में अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित, मीरा कुशवाहा, कुसुम अग्निहोत्री, अनुराधा गुप्ता, आशा पांडेय, याशमीन, सीमा कुशवाहा, सरला, तृप्ति खरे, राम जानकी सहित 25 महिलाओं को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने



प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित दिव्यांग महिलाएं। अमृत विचार

कहा कि दिव्यांग महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हम सबको मिलकर पहल करना होगी। दिव्यांग महिलाओं का उत्पीड़न घर से लेकर बाहर तक होता है। सरकार को इसे रोकने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए।

महिला मोर्चा की प्रवक्ता अल्पना कुमारी ने कहा कि हमें अवसर मिले तो हम किसी से पीछे नहीं हैं। हम अपना हक भी हासिल करने का जज्बा रखते हैं। प्रदेश अध्यक्ष आनंद तिवारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार मौजूद रहे।

## मवेशी लदी गाड़ी से वसूली करने वाले जेल गए

**कानपुर।** हाईवे पर मवेशी लदी गाड़ी रोककर वसूली करने वाले मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मूलरूप से प्रयागराज के जीटीबी नगर निवासी फैसल अली शनिवार को फतेहपुर के अजुहा बाजार से मवेशी लादकर उन्नाव स्लाटर हाउस जा रहे थे। तभी रामादेवी फ्लाई ओवर पर कार सवार चार लोगों ने उन्हें रोक लिया था। फिर पांच हजार की मांग कर गाली गलौज की। आरोपियों ने खुद को पत्रकार बताकर मारपीट की थी। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया था। आरोपियों ने अपना नाम उमेश भार्गव व रुपम वर्मा बताया। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि दोनों आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई कर जेल भेजा है।

## तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार महिला को मारी टक्कर, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● झकरकटी बस अड्डे के पास हुई दुर्घटना, बस चालक लिया गया हिरासत में

**अमृत विचार।** झकरकटी बस अड्डे के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। बस की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद चालक बस छोड़ कर भागने लगा, जिस पर राहगीरों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। सूचना पर मौके पर पहुंची बाबूपुरवा पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भेजने के बाद शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

सरसौल उड़गाखेरा निवासी किसान शिवराज की पत्नी पूजा देवी (35) रविवार दोपहर साढ़ निवासी देवर अंकित व फतेहपुर




बिंदकी निवासी भाई बृजेश के साथ बाइक से शादी समारोह में शामिल होने उत्तरीपुरा भरिया गांव जा रही थी। बाइक चला रहे देवर अंकित ने बताया कि भरिया गांव में बहन के देवर की शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए वह भाभी व साले के साथ सरसौल से बाइक से जा रहे थे। टाटमिल चौराहे के पास झकरकटी बस अड्डे से पहले पीछे से आ रही उन्नाव डिपो की रोडवेज बस ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। बस चालक ने भागने के चक्कर में बस तेज रफ्तार से आगे बढ़ा दी, जिससे भाभी पहिए की चपेट में आ गईं। पहिए की चपेट में आने से पूजा देवी की मौके पर मौत हो गई। वहीं बृजेश व अंकित मामूली रूप से घायल हो गए। शोरगुल मचने पर चालक बस छोड़कर भागने लगा, जिस पर राहगीरों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने बताया कि उन्नाव डिपो की बस चालक अशोक कुमार चला रहा था। चालक को हिरासत में लिया गया है।

खुशी के पल — मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में रीति रिवाजों के साथ थामा एक-दूसरे का हाथ

# मोतीझील में बजी शहनाई, 38 जोड़ों ने लिए अग्नि के फेरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रविवार को मोतीझील के लॉन -एक में समारोह का आयोजन हुआ। नगर निगम की ओर से आयोजित इस समारोह में 38 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। सभी जोड़ों को शासन से निर्धारित उपहार सामग्री भेंट की गई।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। मोतीझील में वर-वधू पक्ष के लोग पहुंचे। यहां दोनों पक्षों के लोगों के लिए वैवाहिक इंतजाम किए गए थे। मंडप के नीचे मौजूद आचार्यों ने रीति रिवाज से सभी जोड़ों की रस्में पूरी कराईं। सातों


मोतीझील में सामूहिक विवाह में शामिल वर- वधु। अमृत विचार

फेरे पूरे कराए। इससे पहले बारात, अगवानी, जयमाल की रस्में भी वर और वधू पक्ष ने मिलकर पूरी कीं। जिन 38 जोड़ों का विवाह योजना के तहत कराया गया, उनमें अनुसूचित जाति के 31, पिछड़ी जाति के चार और सामान्य वर्ग के तीन जोड़े रहे। वर-वधू ने नगर निगम की व्यवस्था की सराहना की। महापौर प्रमिला पांडेय, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, एमएलसी सलिल विश्नोई, विधायक नीलिमा कटियार, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन व नगर निगम के अधिकारी, पार्षद, आदि मौजूद रहे।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 11 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रजापति महासभा की ओर से रविवार को 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह बर्रा बाइपास स्थित दिव्यांशी गार्डेन में आयोजित किया गया। धूमधाम से 11 दूल्हे बरात लेकर समारोह स्थल पर पहुंचे। यहां दूल्हों व बारातियों का स्वागत हुआ। द्वारचार के बाद वर-वधू को बैठाकर विवाह की रस्में निभाई गईं। अनुराग ने नीलू, अगर ने आकांक्षा, अनिल ने सुनीता, दीपक ने रोली, विनय ने गोमती, उदयभान ने रोशनी, श्रीप्रकाश ने कविता, शुभम ने उमा, नरेश ने अंजली और रितीश ने रुबी को जीवनसाथी चुना।


बर्रा के दिव्यांशी गार्डेन में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में जोड़े। अमृत विचार

प्रजापति महासभा के पदाधिकारियों ने वर-वधू को माता-पिता, बुजुर्गों का सम्मान करते हुए पति धर्म निभाने का आशीर्वाद दिया। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, विधायक महेश त्रिवेदी, अभिजीत सांगा, सरोज कुरील, एमएलसी अरुण पाठक, पूर्व मंत्री दयाराम प्रजापति, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के अलावा महासभा के अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति, प्रमुख महासचिव मदनपाल प्रजापति मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में युवती गायब, अपहरण का केस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● परिजनों को मोबाइल और स्कूटी सड़क किनारे मिली पुलिस छानबीन में जुटी

**अमृत विचार।** श्याम नगर में स्कूटी लेकर निकली युवती संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। तलाश में निकले परिजनों को युवती की स्कूटी और मोबाइल सड़क किनारे पड़ी मिली। अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने युवक पर अपहरण का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया।

सनिगवां निवासी युवक ने बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी नौ मार्च को मां के साथ स्कूटी से अस्पताल में रिश्तेदार को देखने गई थी। अस्पताल से लौटने पर मां से थोड़ी देर में आने की बात कहकर निकल गई। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर फोन किया तो युवती का फोन बंद बताने लगा। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, जिस पर युवती की स्कूटी और उसका मोबाइल चौधरी गेस्ट हाउस के पास सड़क किनारे पड़ा मिला।

पीड़ित ने बताया कि जानकारी करने पर पता चला कि बेटी किसी हरिओम नाम के युवक से मिलने आई थी। अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस से शिकायत की। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

आज का मौसम
अगले पांच दिनों तक आसमान साफ बना रहेगा।

| 27.4⁰ अधिकतम तापमान | 9.8⁰ न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 06 : 22 | सूर्यास्त 06 : 16 |

हेलो डाक्टर
कैंसर से सम्बन्धित समस्याओं के लिए सम्पर्क करें।
कैंसर के कारणों, निदान और उपचार के बारे में जानने के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के कैंसर रोग विभाग के प्रो. डॉ. अवधेश कुमार दीक्षित (पूर्व प्राचार्य एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ) से करें सवाल।

दिनांक 11 मार्च दिन सोमवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805707

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## कूड़ाघरों से कूड़े का कैसे हो सफाया जब ट्रांसफर स्टेशनों पर पड़ा ताला

### सफाईकर्मी हाथ ठेलिया पर लाने वाली गंदगी बाहर सड़क पर ही फेंकने को मजबूर

वाह री, स्मार्ट व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में स्मार्ट कूड़ा संग्रहण के लिए बनाये गए कई ट्रांसफर स्टेशनों पर ताला लगा हुआ है। सफाई कर्मचारी मजबूरन कूड़ा ट्रांसफर स्टेशनों के बाहर डंप कर रहे हैं। हर जोन में इस तरह की समस्या है। इससे कूड़े के स्मार्ट निस्तारण की पूरी प्रक्रिया चौपट होकर गंदगी और बढ़ा रही है। ठेकेदारों की ओर से नगर निगम को ट्रांसफर स्टेशन हस्तांतरित नहीं किए जाने से यह समस्या खड़ी हो गई है। शहर में खुले कूड़ा घरों को खत्म करने के लिए नगर निगम ने 72 कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनाने का फैसला लिया था। इसके निर्माण के लिए 16 अक्टूबर 2023 को साई बिल्डर्स को वर्क ऑर्डर जारी किया गया था। कंपनी ने नगर आयुक्त से शिकायत की थी कि कई जगह पर आम जनता की आपत्ति के बाद काम बंद करना पड़ा है। कई स्थानों पर आसपास स्थित सरकारी विभागों ने काम रुकवा दिया गया है। इससे कूड़ा ट्रांसफर स्टेशनों का निर्माण कार्य पूरा करने में देरी हो रही है। लेकिन हकीकत यह है कि जो कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बन चुके हैं उनको ही कंपनी ने नगर निगम को हस्तांतरित नहीं किया जा रहा है। इससे सफाई कर्मचारी स्टेशन के बाहर सड़क पर कूड़ा डंप कर रहे हैं।


निराला नगर में बने ट्रांसफर स्टेशन के बाहर लगा ताला और फैला पड़ा कूड़ा। अमृत विचार

**72** कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनाने का नगर निगम ने दिया ठेका

**31** कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन पूरी तरह बनकर तैयार पर बंद है ताला

**34** कूड़ा ट्रांसफर स्टेशनों में पोर्टेबल कॉम्पैक्टर रखा जाना प्रस्तावित

**03** सौ मीट्रिक टन कूड़ा सीधा कंटेनरों में बंद किए जाने का दावा हो रहा

#### यहां स्मार्ट तरीके से किया जा रहा गंदगी का निस्तारण

- द्वारिकापुरी, भैरोघाट, ग्रीन पार्क के पीछे सिविल लाइंस, बजरिया, संगीत टाकीज के बगल में टेनरी, डिप्टी पड़ाव के पीछे कंजरिया, एलआईसी फूलबाग, बाबूपुरवा एनएलसी चौकी, एमआईजी तिराहा पनकी में पोर्टेबल कॉम्पैक्टर के जरिए कूड़ा एकत्र किया जा रहा है।

#### अभी नौ स्टेशनों पर ही रखे गए पोर्टेबल कॉम्पैक्टर

- नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय संखवार ने बताया 34 कूड़ा ट्रांसफर स्टेशनों में पोर्टेबल कॉम्पैक्टर प्रस्तावित हैं। इसमें नौ जगह कॉम्पैक्टर रख दिए गए हैं। पांच कंपनियों को ठेका दिया गया है। शहर में प्रतिदिन 300 मीट्रिक टन कूड़ा सीधा कंटेनरों में बंद हो रहा है।

#### यहां ट्रांसफर स्टेशनों के बाहर खुले में फेंका जा रहा कूड़ा

- निराला नगर, किदवई नगर संजय वन के पास, बाकरगंज, जाजमऊ में, परमपुरवा, सूटरगंज, कल्याणपुर और मसवानपुर।

**केवल नौ स्थानों पर स्मार्ट तरीके से कूड़ा निस्तारण:** स्मार्ट सिटी के तहत शहर को कूड़ा मुक्त बनाने को लेकर 31 ट्रांसफर पूरी तरह बनकर तैयार हो चुके हैं। इनमें नौ ट्रांसफर स्टेशनों में स्मार्ट तरीके से कूड़ा संग्रहण शुरू हो गया है। लेकिन 11 में अभी ताला जड़ा हुआ है।

**11 स्टेशनों का काम रुका:** वर्तमान में 20 ट्रांसफर स्टेशन शहर के अलग-अलग जोन में बनाये जा रहे हैं। इनमें जोन एक में सबसे ज्यादा सात ट्रांसफर स्टेशन हैं। लेकिन 11 ट्रांसफर स्टेशनों का काम रुका पड़ा है। एक स्टेशन को बनाने पर नगर निगम 13 लाख 82 हजार रुपये खर्च कर रहा है।

## साकेत नगर में पेयजल लाइन फटने से नई बनी सड़क धंसी

**कानपुर।** शहर में जेएनएनयूआरएम के तहत बिछाई गई घटिया और टूटी पेयजल लाइनों के कारण आए दिन लीकेज और फव्वारे छूटने के दक्षिण क्षेत्र में लगातार मामले सामने आ रहे हैं। बर्रा, जूही, किदवई नगर के बाद अब साकेत नगर स्थित वेंडी चौराहे पर रविवार को पेयजल लाइन फटने से हाल में बनी नई सड़क धंस गई। दिन भर सड़क पर पानी बहता रहा।

वेंडी चौराहे के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि नई सड़क बने चंद महीने हुए हैं। पहले भी चौराहे पर पेयजल लाइन फट गई थी, जल निगम ने खोदाई कर लाइन की मरम्मत की थी। रविवार दोपहर चौराहे के पास रिसाव के साथ फिर सड़क धंस गई। बड़ा गड्ढा हो गया। पानी बहने से जल जमाव हो गया। सड़क का डामर कई जगह से उखड़ गया। दुकानदारों ने पार्षद को जानकारी दी। लेकिन देर शाम तक लीकेज ठीक नहीं किया गया। वार्ड 18 की पार्षद आरती विजय गौतम ने बताया कि जेएनएनयूआरएम के तहत मेन लाइन से घरों के लिए डाली गई पतली नीली लाइनों की इस समय टेस्टिंग चल रही है। जगह-जगह मेन और नीली दोनों पाइप लाइन फट रही हैं। पानी सड़क पर बहता रहता है। शिकायत करने पर जलनिगम सड़क खोद देता है और छोड़कर चला जाता है। जलनिगम अधिकारियों ने वेंडी चौराहे पर लीकेज की सोमवार को मरम्मत करने की बात कही है।

## दो अप्रैल से फिर मिलेगी बेंग्लुरू के लिए उड़ान

**कानपुर।** कानपुर से बेंग्लुरू की हवाई सेवा दो अप्रैल से फिर शुरू हो जाएगी। यह सेवा इसी साल जनवरी माह में बंद की गई थी। उद्यमी, छात्र और आईटी पेशेवर लगातार इस उड़ान की मांग कर रहे थे। बेंग्लुरू की उड़ान के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। नए शेड्यूल में बेंग्लुरू एयरपोर्ट से सुबह 9:30 बजे फ्लाइट संख्या 6ई 6035 उड़ान भरेगी जो दोपहर 12 बजे चकेरी एयरपोर्ट पहुंचेगी। शहर से फ्लाइट संख्या 6ई6036 दोपहर 12:30 बजे उड़ान भरकर दोपहर 2:40 बजे बेंग्लुरू में लैंड करेगी। शहर को जल्द ही फ्लाई बिग की अलीगढ़ व मुरादाबाद की उड़ान भी जल्द मिलने की उम्मीद है। कंपनी को मंजूरी मिली है।

- इसी साल दो जनवरी को बंद हुई थी विमान सेवा मुरादाबाद की कनेक्टिविटी भी जल्द



शहर में आज



- **समारोह : प्रदर्शन :** उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ की ओर से अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन दोपहर 12 बजे
- **राम चरित मानस :** श्रीबालाजी मंदिर नव निर्माण समिति की ओर से रामचरित मानस पाठ एल्मिको हाउसिंग सोसाइटी में दोपहर 11 बजे से
- **ज्ञापन :** अधिवक्ताओं की ओर से स्वास्थ्य बीमा कवर की गारंटी के लिए पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन दोपहर 12 बजे।

एक नजर

### बच्चों ने जीते पुरस्कार

**कानपुर।** बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय अविष्कार अभियान 2024 के तहत क्विज प्रतियोगिता हुई। ब्लॉक संसाधन केंद्र कल्याणपुर में ब्लॉक में हुई प्रतियोगिता मं सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों से चयनित बच्चों ने प्रतिभाग किया। 3 स्तरों पर आयोजित इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 बच्चों का चयन जनपद स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि विज्ञानं के पंखों से ही उन्नति की ऊंची उड़ान भरी जा सकती है। प्रतियोगिता में बच्चों को पुरुस्कार स्वरुप ट्रॉफी, स्टेशनरी का सामान, प्रसस्ति पत्र व जनपद स्तरीय प्रदर्सनी के लिए मॉडल निर्माण के लिए नकद धनराशि भी प्रदान की गई।


पार्षद को घटिया काम दिखाते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

## बर्रा में घटिया पैचवर्क पर जनता ने पार्षद को घेरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 4.5 लाख रुपये से किया गया पैचवर्क एक दिन में ही उखड़ा
- पार्षद बोले, विरोधियों की साजिश, अभी होना है पूरा काम

**अमृत विचार।** बर्रा में घटिया पैचवर्क के विरोध में लोगों ने पार्षद का घेराव किया। एक दिन में ही पैचवर्क की बजरी उखड़ने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुये हंगामा किया और निर्माण कार्य फिर से कराने की मांग की। पार्षद ने इसे विरोधियों की साजिश बताते हुये कहा कि पूरा काम हुआ नहीं है, इससे पहले ही फर्जी राई का पहाड़ बना रहे हैं।

बर्रा वार्ड 77 में माया मार्केट कर्रही से पार्षद निवास तक और संकट मोचन मंदिर से हाईवे तक सड़क का पैचवर्क होना है। क्षेत्रीय पार्षद डॉ. अखिलेश कुमार बाजपेई ने बताया कि दोनों काम 4.5 लाख रुपये से होने हैं। ठेकेदार पकंज जैन की फर्म पैचवर्क कार्य करा रही है। कुछ काम हो गया है। लेकिन माल खत्म होने की वजह से उनके घर के पास का काम रह गया है।

एक जगह ठेकेदार ने पैच किया तो कुछ विरोधी पार्टी के लोगों ने रात में जूते से बजरी को निकाल दिया और सुबह हंगामा करने लगे। मैनें उनको बताया कि अभी ठेकेदार पूरा काम करेगा। इसके बावजूद शिवम मिश्रा, निर्मल त्रिपाठी व अन्य लोगों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पार्षद ने कहा कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। ठेकेदार पूरा काम करेगा, जहां गड़बड़ है, उसे ठीक किया जाएगा।

## 12 पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए कल टेंडर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में खस्ताहाल 12 पार्कों की हालत नगर निगम 15वें वित्त आयोग के बजट से सुधारने जा रहा है। इसके लिये मंगलवार को टेंडर मांगे गए हैं। नगर आयुक्त ने लोकसभा चुनाव की अधिसूचना को देखते हुए उद्यान अधीक्षक को जल्द कार्य आदेश जारी कर काम शुरू कराने के निर्देश दिये थे, जिसके बाद उद्यान विभाग ने अपने हिस्से के बचे टेंडर कराने का नोटिस जारी कर दिया है।

नगर निगम अपनी सीमा में पार्कों और ग्रीन बेल्ट के साथ अन्य विकास कार्यों पर लगभग 20 करोड़ रुपये खर्च करने जा रहा है। इससे पहले नगर आयुक्त ने उद्यान अधीक्षक को पत्र जारी कर कहा था कि लोकसभा चुनाव को देखते हुये आदर्श आचार संहिता कभी भी प्रभावी हो सकती है। इसलिये जिन कार्यों की निविदा स्वीकृत हो चुकी है। उनमें प्राथमिकता पर कार्यादेश जारी करते हुए कार्य शुरू करें। जिन कामों की निविदा आमंत्रित की गई है, उन्हें तय समय पर खोला जाए। जाए। नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि सभी निविदा कार्य पर नजर रखें।

#### इन पार्कों का होगा कायाकल्प

- जोन 6 में आवास विकास कल्याणपुर जे–517 के सामने स्थित पार्क ।
- जोन–1 वार्ड 56 में असफाक उल्ला पार्क।
- जोन 6 वार्ड 23 आवास विकास–3 एलआईजी–2456 के पास स्थित पार्क।
- जोन–6 वार्ड 17 नारामऊ खेड़ा भोजनालय के पास स्थित पार्क।
- जोन–5 वार्ड 34 में रतनलाल नगर स्थित राधा कृष्ण पार्क।
- जोन–3 वार्ड 66 में वाई–1 ब्लाक पशुपति नगर स्थित गायत्री पार्क।
- जोन–6 वार्ड 35 में आवास विकास स्थित जी–1410 व 2125 के सामने पार्क।
- जोन–5 वार्ड 93 के अन्तर्गत गोविन्द नगर स्थित ब्लाक 11 का नेशनल पार्क
- जोन–5 वार्ड 48 गोविन्द नगर स्थित के ब्लाक का पार्क।
- जोन–1 वार्ड 32 में रायपुरवा स्थित रामलीला पार्क की बाउण्ड्रीवाल व काली मन्दिर अखाड़ा पार्क की बाउण्ड्रीवाल पर ग्रिल कार्य।
- जोन–4 वार्ड 15 में आर्य नगर स्थित परशुराम वाटिका में एक साइड की बाउण्ड्रीवाल व अन्य कार्य।
- जोन 6 वार्ड 69 सरोजनी नगर स्थित सिंधी कालोनी पार्क के बाहर – एवं अन्दर सुन्दरीकरण का कार्य।

## नौबस्ता में मेट्रो ने रखा अंतिम पिलर

**कानपुर।** कानपुर मेट्रो परियोजना के कॉरिडोर-एक (आईआईटी से नौबस्ता) के अंतर्गत बारादेवी से नौबस्ता के बीच बन रहे एलिवेटेड सेक्शन के सभी पिलर का निर्माण पूरा हो गया। पांच किमी लंबे इस सेक्शन में कुल 276 पिलर्स बनाए गए हैं। रविवार को यूपीएमआरसी के सिविल इंजीनियरों ने निर्माणाधीन बौद्ध नगर स्टेशन के पास आखिरी पियर की कास्टिंग पूरी कर ली। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन के सारे पिलर्स तैयार कर लिए हैं।



बौद्ध नगर स्टेशन के पास मेट्रो के एलिवेटेड सेक्शन में आखिरी पिलर बनकर तैयार हुआ। अमृत विचार

होलिका दहन 24 की रात

भारत में ग्रहण नहीं दिखने से सूतक भी नहीं, 25 मार्च को खेला जाएगा रंग

## साल के पहले चंद्र ग्रहण का होली पर नहीं कोई असर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर इस बार साल का पहला चंद्र ग्रहण पड़ेगा। लेकिन इस ग्रहण का पर्व पर कोई असर नहीं होगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार होलिका दहन पर इस बार कोई दोष नहीं है। होलिका दहन 24 मार्च की रात 11:13 बजे से 12:27 बजे तक होना श्रेष्ठकारी माना जाएगा। 25 को परेवा पर शहर में रंग खेला जाएगा।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि पंचांग के अनुसार चंद्र ग्रहण फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि यानी 25 मार्च को सोमवार को लगेगा।



ग्रहण सुबह 10.23 बजे शुरू होगा और दोपहर 3.02 बजे तक रहेगा। चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा और होली पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। चंद्र ग्रहण उत्तर और पूर्व एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका में दिखाई देगा।

**24 को रात 11.13 से 12.27 बजे तक होलिका दहन:** पंचांग के अनुसार इस साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 9 बजकर 54 मिनट पर शुरू होगी। यह 25 मार्च को दोपहर 12.29 बजे समाप्त होगी। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि ऐसे में होलिका दहन 24 मार्च को किया जाएगा। 24 मार्च को होलिका दहन के दिन भद्रा लग रही है। भद्रा का प्रारंभ सुबह 09 बजकर 54 मिनट से होगा जो रात 11 बजकर 13 मिनट तक रहेगा। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 24 मार्च को रात 11.13 बजे से रात 12.27 बजे तक रहेगा। पूर्णिमा तिथि 24 और 25 दोनों दिन रहने वाली है।

#### 30 मार्च को ऐतिहासिक गंगा मेला

- कानपुर का ऐतिहासिक गंगा मेला 30 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कानपुर हटिया होली मेला महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र विश्नोई ने बताया कि गंगा मेला पर हटिया स्थित रज्जन बाबू पार्क से पारंपरिक रंग भरा ठेला निकलेगा। जो पारंपरिक रास्तों से होता हुआ शहरवासियों को रंग से सराबोर करता हुआ चलेगा। इस बार मेले में विशेष झांकी भी निकाली जाएगी।

#### इस बार दो दिन पूर्णिमा

- रंगोत्सव प्रतिपदा तिथि में होता है। होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा के दिन किया जाता है। अगले दिन रंगोत्सव मनाया जाता है। इस बार 24 मार्च को सुबह 9 बजकर 56 मिनट पर पूर्णिमा तिथि आरंभ हो रही है और इसका समापन 25 मार्च को प्रदोष काल से पहले हो रहा है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि दोनों दिनों में अगर पूर्णिमा तिथि हो तो पहले दिन अगर प्रदोष काल में पूर्णिमा तिथि लग रही है तो उसी दिन भद्रा रहित काल में होलिका दहन किया जाना चाहिए। इसी नियम के अनुसार, इस बार 24 मार्च को होलिका दहन और 25 मार्च को रंगोत्सव का त्योहार मनाया जाएगा।

## केडीए होली से पहले 752 प्लॉट्स का देगा उपहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए होली से पहले शहरवासियों को 752 प्लॉट का गिफ्ट देने जा रहा है। 163 आवासीय व 599 व्यावसायिक प्लॉट शामिल हैं। सोमवार से इन प्लाट्स का ई-ऑक्शन शुरू होगा, जो कि 9 अप्रैल तक चलेगा। ई-ऑक्शन में भाग लेने के लिए पहले प्लॉट की कीमत की 10 प्रतिशत धनराशि जमा करनी होगी। जवाहरपुरम, शताब्दी नगर, सुजातगंज, स्वर्ण जयंती विहार, सकरापुर और हाईवे सिटी विस्तार में आवासीय और ग्रुप हासिंग के प्लॉट निकाले है। इन प्लाट की कीमत 17,580 से लेकर 62,740 रुपये प्रति स्क्वॉयर मीटर तक हैं। कार्नर के प्लॉट के लिए नियमानुसार 10 प्रतिशत अधिक धनराशि जमा करनी होगी। वहीं स्वर्ण जयंती विहार, जरौली, कैटल कालोनी, किदवईनगर, महावीर नगर विस्तार, शताब्दी नगर योजना, मंदाकिनी इन्क्लेब, कालिंद्री नगर, जवाहरपुरम, न्यू ट्रांसपोर्ट नगर, महावीर नगर व भागीरथी जाह्नवीं में 599 व्यावसायिक प्लॉट निकाले हैं। जो कि नर्सिंग होम, स्कूल, पेट्रोल पंप, हेल्थ सेंटर, शॉप्स के लिए है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस–80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com



सकुशल बचे तनिष्क के इंतजार में दरवाजे पर बैठी मां। अमृत विचार



हर्षित की मौत के बाद बिलखते परिजन। अमृत विचार



मृतक के परिजनों से मामले की जानकारी लेते पुलिसकर्मी। अमृत विचार



गुमसुम बैठीं बहनें। अमृत विचार

# चीत्कार और सिसकियां, हे प्रभु यह क्या किया!

## ▶▶ सरयू नदी में नहाने गए बर्रा विश्व बैंक आई ब्लाक के छह दोस्तों में तीन डूबे ▶▶ एक ही गली के रहने वाले थे पांच दोस्त



इकलौते भाई हर्षित की मौत पर रोतीं बहनें। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हे भगवान तुम्हारा क्या बिगाड़ा था... मेरे बच्चे के साथ ऐसा क्यों किया। उसने तो कभी किसी का बुरा नहीं किया था... सब लोग उसकी बड़ाई करते थे, कभी उसने किसी के साथ गलत नहीं किया। यह करुण क्रंदन है, सरयू नदी में डूबे शुभम मिश्रा उर्फ रवि की मां निभा का, बेटे की मौत की जानकारी पाकर निभा रो-रोकर बेसुध होती रहीं। थोड़ी-थोड़ी देर में आसपास की महिलाएं उनके मुंह पर पानी के छीटें मार कर होश में लाती तो अपने लाल को खोने के गम में वह पहले सिसकियां भरतीं फिर चीत्कार कर उठतीं।



मृतक रवि के भाई से घटना की जानकारी लेते सपा विधायक अमिताभ बाजपेई।

मोहल्ले के साथी अमन, हर्षित, कृष्णा, अध्ययन उर्फ प्रांशु, तनिष्क के साथ ही शुभम मिश्रा उर्फ रवि शनिवार सुबह ट्रेन से अयोध्या रामलला के दर्शन को गया था। उन्नाव के मगरवारा में पोस्ट ऑफिस में तैनात बड़े भाई राजन मिश्रा ने बताया कि पिता मोहन मिश्रा समाचार पत्र वितरक होने के साथ ही सोसाइटी मोटर्स में नौकरी करते हैं। राजन के मुताबिक सुबह करीब साढ़े सात बजे रवि की मां निभा से फोन पर बात हुई थी। रवि ने बताया था कि वह चाय पीकर कमरे से निकलने वाला है, उसने सरयू में स्नान करने की बात कही थी। इस पर मां ने तट के आसपास ही स्नान करने की हिदायत दी थी। कुछ देर बाद गली में रहने वाले तनिष्क, प्रांशु व रवि के नदी में डूबने की जानकारी मिली, जिस पर गली में कोहराम मच गया। सभी बच्चों के परिजन आनन-फानन अयोध्या रवाना हो गए। कुछ ही देर में गली में क्षेत्रीय लोगों का जमावड़ा लग गया। जिसको भी इस घटना की जानकारी हुई वह पीड़ित परिवारों के घरों की ओर दौड़ा चला आया। अकबर लोकसभा सीट से प्रत्याशी राजाराम पाल व सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने भी पीड़ित परिवारों के लोगों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।



शुभम की मौत के बाद बेसुध लेटी मां व साथ में बैठा बड़ा भाई। अमृत विचार

### मेडल पकड़ बिलखी मां, अब इनका क्या करेंगे



राजन ने बताया कि छोटा भाई रवि डीबीएस कॉलेज में बीएससी तृतीय वर्ष का छात्र था। वह पढ़ने में होशियार था। हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा अच्छे अंकों से पास की थी। पढ़ाई के साथ-साथ वह स्कूल में प्रतियोगी परीक्षाओं में भी भाग लेता था, जिसमें हमेशा अव्वल स्थान प्राप्त करता था। राजन ने रवि को मिले मेडलों की ओर इशारा किया तो उनकी मां का कलेजा फट गया। मेडलों को सीने से चिपका कर बिलखते हुए मां निशा बोली, अब इनका क्या करेंगे। रवि एमसीए की तैयारी कर रहा था।

### ... पूरी बात सुन लेता तो शायद बच जाता बेटा



मृतकों में शामिल हर्षित अवस्थी (17) बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह तीन बहनों ज्योति, आरती, मांशु का इकलौता भाई था। तीनों बहनें मां अनीता देवी के गले चिपक कर रोते हुए बोलीं, अब कौन परेशान करेगा। किसकी कलाई में राखी बांधूगीं। हर्षित के पिता ललित नारायण अवस्थी स्क्रीन प्रिंटिंग का काम करते हैं। इकलौते बेट की मौत पर मां अनीता देवी के पैरों तले से जमीन खिसक गई। अनीता देवी काफी देर तक बेटे का मौत का भरोसा ही नहीं कर सकी। घटना की जानकारी पर ललित अयोध्या की ओर रवाना हुए तो वह पीछे-पीछे दौड़ पड़ीं। पड़ोसी महिलाओं के रोकने पर कहा कि अभी थोड़ी देर पहले तो बात हुई थी। बोल रहा था कि नदी में नहा रहा हूं, कुछ देर बाद बात करूंगा। मैं उससे कहने वाली थी किनारे पर रहना, लेकिन बाद में बात करने की बात कह कर उसने फोन काट दिया।

### बेसुध हुई अनीता



ओमप्रकाश मिश्रा के दो बेटे अध्ययन उर्फ प्रांशु सिंह (16) व सार्थक हैं। ओमप्रकाश ने बेटे की कुशल क्षेम जानने के लिए उसे फोन किया लेकिन फोन नहीं मिला। कुछ देर बाद प्रांशु के डूबने की जानकारी हुई। अनहोनी की आशंका पर मां अनीता ने पड़ोसियों से जानकारी करने शुरू की तो वह बेसुध होकर गिर पड़ीं।

# पापा! रवि का पैर फिसल गया हर्षित व प्रांशू भी नहीं मिल रहे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घटना के बाद बदहवास बच्चों ने परिजनों को किया फोन अयोध्या दौड़े परिजन

**अमृत विचार।** पापा रवि का सरयू में नहाने के दौरान पैर फिसल गया... उसे बचाने के लिए गए हर्षित और प्रांशु भी नहीं मिल रहे हैं... हमें तनिष्क और कृष्णा को गोताखोरों ने पानी से बाहर खींच लिया है, अब क्या होगा पापा। सरयू नदी में जिगरी दोस्तों को पानी की मंझधार में एकाएक गुम होते देख अमन ने अपने पिता को सुरेंद्र कुमार शर्मा को फोन कर आपबीती बताई। जिसके बाद परिजनों में हड़कंप मच गया।

बर्रा विश्व बैंक आई ब्लॉक निवासी सुरेंद्र कुमार शर्मा चकरपुर मंडी में लोडर चालक है। उनके दो बेटे अमन (19) व दीपांशु (16) है। अमन बीए व दीपांशु कक्षा नौ का छात्र है। अमन के बाल-बाल बचने के बाद मां ऊषा उसके इंतजार में टकटकी लगाए दरवाजे पर बैठीं थीं। उन्होंने बताया कि सुबह अमन से बात हुई थी, जिस पर उसने बताया कि वह सरयू नदी में नहाने जा रहा है, मना करने के बावजूद वह नहीं माना और चला गया। थोड़ी देर बाद पिता के पास फोन कर बताया कि नदी में नहाने के दौरान रवि का पैर फिसलने से नदी में डूब गया है। उसको बचाने में हर्षित व प्रांशु पानी में समा गए।

### नहाने से पहले पोस्ट की सेल्फी : 'राम भगवान के दर्शन, राम - राम'

**कानपुर।** होटल से निकलने से पहले सभी दोस्तों ने एक साथ सेल्फी ली थी। उनको इस बात का अंदाजा नहीं था कि यह उनकी आखिरी सेल्फी है। मृतक शुभम ने सेल्फी अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट की और टैग लाइन दी 'अयोध्या नगरी, राम भगवान के दर्शन, राम राम।' अंतिम सेल्फी पोस्ट को देख लोगों की आंखे नम हो उठीं।

# बेटे की झलक दिखा दो अब कभी जाने ना दूंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तनिष्क, कृष्णा व अमन को गोताखोरों ने मौत के मुंह में जाने से बाल-बाल बचा लिया। गली में एक साथ हुई तीन मौत के बाद सकुशल बचे बच्चों के परिजनों में एक तरफ के ईश्वर का शुक्रिया अदा कर रहे थे। वहीं बच्चों की मौत से उनके आंखों के आंसू भी थमने का नाम नहीं ले रहे थे। तनिष्क की मां रानी पाल सुबकते हुए बोली की एक बार बेटे का चेहरा देख लें, अब कभी उसको अकेले जाने नहीं देंगे।

विश्व बैंक आई ब्लॉक निवासी रानी पाल ने बताया कि पति विनोद पाल प्राइवेट नौकरी करते है। जबकि तनिष्क (19) इंटर पास करने के बाद नौकरी की तलाश कर रहा था। वहीं बड़ा बेटा उज्जवल ई-रिक्शा चलाता है। प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से उसके साथी अयोध्या जाने का प्लान बना रहे थे। भारी भीड़ होने के चलते अयोध्या जाने की अनुमति नहीं दी थी। कई बार जिद करने के बाद रविवार को उन्होंने हामी भर दी थी। उन्होंने कहा कि प्रांशु, रवि के साथ बेटे की बहुत पक्की मित्रता थी। वहीं साथ गए कृष्णा सहगल की छोटी बहन खुशी ने बताया कि चार साल पहले मां रागिनी की मौत हो गई थी।



अंतिम यादगार : होटल से निकलने से पहले सभी दोस्तों ने एक साथ ली सेल्फी। अमृत विचार

# दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़िता ने बजरिया थाने में दर्ज कराया मुकदमा

**अमृत विचार।** दहेज की पांच लाख रुपये व बाइक की मांग पूरी न करने पर युवक ने पत्नी को मारपीट कर तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने बजरिया थाने में पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

उन्नाव नबी नगर निवासिनी मो. साईद ने बेटी साहेबा फातिमा का विवाह कर्नलगंज निवासी मो. वकार से चार साल पहले किया था। साहेबा ने बताया कि ससुरालीजन शादी के बाद से बाइक व पांच लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहे थे। दहेज की मांग पूरी न करने पर आए दिन प्रताड़ित करने लगे। आरोप है ससुरालीजनों के उकसाने पर पति वकार ने गाली-गलौज कर मारपीट की। इस दौरान पति ने तलाक देने की धमकी दी। शिकायत बीते 27 नवंबर को आईजीआरएस पर की थी। पुलिस के मध्यस्थता कराने पर पति मान गए थे। पति दोबार मारपीट करने लगा और तीन तलाक देकर उसे भगा दिया। पीड़िता ने बजरिया थाने में पति समेत 10 ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दी।

# मुकदमा वापस न लेने पर महिला के साथ अश्लीलता

**कानपुर।** नजीराबाद निवासिनी महिला ने विजय नगर निवासी विशाल निगम उर्फ सौरभ के खिलाफ अश्लीलता कर धमकाने संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीड़िता के मुताबिक उसके बेटे ने विशाल के खिलाफ काकादेव थाने में बीते वर्ष मारपीट संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसको वापस लेने को लेकर विशाल अक्सर विवाद करता था। आरोप है कि बीती दो मार्च को वह घर पर अकेली थीं, तभी आरोपी आया और मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर उनके साथ अश्लीलता की।

# हंसिया मारकर पत्नी की ली जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जागेश्वर मंदिर के पास शनिवार रात किया था हमला आरोपी पति गिरफ्तार

**अमृत विचार।** नवाबगंज में शनिवार देर रात नशेबाज पति ने शादी में ले जाने के बहाने पत्नी पर हंसिया से जानलेवा हमला कर दिया और भाग निकला। रविवार सुबह हैलट में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने आरोपित पति व ससुरालीजन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया।

महाराजपुर, शेखपुर निवासी भगवानदीन की बेटी रीमा (38) की शादी बनियापुरवा निवासी मजदूर फगुनी से हुई थी। दोनों के तीन बच्चे मोंटी, लकी और राखी हैं। भगवानदीन ने बताया कि फगुनी शराब का लती है। नशे में धुत होकर आए दिन बेटी के साथ मारपीट करता था। रीमा किसी तरह मजदूरी करके परिवार चलाती थी। आरोप है कि शनिवार को फगुनी शादी में ले जाने के बहाने रीमा व पांच वर्षीय बेटी राखी को साथ ले जा रहा था। जागेश्वर मंदिर के पास फगुनी ने रीमा पर हंसिया से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। शोरगुल सुनकर राहगीरों के दौड़ाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। नवाबगंज पुलिस ने रीमा को हैलट अस्पताल में भर्ती करा कर परिजनों को सूचना दी। रविवार सुबह रीमा ने दम तोड़ दिया। मां फूलमती ने बताया फगुनी और बेटी के ससुरालीजनों पर प्रताड़ित व हत्या करने का आरोप लगाया। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि पति व ससुरालीजनो के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी को गिरफ्तार किया है।



मृतका के माता- पिता। अमृत विचार

# बेकाबू बस ने बाइक पर जा रही महिला को रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- झकरकटी बस अड्डे के पास हुई घटना, बस छोड़कर भाग रहे चालक को लोगों ने दबोचा

**अमृत विचार।** झकरकटी बस अड्डे के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। बस की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद चालक बस छोड़ कर भागने लगा, जिस पर राहगीरों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। सूचना पर मौके पर पहुंची बाबूपुरवा पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भेजने के बाद शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।




सरसौल उड़गाखेरा निवासी किसान शिवराज की पत्नी पूजा देवी (35) रविवार दोपहर साढ़ निवासी देवर अंकित व फतेहपुर बिंदकी निवासी भाई बृजेश के साथ बाइक से शादी समारोह में शामिल होने उत्तरीपुरा भरिया गांव जा रही थी। बाइक चला रहे देवर अंकित ने बताया कि भरिया गांव में बहन के देवर की शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए वह भाभी व साले के साथ सरसौल से बाइक से जा रहे थे। टाटमिल चौराहे के पास झकरकटी बस अड्डे से पहले पीछे से आ रही उन्नाव डिपो की रोडवेज बस ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। बस चालक ने भागने के चक्कर में बस तेज रफ्तार से आगे बढ़ा दी, जिससे भाभी पहिए की चपेट में आ गईं। पहिए की चपेट में आने से पूजा देवी की मौके पर मौत हो गई। वहीं बृजेश व अंकित मामूली रूप से घायल हो गए। शोरगुल मचने पर चालक बस छोड़कर भागने लगा, जिस पर राहगीरों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने बताया कि उन्नाव डिपो की बस चालक अशोक कुमार चला रहा था। चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा जाएगी।

उपलब्धि | सीएसजेएम विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला में इस्तेमाल की जाएगी रूस की तकनीक

# 'मेक इन इंडिया' से 'मेक बाय इंडिया' के लिए मिलाए हाथ

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

- ▶▶ विश्वविद्यालय आए रूस के प्रतिनिधिमंडल ने एमओयू साइन किया
- ▶▶ शिक्षा, संस्कृति का आदान प्रदान होगा, औद्योगिक विकास में मिलेगी सहायता

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू और रूस से आए प्रतिनिधि मंडल के बीच रविवार को विश्वविद्यालय में समझौता पत्र साइन हुआ। इस दौरान दोनों साझेदारों के बीच कई मुद्दों पर समन्वय के साथ 'मेक इन इंडिया' से 'मेक बाय इंडिया' को मजबूती प्रदान करने पर सहमति बनी। तय हुआ कि विश्वविद्यालय में एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला की स्थापना की जाएंगी। इस प्रयोगशाला में शामिल उपकरणों में रूस की तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

एमओयू पर सीएसजेएम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक और रूस के प्रतिनिधि मंडल में शामिल एंड्री, वैलेंटाइन और माइकल ने हस्ताक्षर किए। इस समझौता पत्र के तहत अकादमिक सहयोग, संयुक्त कार्यक्रम, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, प्रयोगशाला स्थापना, इंटर्नशिप , प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, व्यावहारिक प्रयोगशाला स्थापना और एक औद्योगिक सहायता प्रणाली को विकसित करने पर सहमति बनी। बताया गया कि यह एमओयू 'मेक इन इंडिया' से 'मेक बाय इंडिया' की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। एमओयू साइन किए जाने के बाद सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. पाठक ने कहा कि इस समझौते से विश्वविद्यालय को परीक्षण, अनुसंधान और औद्योगिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सकेगा। रूसी प्रतिनिधि मंडल में शामिल एंड्री, वैलेंटाइन और माइकल ने कहा कि आईओटी और ओएस और चिप डिजाइनिंग में भारतीय स्टार्टअप के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयास शुरू किए गए है।



विश्वविद्यालय में एमओयू साइन करते कुलपति प्रो . विनय पाठक व रूसी प्रतिनिधि मंडल में शामिल एंड्री, वैलेंटाइन और माइकल।

# जमीन का झांसा देकर कारोबारी के साथ ठगी, रिपोर्ट

**कानपुर।** 59.19 लाख रुपये वापस मांगने पर रियल इस्टेट कारोबारी ने युवक को सचेंडी में जमीन का झांसा देकर ठगी कर ली। फजलगंज निवासी कारोबारी ने धोखेबाज समेत सात नामजद समेत 10 पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

फजलगंज निवासी कारोबारी हरजीत सिंह ने बताया कि मसवानपुर स्थित रियल इस्टेट फर्म के डायरेक्टर पीयूष सिंह चौहान व उसकी पत्नी मांडवी सिंह को उन्होंने 20 लाख रूपये व सामान उधार दिया था। कुल मिलाकर उस पर 59.19 लाख रुपये की बकायेदारी है। पैसे वापस करने का दबाव बनाने पर आरोपियों ने सचेंडी में जमीन देने का झांसा दिया, जिसके एवज में नौ लाख रुपये की मांग की। झांसे में आकर हरजीत ने नौ लाख रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

# होली पर शहर को दीवाली की तरह जगमग करने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़कों पर अंधेरा खत्म करेंगी 1540 नई लाइटें
- नगर निगम ने 1.5 करोड़ के टेंडर को मंजूरी दी
- तीन दिन में सड़कों के खंभों पर लगने लगेंगी लाइट


**अमृत विचार।** शहर में होली पर दीपावली जैसी जगमग छटा बिखेरने की तैयारी है। नगर निगम शहर के 110 वार्डों में 1540 नई स्ट्रीट लाइटें लगाएगा। पार्षदों के कोटे से भी 150 लाइटें लगेंगी। इसके लिए नगर निगम ने 1.5 करोड़ के टेंडर को स्वीकृति देकर वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया है। तीन दिन में लाइट लगाने का काम शुरू होगा।

शहर में लगभग सवा लाख से ज्यादा पोल हैं। शहर में स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग पार्षद पिछले कई महीनों से कर रहे थे। पिछले सदन में पार्षदों ने समस्या बताई थी। प्रभारी मुख्य अभियंता लाइटिंग आरके पाल ने बताया कि महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने निर्देश दिया था कि टेंडर जारी किए जाएं। अब जाकर नई लाइटें लगाने की राह साफ हो सकी है। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि नई स्ट्रीट लाइटों लगाने के लिए टेंडर जारी किया गया था। अब इसके वर्क ऑर्डर हो गए हैं। 72 घंटे के भीतर नई लाइटें शहर में लगनी शुरू हो जाएंगी। जिससे शहरवासियों की समस्या खत्म होगी।

# आचार संहिता के फेर में न फंस जाए जरीब चौकी अंडरपास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


जरीब चौकी क्रासिंग। अमृत विचार



अंडरपास की डिजाइन। अमृत विचार

- विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार होने के बाद भी तीन माह से कंसलटेंट की बहानेबाजी
- सेतु निगम के अधिकारी बार- बार बुला रहे पर नहीं उठा रहे कंपनी के खिलाफ कदम

**प्रोजेक्ट पर नजर**

**15** मीटर चौड़ी होगी मुख्य अंडरपास रोड

**5.5** मीटर होगी अंडरपास की ऊंचाई

**7.5** मीटर चौड़ी सिंगल लेन अंडरपास रोड


डीपीआर में कहां देरी हो रही है। इस संबंध में सेतु निगम के महाप्रबंधक से बात करूंगा। प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द मंजूरी दिलाना मेरी प्राथमिकता में है।
– सत्यदेव पचौरी, सांसद

**अमृत विचार।** जरीब चौकी रेलवे क्रासिंग पर प्रस्तावित डबल लेयर अंडरपास की डिटेल प्रोजक्ट रिपोर्ट तैयार हो चुकी है, लेकिन सेतु निगम को नहीं मिली है। दिल्ली की कंसल्टेंट कंपनी को 17 नवंबर को डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट सेतु निगम के महाप्रबंधक को सौंपनी थी लेकिन कंपनी के अधिकारी कल आएंगेसमय नहीं मिला जैसा बहाना बना रहे हैं। इस लापरवाही के चलते डर यह है कि कभी भी चुनाव आचार संहिता लग जाएगी और प्रोजेक्ट कम से कम चार माह तक मंजूरी के लिए लटक जाएगा। सेतु निगम के अधिकारी भी कंसलटेंट की बहानेबाजी पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

अनवरगंज रेलवे स्टेशन के पास से आईआईटी तक जीटी रोड के समानांतर जरीब चौकी समेत 14 रेलवे क्रासिंग के कारण जाम लगता है। यही वजह है कि रेलवे अब एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनाने की बात कर रहा है। जरीब चौकी क्रासिंग पर पहले मल्टी डायमेंशन पुल बनाया जाना था लेकिन यह पुल एलिवेटेड ट्रैक के निर्माण में बाधा बनता। यही वजह है कि अंडरपास का प्रोजेक्ट तैयार किया गया। सेतु निगम ने दिल्ली, मुंबई की तर्ज पर प्रदेश का पहला डबल लेयर मल्टीडारेक्शन अंडरपास बनाने की योजना तैयार की। सेतु निगम के एमडी से प्रोजेक्ट को सहमति मिलने के बाद अंडरपास की डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी दिल्ली की कंसल्टेंट कंपनी को सौंपी गई थी। इसके साथ ही जनसुविधाओं से जुड़े संसाधनों को हटाने के लिए सेतु निगम ने नगर निगम, जलकल, जल निगम, स्मार्ट सिटी समेत करीब 10 विभागों से यूटिलिटी शिफ्टिंग की रिपोर्ट मांगी थी। विभागों ने रिपोर्ट दे दी। कंसलटेंट को अपनी डीपीआर नवंबर में देनी थी लेकिन उसने नहीं दिया। ऐसे में प्रोजेक्ट फंस गया है। सांसद सत्यदेव पचौरी की कोशिश थी कि लोकसभा चुनाव से पहले ही इस प्रोजेक्ट को मंजूर करा लिया जाए ताकि जनता को यह उम्मीद जगे की प्रोजेक्ट धरातल पर आएगा पर ऐसा होता अब नहीं दिखा रहा है।

# कांग्रेस के प्रत्याशी की घोषणा आज संभव

## तीन नाम दिल्ली भेजे गए, प्रदेश चुनाव समिति के नामों के पैनल में एक ब्राह्मण और दो अन्य नाम

विशेष संवाददाता, कानपुर



अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र की बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर लोकसभा सीट के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की चुनाव समिति ने रविवार को तीन नामों का पैनल हाईकमान को भेज दिया। चुनाव समिति की लखनऊ में हुई बैठक में सपा के साथ सीट शेयरिंग में आयी प्रदेश की सभी 17 सीटों पर पर प्रत्याशियों का पैनल बनाकर दिल्ली भेजा गया है। अब सोमवार को दिल्ली में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में कानपुर के प्रत्याशी का नाम तय किया जा सकता है। हालांकि पार्टी के उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि निर्णय भले सोमवार को हो जाए पर कानपुर में भाजपा प्रत्याशी की घोषणा के बाद ही कांग्रेस अपना प्रत्याशी घोषित करेगी।

कांग्रेस में कानपुर संसदीय क्षेत्र से एक ब्राह्मण और दो गैरब्राह्मण के नामों पर विचार किया जा रहा है। आलोक मिश्रा, शरद मिश्रा, मदनमोहन शुक्ला, विकास अवस्थी, पवन गुप्ता, अजय कपूर का प्रमुख रूप से नाम लिया जा रहा है। प्रदेश चुनाव समिति के नामों के पैनल में एक ब्राह्मण और दो गैरब्राह्मण हैं। इसे लेकर अजय कपूर के संभावित प्रत्याशी होने की चर्चा है।

हालांकि दावा आलोक मिश्रा का भी कमजोर नहीं है, जातीय समीकरण में वह भारी दिखते हैं। लेकिन केंद्रीय नेतृत्व तक पकड़, तीन बार के विधायक के साथ ही ब्राह्मण बहुल किदवईनगर विधानसभा क्षेत्र से एक बार जीत और दो बार हारने के बाद भी करीब 70 हजार से ज्यादा वोट हासिल करना जैसे तर्क अजय कपूर के पक्ष में दिए जा रहे हैं। उधर, वैश्य समाज से दावेदार पवन गुप्ता समर्थकों का मानना है कि कानपुर में लगभग तीन लाख वैश्य मतदाता हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि भाजपा कानपुर से ब्राह्मण प्रत्याशी उतारती है तो कांग्रेस गैरब्राह्मण पर दांव लगा सकता है।

### अकबरपुर लोस सीट के लिए तैयारी बैठक

- **कानपुर।** अकबरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस-सपा गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल के चुनाव की तैयारी बैठक तिलकहाल में ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष अमित पांडे की अध्यक्षता में हुई। तय हुआ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संयोजक के साथ ब्लाक, वार्ड और बूथ समन्वयक बनाए जाएंगे। कार्यकर्ताओं को भी केंद्र की नीतियों के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने को कहा जाएगा। देहात अध्यक्ष नरेश कटियार, राजीव द्विवेदी, धवल पांडे, तुफैल अहमद, नरेंद्र चंचल, जावेद इदरीसी, राजेश राजपूत, रीता कठेरिया, संयोगिता वर्मा, हीरालाल निषाद, दिलशाद कुरैशी, मनजीत खालसा, सतपाल सिंह, वीरेंद्र चतुर्वेदी, महेश शुक्ला, चंद्रमौलि वाजपेयी, राजू कश्यप, अंजना कुमारी, जयशंकर द्विवेदी, कुनकुन खान रहे।

# 80 सीटों पर विपक्ष के लिए नो वैकेंसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूरे देश में मोदी लहर है। सपा और कांग्रेस का परिवारवादी गठबंधन भाजपा के राष्ट्रवाद का मुकाबला नहीं कर सकता है। जनता ने यूपी की 80 सीटों पर विपक्षी दलों के लिए 'नो वैकेंसी' का बोर्ड लगा दिया है। यह बात रविवार को जीएसवीएम कॉलेज सभागार में भाजपा की ओर से आयोजिक कानपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध समागम में मुख्य अतिथि पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं सांसद दिनेश शर्मा ने कही।

शहर के उद्योगपति, व्यापारी, चिकित्सक, प्रोफेसर, शिक्षक, अधिवक्ता, प्रमुख खिलाड़ी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रमुख, सामाजिक संस्थाओं की मौजूदगी में डॉ. शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान शहर की गायिका गुप्तांश का भाजपा के लिए बनाए गए नए रिलीज होने वाले गाने 'सरकार आप लाए हैं रामलला सरकार, आपका हृदय से आभार मोदी जी कोटि-कोटि आभार' का ऑडियो सुनाया गया।

सांसद शर्मा ने कहा कि विपक्षी पार्टियां कहती हैं कि भाजपा डिक्टेटरशिप वाली पार्टी है। वे लोग शायद भूल गए कि सपा सरकार में वे कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। क्या अयोध्या में राम भक्त कार्य सेवकों पर गोली चलाना, भगवान श्रीराम का नाम लेने वाले राम भक्तों को जेल में डाल देना डिक्टेटरशिप नहीं थी। आज देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने का प्रयत्न हो रहा है। विपक्षी पार्टियों को भली भांति पता है कि इस बार का लोकसभा चुनाव देश की जनता लड़ रही है। भाजपा 400 से अधिक सीटें जीत कर तीसरी बार सरकार बनाएगी।



पुस्तक का विमोचन करते पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा व अन्य पदाधिकारी।

### हिटलर की मानसिकता सपाई थी

- विपक्षी पार्टियां पहले उत्तर प्रदेश को उल्टा प्रदेश कहते थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी की सरकार बनने के बाद आज लोग प्रदेश को उत्तम प्रदेश कह रहे हैं। प्रदेश में साढ़े पांच लाख सरकारी नौकरी दी गई। साढ़े तीन करोड़ लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार दिया गया। आज प्रदेश में लंबे चौड़े हाईवे, वन डिस्टिक वन मेडिकल कॉलेज,20 हवाई अड्डे,20 विश्वविद्यालय खुल रहे हैं। हिटलर की मानसिकता जरूर सपाई मानसिकता थी। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, दीपू पांडे, अनिल मिश्रा, राहुल मिश्रा ने डॉ. शर्मा का माला पहनाकर व गदा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता शैलेंद्र द्विवेदी ने किया। विधायक नीलिमा कटियार, राम शरण कटियार, मणिकांत जैन, पदमेश दुबे, भूपेश अवस्थी, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, राम कुमार शुक्ला, अरविंद दीक्षित, हरप्रीत सिंह काके, डॉ दिलीप सर देसाई, अवधेश कटियार मौजूद रहे।

# जीएसटी के स्लैब घटाएं नियमों को सरल बनाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कारोबारियों ने कहा, व्यापार की अड़चन दूर होना बहुत जरूरी
- इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देकर बेहतर माहौल बनाना चाहिए

**अमृत विचार।** कारोबारियों ने नई सरकार को लेकर अपनी राय में कहा कि सरकार ऐसी होनी चाहिए कारोबार में नियमों की कठिनाई दूर करे। आज व्यापार करना कफी कठिन हो गया है। कारोबारी जीएसटी, एमएसएमई के कठिन नियमों में दबकर रह गए हैं। नई सरकार से जीएसटी के सरलीकरण, एमएसएमई के नए नियम सहित कारोबार को सरल किए जाने की उम्मीद है। नई सरकार से अपेक्षा है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाकर कारोबार का माहौल प्रदेश और देश में बनाए।

**जनता का मुद्दा**


ऑनलाइन व्यापार करने वाली बड़ी कंपनियों पर जब तक शिकंजा नहीं कसेगा तब तक छोटा कारोबारी बाजार में नहीं टिक पाएगा। ऑनलाइन कारोबार की समय सीमा तय होनी चाहिए। 24 घंटे सिर्फ इमरजेंसी सामान बिकने की छूट होनी चाहिए या फिर सभी कारोबार को 24 घंटे की बिक्री करने की छूट मिले।
-अनुज शुक्ला


एमएसएमई के तहत 45 दिन का नियम कारोबारी की रकम डुबोने वाला साबित होगा। जरूरी यह है कि इसे भी जीएसटी में शामिल कर दिया जाए तो बेहतर है। इससे कम से कम कारोबारी की रकम तो बचेगी। अभी के नियम में तो देनदार पैसा देने से ही बचेगा।
– विशाल जायसवाल


नई सरकार ऐसी होनी चाहिए जो कारोबारियों को बचाने के लिए ऑनलाइन कारोबार पर नियम बना सके। व्यापारी कोरोनाकाल के बाद से ही ऑनलाइन कारोबार कंपनियों के लिए नियम बनाने की मांग कर रहे है। आज तक उनकी सुनवाई नहीं हुई है।
-आशीष साहनी


यह सरकार इन्फ्रा स्ट्रक्चर में निवेश कर रही है। इसमें तेजी आनी चाहिए। यदि प्रदेश और देश का इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहतर होगा तो व्यापार का माहौल बनेगा। केंद्र में बनने वाली सरकार ऐसी होनी चाहिए जो इस तरह का माहौल बनाने का सफल प्रयास कर सके।
-रोहित अरोड़ा


टैक्स संबंधी इतने नियम हैं कि आम कारोबारी उसे समझने में परेशान है। उसे टैक्स कंसल्टेंट को रखना पड़ रहा है। कारोबारियों पर यह खर्च अतिरक्त पड़ रहा है। कारोबारी ऐसी सरकार चाहता है जो इन सब कठिनाई से उसे बाहर निकाल सके।
-अरुण तोमर


सरकार ऐसी होनी चाहिए जो व्यापारियों के हितों की बात कर सके। रोबारियों की सीधे बात सुन सके। सरकार को ऐसा सिस्टम बनना चाहिए जिससे कारोबारी अपनी बात सीधे वित्तमंत्री या संबंधित विभाग को पहुंचा सके। इससे समस्याएं जल्द सुधरेंगी।
-विपिन गुप्ता


कारोबारियों के लिए जीएसटी की पेंचीदगियां सबसे अधिक मुसीबत बनी हुई हैं। नई सरकार ऐसी होनी चाहिए जो जीएसटी का सरलीकरण करें। कारोबारी सबसे ज्यादा जीएसटी से परेशान है। यह व्यवस्था कारोबार को खत्म कर रही है।
-रोहित अरोड़ा


व्यापारी व उद्योगपति अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कोई भी सरकार इनसे टैक्स के नाम पर रुपया तो लेती है लेकिन कारोबारी आज भी संकट में है। सरकार ऐसी होनी चाहिए जो इस बात को समझे कि कारोबारी यदि परेशान है तो उसका असर देशी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा।
-आशीष अग्रवाल


जीएसटी के स्लैब कम होने चाहिए। नई सरकार ऐसी होनी चाहिए जो व्यापारी हित के लिए इस तरह के कदम उठाए। जीएसटी के स्लैब अभी तक कारोबारी समझ नहीं पाए हैं। एक ही उत्पाद के कई तरह के टैक्स उन्हें देना पड़ रहा है।
-शिवम बेरीवाल

### सीएसजेएम विवि. में कल होगा भारतीय भाषा का सम्मेलन

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में 12 मार्च को एक दिवसीय भारतीय भाषा सम्मेलन भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय भाषा मंच और शिक्षा संस्कृति एवं उत्थान न्यास, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। कुलपति प्रो. विनय कुमार ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय भाषाओं के संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा करना है। सम्मेलन में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, दिल्ली की प्रतिकुलपति प्रो. सुमित्रा कुकरेती, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रो. द्विजेन शर्मा, नेहू, शिलांग, प्रो. श्रवण कुमार शर्मा, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. राम नारायण द्विवेदी, दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. योगेश दुबे व विभिन्न राजकीय एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ विचार रखेंगे।

VAMCRH
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंकः -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी ( सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

# ईयर बड्स से बहरेपन व लकवे का खतरा

**सावधान**

विकास कुमार, कानपुर

**अमृत विचार।** किसी भी तकनीक का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक और सीमा में रहकर करना ही बेहतर होता है, वर्ना उसके दुष्परिणाम उठाने पड़ते हैं। मोबाइल के साथ बढ़ता हेडफोन, ईयर बड्स या ईयर फोन का प्रयोग भी ऐसी ही चेतावनी दे रहा है। यह सुविधाजनक तो है, लेकिन अधिक प्रयोग से जहां सुनने की क्षमता प्रभावित हो रही है, वहीं चिकित्सकों के मुताबिक तनाव, कान में संक्रमण के साथ ही पैरालिसिस अटैक पड़ने की संभावना बढ़ जाती है।

हैलट अस्पताल के नाक-कान व गला विभाग की ओपीडी में हर सप्ताह औसतन पांच बच्चे सुनने की समस्या लेकर पहुंच रहे हैं, इसका मुख्य कारण हेड या ईयर फोन अथवा बड्स का अधिक इस्तेमाल करना सामने आ रहा है। इनके अधिक इस्तेमाल से सुनने की क्षमता प्रभावित होने के साथ कान व सिर में दर्द की समस्या आ रही है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के न्यूरो विभाग में आए कुछ केसों की स्टडी में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। न्यूरो विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष सिंह ने बताया कि ईयर बड्स का अधिक प्रयोग युवाओं के लिए काफी खतरनाक है। बच्चों पर तो इसका कई गुना अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। अक्सर बच्चे अधिक साउंड में ईयर बड से गाने सुनते हैं। ईयर फोन व ईयर बड्स से सिर्फ सुनने की क्षमता ही नहीं प्रभावित होती, बल्कि पैरालिसिस अटैक की भी संभावना रहती है।

**इस तरह करें बचाव**

- एक घंटे से अधिक ईयरफोन या ईयर बड न लगाएं
- गाना या संगीत सुनते समय उसकी आवाज धीमी ही रखें।
- अच्छी कंपनी या गुणवत्ता वाले साधन का ही प्रयोग करें।
- सिर या कान में दर्द होने पर इनका प्रयोग न करें।

- **हैलट की ईएनटी ओपीडी में हर हफ्ते छह पीड़ित बच्चे आ रहे**



वर्तमान में ईयर बड व ईयर फोन का अधिक इस्तेमाल करने से युवाओं में सुनने की समस्या तेजी से बढ़ी है। सप्ताह में चार से पांच केस सिर्फ ईयर बड व ईयर फोन का अधिक प्रयोग करने के कारण होने वाली दिक्कतों को लेकर आ रहे हैं।

**- प्रो. एसके कनौजिया, ईएनटी-विभागाध्यक्ष, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज**

## ट्रांसपोर्ट कर्मचारी ने सात लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**कानपुर।** बेकनगंज निवासी शादाब रिजवान ने कोर्ट की शरण लेकर सात लोगों के खिलाफ वसूली, अमानत में खयानत, धमकी संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं। बीते वर्ष 28 दिसंबर को सकेरा स्टेट निवासी चांद तशले वाले का माल दिल्ली निवासी अनीस अहमद उर्फ पप्पू की फर्म को भेजा था।

रात 10 बजे अनीस और उसका ड्राइवर खूब सिंह माल लेकर चले गये। 29 दिसंबर को दिल्ली ट्रक न पहुंचने की जानकारी हुई। जिस पर उन्होंने ट्रांसपोर्ट मालिक मो. इब्राहीम से जानकारी की। पीड़ित ने बताया कि सात जनवरी को रायपुरवा पुलिस ने उन्हें बुलाया।

**भाई हो तो ऐसा**



हादसे में अपने अपने पैर गंवा चुके दोनों भाई चलने में लाचार हैं, लेकिन बड़ा भाई अकबर अपनी कमर में रस्सी बांधकर छोटे भाई फिरोज को लकड़ी की ट्रॉली में लिटा कर साथ-साथ लेकर चलता है। सड़क से गुजरते एक भाई का दूसरे भाई के प्रति प्रेम व समर्पण को देख कर लगता है कि भाई हो तो ऐसा। फोटो-मनोज तिवारी

**एक नजर**

### भाई की पत्नी व ससुराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट

**कानपुर।** आरके नगर में बीते वर्ष मां की हत्या कर खुद फांसी पर लटकने के मामले में मृतक के भाई जीतेंद्र ने छोटे भाई की पत्नी प्रियंका वर्मा, उसके पिता सुशील, भाई शिवम और बहन स्वाती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि आरोपियो ने उसके भाई और मां को फर्जी मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी थी। नजीराबाद थानाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप ने बताया कोर्ट के आदेश पर आत्महत्या के लिये उकसाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### टी-10 में मूकबधिरों ने लगाए चौके-छक्के

**कानपुर।** डेफ क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ द कानपुर की ओर से किदवईनगर रतनलाल शर्मा स्टेडियम में रविवार को टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट में प्रदेश के सभी जिलों से टीमें आई हैं। सभी खिलाड़ी बोलने और सुनने में असमर्थ हैं। एसोसिएशन का मकसद है कि ऐसे खिलाड़ियों को भी प्लेटफार्म मिले जो प्राकृतिक रूप से बोल या सुन नहीं सकते। प्रतियोगिता का उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष आनंद शुक्ला और वाइस चेयरमैन सुनील चतुर्वेदी ने किया।

# नौ दुकानों का ताला तोड़कर लाखों का माल पार, व्यापारियों का हंगामा

## चौकी इंचार्ज पर गश्त न करने का आरोप, व्यापारियों ने मछरिया रोड किया जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शनिवार देर रात चोरों ने दक्षिण क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर नौ दुकानों का ताला तोड़कर लाखों का माल पार कर दिया। नौबस्ता थाना क्षेत्र के मछरिया मार्केट में चोरों ने शनिवार रात सात दुकानों के शटर के ताले तोड़ एक लाख रुपये नकद समेत काफी माल उड़ा दिया। सुबह जानकारी होने पर घटना से आक्रोशित व्यापारी पुलिस पर गश्त न करने का आरोप लगाकर धरने पर बैठ गए। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंची नौबस्ता पुलिस ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन देकर व्यापारियों को शांत कराया। मछरिया तिराहे पर शुक्ला मार्केट में आलोक चतुर्वेदी, सूरज, मनोज पांडेय, की रेडीमेड कपड़ों की दुकान है, जबकि गोरेलाल की बॉम्बे फुटवियर, बहनें रुबीना व चांदनी की चूड़ी व कॉस्मेटिक शॉप। राधे की सौरभ बैग इंपोरियम नाम से दुकान है। दुकानदारों ने बताया कि रविवार सुबह दुकानों के शटर टूटे होने की जानकारी मिली। दुकानों में रखी एक लाख की नकदी के साथ ही कपड़े व अन्य सामान भी गायब मिला।

नौबस्ता उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष कमल त्रिपाठी, महामंत्री आशीष तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र तिवारी मौके पर पहुंचे और बसंत विहार चौकी इंचार्ज पर गश्त न करने का आरोप लगाते हुए धरना देकर मछरिया रोड जाम कर दी। नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश पांडेय ने घटना का जल्द खुलासा करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।



मछरिया रोड पर धरना देकर नारेबाजी करते व्यापारी। अमृत विचार

**जूही में दो दुकानों में चोरी**

जूही के परमपुरवा स्थित बसंती मार्केट में राम कुमार गुप्ता व पुष्पा गुप्ता की किराना की दुकानों का शटर तोड़ कर चोरों ने किराना का सामान व पांच हजार रुपये पार कर दिए।

वारदात में सीसीटीवी की जांच करने पर बाइक सवार तीन संदिग्ध कैद हुए हैं। जूही में आसपास सीसीटीवी तलाशे जा रहे हैं। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

**- अंकिता शर्मा, एडीसीपी साउथ।**

## जमीन का झांसा देकर कारोबारी के साथ ठगी, रिपोर्ट

**कानपुर।** 59.19 लाख रुपये वापस मांगने पर रियल इस्टेट कारोबारी ने युवक को सचेंडी में जमीन का झांसा देकर ठगी कर ली। फजलगंज निवासी कारोबारी ने धोखेबाज समेत सात नामजद व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

फजलगंज निवासी कारोबारी हरजीत सिंह ने बताया कि मसवानपुर स्थित रियल इस्टेट फर्म के डायरेक्टर पीयूष सिंह चौहान व उसकी पत्नी मांडवी सिंह को उन्होंने 20 लाख रूपये व सामान उधार दिया था। कुल मिलाकर उस पर 59.19 लाख रुपये की बकायेदारी है। पैसे वापस करने का दबाव बनाने पर आरोपियों ने सचेंडी में जमीन देने का झांसा दिया, जिसके एवज में नौ लाख रुपये की मांग की। झांसे में आकर हरजीत ने नौ लाख रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने बैनामे के कागज भेज कर 10 रुपये अब्दुल हमीद नाम के युवक के खाते में मंगाए। पता चला कि जमीन किसी और के नाम पर दर्ज है।

**सार-संक्षेप**



श्याम निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

### नीले घोड़े पर निकली श्री श्याम की निशान यात्रा

**कानपुर।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से रविवार को श्याम प्रभु खाटू वाले की निशान यात्रा गणेश तपेश्वरी मंदिर से निकली। भक्त श्रीश्याम का निशान उठाए भजन-कीर्तन करते सड़कों पर निकले। श्रद्धालुओं ने आरती व महाप्रसाद ग्रहण किया। गणेश तपेश्वरी मंदिर में सुबह 11 बजे श्रीश्याम की ज्योति प्रज्जवलित हुई। श्री श्याम निशान ध्वजा यात्रा में नीले घोड़े पर बैठे बाबा श्याम की यात्रा तपेश्वरी मंदिर से शुरू होकर बिरहाना रोड, नयागंज, सिरकी मोहाल, काहूकोठी, कमला टॉवर से होती हुई फीलखाना स्थित मंडल के मुख्य कार्यालय व प्राचीन मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। श्री श्याम मित्र मंडल हर साल फाल्गुन माह में भक्तों को लेकर खाटू धाम के लिए प्रस्थान करता है। शहर में फीलखाना, एच-टू किदवई नगर, साइट नंबर वन, कमला टॉवर, श्याम नगर व परमट पर बाबा का मंदिर है। जहां भक्त दर्शन का लाभ लेते हैं। निशान ध्वजा यात्रा में बैंडबाजों के साथ रथ पर विराजमान बाबा आगे बढ़े तो भक्तों ने जमकर इस तरह नाच-गाना किया जैसे बाबा श्याम की बारात निकल रही हो। यात्रा का संचालन अनुपम अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अजय सरावगी, राकेश शर्मा, विकास अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, श्याम गोयंका, अनीस सर्राफ, दीपक धानुका, गोविंद अग्रवाल, गोपाल गुड़ियावाला व आशीष गोयल, मुरलीधर बाजोरिया ने किया।

### मिनी मैराथन में दौड़ी महिलाएं

**कानपुर।** महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को ग्रीनपार्क से मिनी मैराथन दौड़ हुई। जिसमें महिलाओं, लड़कियों ने उत्साह से भाग लिया। मैराथन में एक लड़की बगैर जूता पहने नंगे पैर सरपट भागी। लोगों ने उसके साहस को जमकर सराहा। मिनी मैराथन के आयोजन आलोक कुमार ने बताया कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में यह दौड़ आयोजित की गई है। मैराथन दौड़ का मुख्य मकसद महिलाओं का सशक्तिकरण कर उनको आत्मनिर्भर बनाना है। महिलाओं व लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए ही इस मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ है। इस मैराथन में हर उम्र की लड़कियों व महिलाओं ने भाग लिया है। उन्होंने कहा कि समाज में पुरुषों के बराबर महिलाएं खड़ी हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। देश की प्रगति में महिलाएं व लड़कियां अहम भूमिका निभा रही हैं। मिनी मैराथन दौड़ ग्रीनपार्क से शुरू हुई। जो सिविल लाइन, हेडर्ड स्कूल होते हुए एमजी कालेज चौराहा से ग्रीनपार्क का पूरा चक्कर लगाकर वापस ग्रीनपार्क में समाप्त हुई। मिनी मैराथन दौड़ में लड़कियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। एक लड़की बगैर जूता पहने सरपद भागी।

### स्वास्थ्य शिविर में हुईं 700 से ज्यादा जांचें

**कानपुर।** हैलट पीजीआई में रविवार को पत्रकारों और उनके परिवारों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। चिकित्सकों ने 700 से अधिक मरीजों का उपचार किया। मेडिकल कालेज और प्रेस क्लब के तत्वावधान में रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरस बाजपेई, महामंत्री शैलेश अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित, पूर्व महामंत्री कुशाग्र पांडेय के प्रयास से जीएसवीएम मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला, डॉ. आरके सिंह के संरक्षण में पत्रकारों व उनके परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल कालेज के समस्त वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। इस दौरान 700 से ज्यादा पत्रकारों व उनके परिवार के लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। हैलट पीजीआई में हार्ट, लीवर, किडनी संबंधी जांचें सबसे ज्यादा हुई। वहीं आंखों की जांच, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं भी दी गई। दवाओं का भी वितरण किया गया। इस मौके पर कानपुर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष गौरव सारस्वत, मनोज यादव, मंत्री मोहित दुबे, शिवराज साहू, कोषाध्यक्ष सुनील साहू, कार्यकारणी सदस्यों में कौस्तुभ शंकर मिश्रा, गगन पाठक, मयंक मिश्रा, उत्सव शुक्ला, दिवस पांडेय, दीपक सिंह, अंकित शुक्ला, अमन चतुर्वेदी, विवेक पांडेय, रोहित निगम, मो. नौशाद आदि मौजूद रहे।

### बिटक्वाइन का झांसा देकर खाते से 49 हजार उड़ाए

**कानपुर।** बिटक्वाइन के झांसे में आकर साइबर ठगों ने आईटी कंपनी में कार्यरत महिला के खाते से 49 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़िता ने नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। सिग्नेचर ग्रींस निवासिनी स्वस्तिका मिश्रा आईटी कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि फेसबुक पर उन्होंने एक पोस्ट देखी जिसमें बिट क्वाइन के फायदे बताए गए थे। जानकारी के लिए उन्होंने पोस्ट करने वाले को मैसेज किया और बिट क्वाइन के बारे में जानकारी हासिल करनी चाही। आरोपी ने जानकारी देकर शुरुआत में पांच हजार रूपये निवेश करने की बात कही। झांसे में आकर उन्होंने एक हजार रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए। आरोपी ने उन्हें एक एप डाउनलोड कराया और दोबारा रुपयों की मांग की, जिस पर उन्होंने नंबर ब्लॉक कर दिया। कुछ देर बाद फोन के माध्यम से खाते से रुपये कटने की जानकारी दी गई। खाते की जांच कर पर पता चला कि कई बार में खाते से 49 हजार रुपये पार हो गए थे। पीड़िता ने साइबर सेल में शिकायत कर नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### दहेज की मांग पूरी न करने पर तीन तलाक, रिपोर्ट

**कानपुर।** दहेज की पांच लाख रुपये व बाइक की मांग पूरी न करने पर युवक ने पत्नी को मारपीट कर तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने बजरिया थाने में पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्नाव नबी नगर निवासिनी मो. साईद ने बेटी साहेबा फातिमा का विवाह कर्नलगंज निवासी मो. वकार से चार साल पहले किया था। साहेबा ने बताया कि ससुरालीजन शादी के बाद से बाइक व पांच लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहे थे। दहेज की मांग पूरी न करने पर आए दिन प्रताड़ित करने लगे। आरोप है ससुरालीजनों के उकसाने पर पति वकार ने गाली-गलौज कर मारपीट की। इस दौरान पति ने तलाक देने की धमकी दी। जिसकी शिकायत बीते 27 नवंबर को आईजीआरएस पर की थी। पुलिस के मध्यस्थता कराने पर पति मान गए थे। कुछ समय बाद पति दोबार मारपीट करने लगे और तीन तलाक देकर उसे भगा दिया। पीड़िता ने बजरिया थाने में पति समेत 10 ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### राष्ट्रीय पार्क में सुंदरीकरण का शिलान्यास

**कानपुर।** भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित के प्रयास से सी ब्लाक स्थित राष्ट्रीय पार्क का सुंदरीकरण, आसपास इंटरलाकिंग, लाइटिंग आदि के कार्यों का शिलान्यास किया गया। नवीन के मुताबिक करीब एक करोड़ के कार्य होंगे। फिलहाल तीस लाख के कार्य किए गए हैं। इस अवसर पर नीतू सिंह, रोहित शुक्ला, बालगोविंद अवस्थी, संतोष चंदेल, पप्पन गुप्ता, एसएन पांडे, सुरेंद्र पांडे, अरविंद शुक्ला, राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# राम को भक्ति से मिला शक्ति का समर्थन

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मर्चेंट चैंबर सभागार में राष्ट्रीय नाट्य समारोह के तीसरे दिन महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की प्रमुख काव्यकृति राम की शक्ति पूजा पर आधारित मंचन किया गया। निराला की 312 पंक्तियों की कविता का बेहतरीन नाट्य रूपांतरण करके अनुकृति रंगमंडल ने प्रभावशाली मंचन किया। कलाकारों ने शानदार अभिनय से माहौल राममय बना दिया।

नाटक में दिखाया गया कि राम-रावण युद्ध के दौरान एक दिन राम यह देखकर चिंतित होते हैं कि उनके अचूक बाण लक्ष्य भ्रष्ट हो रहे हैं। रावण की सेना उत्साहित है तो वहीं राम और उनकी सेना खिन्न है। ऐसे में उन्हें शक्ति पूजा की सलाह दी जाती है। राम 108 पुष्प अर्पित करके आराधना करते हैं। कठिन परीक्षा के बाद राम की भक्ति को शक्ति का आशीष मिलता है। वह राम में अंतर्ध्यान हो जाती हैं। यही शक्ति की मौलिक कल्पना का यर्थाथ है। असहाय अनुभव करने वाले राम शक्तिशाली होते हैं। पूजा के अंतिम चरण में शक्ति (माँ दुर्गा) राम की परीक्षा लेने के लिए अंतिम फूल चुरा लेती हैं। राम बहुत निराश हो जाते हैं लेकिन फिर वह विभीषण से कहते हैं कि उनकी माँ उन्हें कमल नयन कहा करती थीं। वह खोये हुए कमल के स्थान पर अपना एक नयन देवी को अर्पित कर देंगे। जैसे ही वह देवी को अपनी आँख चढ़ाने को होते हैं, शक्ति प्रकट होकर हाथ पकड़ लेती हैं। मां प्रसन्न हो राम को विजयी होने का आशीर्वाद देती और राम के शरीर में विलीन हो जाती हैं। नाटक में सूत्रधार संध्या सिंह और सुमित ने कथानक दर्शकों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। दीपिका सिंह (शक्ति/ मां दुर्गा), दीपक राज राही (राम), आकाश (लक्ष्मण), जिज्ञासा(सीता), सुरेश श्रीवास्तव ने (विभीषण) का पात्र निभाया।



नाटक में अभिनय करते कलाकार। अमृत विचार

**पंचलाइट में दिखाया गांव वालों को आईना**

समारोह की दूसरी प्रस्तुति में पिंक बर्ड सोशियो कल्चरल सोसाइटी और ड्रामेबाज समिति भोपाल ने नाटक पंचलेट का मंचन किया गया। मूल कहानी फणीश्वर नाथ रेणू की है जबकि नाट्य रूपांतरण सुनील राज ने किया। बुंदेली अनुवाद व सहायक निर्देशक आरती विश्वकर्मा, निर्देशन अनुप शर्मा का था। पंचलाइट को बुंदेली में पंचलेट कहा जाता है। पंचलाइट एक ऐसे गांव की कहानी कहता है जहां पिछड़े लोग एक चिमनी मे बैठ कर इंसाफ करते हैं। मन के अंधेरे के कारण वहां इन्साफ की कमी है, इसी बीच गांव मे एक नया लड़का गोधन आता है जो गांव की लड़की मुनरी को देखते ही उसे प्रेम कर बैठता है, गांव वाले उससे नाराज़ हो जाता है। गांव मे पंचलेट रेशनी में इंसाफ करने पर फैसला होता है। पंचायत के अहंकार के चलते गोधन को जात बंद कर देती है और पंचलेट खरीद लाती है पर पंचलेट गांव मे कोई भी जलाना नही जानता।

# शिवराजपुर नपं अध्यक्ष के पति और बहू पर रिपोर्ट

- **कोर्ट के आदेश पर कर्नलगंज थाने में दर्ज हुआ मुकदमा**
- **बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर व कर्मी पर भी हुई रिपोर्ट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शिवराजपुर नगर पंचायत की चेयरमैन के पति, उनकी बहू और हर्ष नगर की बैंक आफ इंडिया शाखा के मैनेजर व कर्मचारी समेत तीन के खिलाफ कर्नलगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, षडयंत्र रचने और धमकाने की धाराओं में कार्रवाई की गई है।

शारदा नगर निवासी प्रदीप कुमार कटियार ने बताया कि वह बिल्हौर तहसील के बहलोलपुर गांव में अपने भाई संदीप व संजीव के साथ भूमि में हिस्सेदार है। प्रदीप ने बताया कि शिवराजपुर बैरी निवासी कैलाश नारायण कटियार ने उनसे व उनके भाइयों से व्यापार करने व सीसी लिमिट बढ़वाने के लिये हर्ष नगर स्थित बैंक आफ इंडिया शाखा में उसकी जमीन के कागज लगवा दिए। आरोप लगाया कि कैलाश नारायण ने अपनी संपत्तियां अन्य जगह स्थानांतरित करके सीसी लिमिट को एनपीए करवा लिया।

इसके साथ ही उन्होंने अपनी फर्म का एक खाता होते हुए भी शिवराजपुर की बैंक आफ इंडिया शाखा में दूसरा खाता खोल लिया। इसके साथ ही कैलाश की बहू अर्चना भी इस षडयंत्र में शामिल रहीं।

पीड़ित ने कोर्ट की शरण लेकर आरोपियों के खिलाफ कर्नलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

**धर्म- अध्यात्म की गंगा** | करौली शंकर महादेव धाम से निकाली गई तपस यात्रा, नशा मुक्त- शोक और रोग मुक्त भारत का गूंजा नारा

# पूर्वजों की मुक्ति से सुखी होगा जीवन : करौली शंकर महादेव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करौली शंकर महादेव धाम करौली से अमावस्या पर तपस यात्रा निकाली गई। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए सरसैया घाट पर पहुंची। इसमें तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सरसैया घाट पर मां गंगा की आरती के साथी ही पूर्वज मुक्ति को हवन किया गया। भजन संध्या में श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे।

करौली शंकर महादेव ने कहा कि पूर्वजों की मुक्ति से ही आपका जीवन सुखमय होगा। यह उन सभी का सौभाग्य है कि जो आज यहां पूर्वज मुक्ति के लिए गंगा तट पर हवन किया। उन्होंने कहा कि घर के बुजुर्गों की सेवा जरूर करें। जो हमारे बीच नहीं हैं उनकी मुक्ति के लिए इससे अच्छा कोई और अवसर नहीं है। इस दौरान भजन संध्या में श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे। उन्होंने नशा मुक्त-शोक मुक्त व रोग मुक्त भारत का संदेश दिया। कहा कि संकल्प लें कि न खुद नशा करेंगे और न ही दूसरों को करने देंगे। करौली शंकर महादेव ने कहा कि नशा सिर्फ आपको बर्बाद नहीं करता है ये आपके पूरे परिवार को बर्बाद करता है। सरसैया घाट पर भक्तों ने गंगा में दीपदान किया। जब एक साथ हजारों दीप गंगा की लहरों पर आगे बढ़े तो ऐसा लगा मानों मां गंगा ने दीपों की झिलमिल चूनर ओढ़ ली हो। इस दौरान हर- हर गंगे, हर- हर महादेव और हरि- हर का उद्घोष होता रहा। तपस यात्रा में भारत को नशा मुक्त, रोग मुक्त, शोक मुक्त बनाने का नारा गूंजता रहा। शंकर सेना उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा ने बताया कि करौली शंकर महाराज को आरोप-प्रत्यारोप से कोई फर्क नहीं पड़ता।

आज तो कलयुग है, सतयुग और द्वापर में भी तमाम संतों पर आरोप-प्रत्यारोप लगे।




करौली शंकर महादेव के सानिध्य में निकाली गई तपस यात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार



तपस यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# बोरवेल पर सो रहे युवक पर कातिलाना हमला

## साढ़ के बारीगांव की घटना, बटाईदार ने पहुंचकर बाहर निकाला

संवाददाता, भीतरगांव


गले में रस्सी के निशान दिखाता मनीष।

- युवक को पीटने के बाद रस्सी से गला कसा, चारपाई से बांधकर भागे

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के बारीगांव में बोरवेल पर सो रहे युवक को गांव के ही दो लोगों ने गले में रस्सी से फांसी लगाकर हत्या का प्रयास किया। युवक के बेहोश हो जाने पर उसे मृत समझकर छोड़कर भाग गए। होश में आने के बाद युवक ने दोनों के खिलाफ साढ़ थाने में जानलेवा हमले की लिखित तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बारीगांव निवासी मनीष शुक्ला पुत्र सूर्यकांत ने बताया कि वह रोज की तरह शनिवार देररात भोजन करने के बाद अपने खेतों पर लगे बोरवेल पर जाकर सो गए। इधर देररात गांव के ही अनुज मिश्र, जीतू यादव बोरवेल पर आए। उसका नाम लेकर आवाज देते हुए कहा शराब पीना है। इस पर जवाब दिया कि बाहर तख्त पड़ा है, वहीं बैठकर पी लो। इतना कहते ही गालियां देने लगे। इस पर बोरवेल का दरवाजा खोलकर गालीगलौज न करने को कहा। कहासुनी होने पर दोनों को खेत से जाने के लिए कहा। इस पर गुस्साएं दोनों लोगों ने उसे चारपाई पर गिरा दिया और गले में रस्सी कसकर जान से मारना चाहा। उसे चारपाई से बांध दिया और पीटने लगे। वह काफी देर चिल्लाता रहा। जब आवाज निकलना बंद हो गई तो मरा समझकर छोड़कर भाग गए। सुबह लगभग तीन बजे जब होश आया तो अपने बटाईदार को फोन करके पूरी घटना बताई।

बटाईदार ने पहुंचकर बोरवेल का दरवाजा खोला और उसे बाहर निकाला। जिसके बाद साढ़ थाने जाकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। दोनों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी व तहरीर मिली है। जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

# गृहस्वामी को कमरे में बंद कर माल समेट ले गए चोर

संवाददाता, बिधनू


चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान।


- पड़ोसी की छत से घर में घुसे चोर, 40 हजार रुपये व पांच लाख का जेवर पार किया

**अमृत विचार।** मझावन चौकी क्षेत्र के तक्सीमपुर में शनिवार रात चोरों ने फर्नीचर कारोबारी के घर को निशाना बनाया। चोर पड़ोसी की छत के रास्ते से घर में घुसे। दो कमरों का ताला तोड़कर अलमारी, बक्सों में रखे 40 हजार रुपये समेत पांच लाख के जेवर चोरी कर ले गए।

हुआ यह तक्सीमपुर निवासी फर्नीचर कारोबारी राजकुमार राजपूत शनिवार रात पत्नी ललिता, बेटी तनिष्ठा व बेटा वीरप्रताप के साथ आगे वाले कमरे में सोए थे। देररात चोर पड़ोसी बृजभान की छत से उनके घर में प्रवेश हुए। जीने के दरवाजे की कुंडी तोड़कर चोर कमरों में पहुंचे। चोरों ने पीछे के दोनों कमरों के ताले तोड़कर अलमारी और बक्से में रखे 40 हजार रुपये समेत पांच लाख के जेवर पार कर लिए। आंगन में खटपट की आवाज सुनकर आगे कमरे में सो रहे परिजनों की नींद खुली। राजकुमार ने आंगन की ओर जाने के लिए दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो कुंडी बाहर से बंद थी। जिसपर वह शोर मचाने लगे। इधर चोर छत के रस्ते से होकर पीछे खेत में कूदकर भाग निकले। थाना प्रभारी प्रेम चंद कनौजिया ने बताया कि तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

# एसडीएम ने बूथों पर निर्वाचन सूची देखी, दिए निर्देश

**घाटमपुर।** 18 साल या उससे अधिक उम्र के लोग अभी भी वोटर लिस्ट में नाम बढ़वा सकते हैं। घाटमपुर एसडीएम यादुवेंद्र सिंह ने रविवार को घाटमपुर के प्रमुख बूथों का निरीक्षण कर यह बात कही। उन्होंने लोगों को एकत्रकर वोटर लिस्ट भी पढ़कर सुनाई। लोगों से अपील



किया कि जिसके नाम वोटर लिस्ट में अभी नहीं है। उनके पास अभी भी समय है। वह अपने बीएलओ के पास जाकर अपना वोट बढ़ावा लें। मतदाता सूची का एक बार फिर से प्रसारण हुआ है। नौ व दस मार्च को सूची का प्रसारण होना था। उन्होंने रविवार सुबह घाटमपुर नगर के बूथों गांधी विद्यापीठ इंटर कालेज, सिहारी स्कूल, जनता इंटर कालेज में जाकर मतदाता सूची देखी। लोगों से संवाद करते हुए बताया कि आपके पास समय है, अभी अपने वोट बढ़ावा सकते हैं।

## सार-संक्षेप


पाठकपुर गांव में दुखी परिजनों संग बैठे शिव कुमार बेरिया। अमृत विचार

### गांव पहुंचकर सपा नेता ने जताई शोक संवेदना

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के पाठकपुर गांव निवासी सपा नेता नीशू यादव की मां का गुरुवार को निधन हो गया था। सूचना पर सपा के वरिष्ठ नेता शिव कुमार बेरिया रविवार को पीड़ित परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने दुखी परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर शैलेंद्र यादव, रमेश फौजी, संतोष सविता, बाबू वर्मा, अरुण सभासद, संदीप तिवारी, दुर्गेश मौर्य, सुरेंद्र यादव, सोनू वर्मा, प्रभाकर तिवारी, अमित पाठक, संजीव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



आरसीसी रोड का लोकार्पण करतीं विधायक, साथ में मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

### विधायक ने आरसीसी सड़क का किया लोकार्पण

**घाटमपुर।** पतारा विकासखंड के बमुराहा में विधायक सरोज कुरील ने 200 मीटर आरसीसी रोड का रविवार को लोकार्पण किया। सड़क की अनुमानित लागत 15 लाख 20 हजार रुपये है। वहीं जहांगीराबाद पतारा विकासखंड मेन रोड से शिवकुमार के घर से धर्मेंद्र पांडेय के घर तक इंटरलॉकिंग रोड, नाली निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 19 लाख 54 हजार रुपये और पहेवा विकास खंड पतारा मेन रोड से गुसाई बाबा मंदिर तक रोड की अनुमानित लागत 20 लाख 90 हजार रुपये है। विधायक ने इस रोड का शिलान्यास किया है। इस मौके पर रामलाल शुक्ला, अशोक सिंह, हरिलाल पाल, सुजीत सिंह, कृष्ण शुक्ला प्रधान बमुरहा, टुनटुन पांडेय, कमला कुरील, रामदेवी, गोपाल कुरील, छोटे पांडेय, चंद्रभान मिश्रा, विमल मिश्रा, किन्नर मिश्रा, दुर्गा आदि मौजूद रहे।

### मोदी की गारंटी वैन ने विकास कार्यों की जानकारी दी

**घाटमपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोदी की गारंटी अभियान एलईडी वैन विधानसभा घाटमपुर में घूमी। रविवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को वैन के माध्यम से बताया गया। इस मौके पर अभियान प्रमुख शोभित सिंह, राजेश सिंह, अमित सोनी, विक्रम गोस्वामी, अतुल सिंह, हरिओम रहे।


भाजपा की एलईडी वैन देखते लोग।

# शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार मिलना जरूरी


वार्षिकोत्सव में बोलते विधायक राहुल बच्चा सोनकर। अमृत विचार



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** गबड़हा गांव स्थित श्रद्धा शिक्षा निकेतन का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों में संस्कार जरूरी है। इसके बाद विधायक ने विभिन्न प्रतियोगिता में अव्वल रहे बच्चों को सम्मानित किया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने लोगों का मनमोह लिया।

मुख्य अतिथि विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने फीता काटकर वार्षिकोत्सव को आगे बढ़ाया। स्कूल के बच्चों ने एक के एक धमाकेदार प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मौजूद शिक्षकों, अभिभावकों को मनमोह लिया। इसके बाद विधायक ने कहा कि मौजूदा समय में संस्कार के अभाव में शिक्षित बच्चे भी अपनी राह से भटक रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि अच्छी शिक्षा के साथ बच्चों को अच्छे संस्कार भी दें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क के लिए स्वस्थ शरीर भी जरूरी है। जिसके लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आवश्यक हैं। इसके बाद उन्होंने प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। वहीं विद्यालय प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार दीक्षित, विद्यालय की प्रधानाचार्य शालिनी कटियार, अरुण कुमार, दीपक सिंह राठौर व ग्राम प्रधान घसीटे कठेरिया रहे।

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मेधावियों का सम्मान

संवाददाता, भीतरगांव

**अमृत विचार।** सीपीसीके इंटर कालेज कुंदौली का वार्षिकउत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर सभी का मनमोह लिया। वहीं विधायक अभिजीत सिंह सांगा, कालेज के प्रबंधक सुधीर सिंह परिहार ने विद्यालय के मेधावियों को पुरस्कृत किया।

साढ़ क्षेत्र के कुंदौली गांव में स्थित उमरी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आरके सचान की देखरेख में सीपीसीके इंटर कालेज संचालित होता है। विद्यालय में आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में टॉप करने वाले 33 छात्रों को रविवार को पुरस्कृत किया गाय। छात्र कौशल कुमार ने इस परीक्षा में आठवां स्थान प्राप्तकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं उच्च शिक्षा के लिए परीक्षा पास करने पर कौशल को आरके सचान व विधायक ने सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षैत्र में उच्च शिक्षा की प्रवेश परीक्षा पास करने पर छात्र की गुणवत्ता दर्शाती है। आज के समय में ग्रामीण क्षेत्र में उमरी जैसे प्रतिष्ठित विद्यालय ने अपनी मेहनत से डंका बजा दिया है। बच्चों को खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उत्साह मिलता है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सूरज पांडेय ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सभी का आभार जताया।

## एक नजर

### गांजा सहित शातिर को दबोचा गया

**बिल्हौर।** कन्नौज के तिर्वा भवनियापुर गांव निवासी नरेंद्र यादव पुत्र बालकिशन एक किलो 100 ग्राम गांजा लेकर बिल्हौर थाना क्षेत्र के देवहा मोड़ मकनपुर के पास खड़ा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

### शिविर में लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**रूरा।** कस्बा के पाथा मंदिर में रविवार को नि:शुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. सुरजीत सिंह आहूजा व डॉ. प्रीति आहूजा ने आए हुए सैकड़ों मरीजों को परामर्श देने के साथ ही शुगर, बीपी, खून की जांच निशुल्क कराई। शिविर में कुंज बिहारी शुक्ला, विनीत शुक्ला, चंद्र कुमार शुक्ला, मयंक कुशवाहा, अंकित मिश्रा, आकाश त्रिपाठी, राजेंद्र सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

### घर के बाहर खेल रही बालिका लापता

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अंबरपुर गांव निवासी अरुण पाल की आठ वर्षीय बेटी आन्या पाल घर से बाहर खेलने गई थी। जब पिता अरुण उसे खाने के लिए बुलाने गए तो वह नहीं मिली।


हाईवे जाम के दौरान मौके पर पहुंचा पुलिस बल। अमृत विचार



जाम के दौरान लोगों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

# हाईवे पर अंडरपास के लिए लगाया जाम

संवाददाता, बिठूर

- गांवों के सामने अंडरपास न निकालने से नाराज हुए ग्रामीण
- लोकसभा चुनाव में वोट न डालने की धमकी दी

**अमृत विचार।** आईआईटी से अलीगढ़ तक जीटी रोड के चौड़ीकरण का काम पूरा होने वाला है, लेकिन बिठूर क्षेत्र में कुछ गांवों के लिए निकास न होने की वजह से ग्रामीण आक्रोषित है। इसी कारण रविवार को महिलाओं, बच्चों सहित बुजुर्गों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर बैनर लगाकर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस को जाम खुलवाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

बिठूर थाना क्षेत्र के नारामऊ के पास हाईवे पर सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चों व बुजुर्गों ने जाम लगाकर गांव के सामने अंडरपास की मांग की और जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है की अगर हाईवे के नीचे से अंडरपास नहीं दिया गया तो आने वाले लोकसभा चुनाव मतदान का बहिष्कार करेंगे। लोगों का यह भी कहना है कि हाईवे पर नारामऊ और होरा कछार जाने के लिए कोई रास्ता नहीं दिया गया है। जिससे ग्रामीण मजबूर होकर डिवाइडर पार करके गांव तक पहुंच रहे हैं। कई ग्रामीण हादसे का शिकार हो चुके है। ग्रामीणों का आरोप है कि हाईवे निर्माण कार्य कर रही संस्था पीएनसी ने अपनी मनमानी के चलते दोनों गांवों के बीच अंडरपास नहीं दिया है।

स्थानीय लोगों का कहना है अगर अंडरपास नहीं दिया जाएगा तो लोग इधर से उधर कैसे आ-जा सकेंगे। ग्रामीणों ने हाईवे निर्माण के दौरान से लेकर आजतक अनेकों बार अंडरपास की मांग की है। मगर सुनवाई नहीं हो रही है। लोकसभा के चुनाव में नारामऊ और होरा कछार की जनता को मतदान केंद्र तक जाने के लिए रास्ता चाहिए। पहले अंडरपास बनें, ताकि लोग बूथों पर जाकर मतदान कर सकें। इस बारे में बिठूर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने किसी भी प्रकार का उग्र प्रदर्शन नहीं किया है। बातचीत में लोग मान गए और कुछ ही देर में सभी लोग अपने काम पर चले गए। उनकी बात अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी।

# घर में घुसकर अकेली महिला को दबोचा

**बिल्हौर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार शाम शराब के नशे में युवक ने घर घुसकर अकेली महिला को बदनीयती से दबोच लिया। युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध पर मारपीट की। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि वह शनिवार को अपने जेठ के घर पर थी। आरोप है कि देर शाम चंद्रपुरा गांव का एक युवक ने शराब के नशे में घर में घुस आया और अकेला पाकर उसके साथ अश्लीलता करने लगा। कपड़े भी फाड़ दिए। शोर मचाने पर पहुंचे परिजनों को आता देख वह धक्का देकर भाग निकला। इसके बाद आरोपित व उसके भाईयों ने परिजनों के साथ मारपीट कर पुलिस से शिकायत न करने की धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया है।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception,
RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

कार्यालय ग्राम पंचायत बाचीपुर, वि0 ख0 शिवराजपुर कानपुर नगर

पत्रांक /पं0 रा0वि0आ0/पन्दह्र वॉ वि0/मनरेगा /निविदा 2023–24 दिनांक 11/03/2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बाचीपुर विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोग एव पन्द्रहवॉ वित्त आयोग व मनरेगा योजनार्न्तगत वित्तीय वर्ष 2023–24 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु निविदाएं दिनांक 14/03/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 14/03/2024 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12/03/2024 से दिनांक 13/03/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू0 में | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इन्सपेक्टर के घर से तालाब तक नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 3.99 | 00 | 15 दिन |
| 2 | शिवली सकरवॉ मार्ग से राजेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 4.96 | 00 | 15 दिन |
| 3 | जगलेश्वर धाम से रामदरबार के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 4.50 | 00 | 15 दिन |
| 4 | लड्डूनाथ के घर से अंगानाथ के घर तक नाली निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 3.40 | 00 | 15 दिन |

नियम व शर्ते :–
1–उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कार्य कराये जायेगें ।
2–निविदाकर्ता कार्यालय दिवस मे सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 13/03/2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।
3– निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
4– दिनांक 14/03/2024 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस मे यह कार्य सम्पन्न होगा।
5– निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।
6– बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– बाचीपुर
शिवराजपुर कानपुर नगर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत– बाचीपुर
शिवराजपुर कानपुर नगर

वार्षिकोत्सव

देशभक्ति गीतों, नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति पर लूटी वाहवाही

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोह लिया सबका मन

संवाददाता, घाटमपुर


वार्षिकोत्सव में नृत्य करतीं छात्राएं। अमृत विचार



वार्षिकोत्सव में देशभक्ति के गीत पर प्रदर्शन करते छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परास गांव स्थित जेपी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, विज्ञान प्रतियोगिता, झांकियां सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों व शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहीं विधायक सरोज कुरील का विद्यालय प्रबंध समिति व शिक्षकों ने स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि स्कूलों में ऐसे कार्यक्रमों से विद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा उभर कर सामने आती है। स्कूलों व विद्यालयों में ऐसे वार्षिक उत्सव होने बहुत जरूरी हैं। वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों के आयोजन से अभिभावक और शिक्षकों के बीच भाईचारा भी बना रहता है। इस दौरान प्रतिभाशाली छात्रों को विधायक सरोज कुरील ने पुरस्कृत भी किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य वैशाली सचान ने आए अतिथियों, अभिभावकों का आभार जताया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी, ब्रजनंदन, कुमार गौरव, नरेंद्र तिवारी, प्रवीन मिश्रा, विद्यालय के प्रबंधक दुष्यंत तिवारी, गजेंद्र अवस्थी, संदीप तिवारी, अभिनव अवस्थी, आशुतोष शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, दुर्गा प्रसाद तिवारी, संदीप शुक्ला रहे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे के मिट्टी ठेकेदार की हत्या, शव को नहर में फेंका

## शनिवार से लापता था, मोबाइल फोन भी था बंद, विषैला पदार्थ देकर हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे की कार्यदाई संस्था को मिट्टी आपूर्ति करने वाले ठेकेदार का शव संदिग्ध हालात में दही थानाक्षेत्र के गौरा गांव के पास शारदा नहर में पड़ा मिला। पुल के नीचे शव देख वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव बाहर निकलवाया। मौके पर पहुंचे साले ने शव की पहचान की। जानकारी पर सीओ व फोरेंसिक टीम ने जांच की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वह शनिवार दोपहर 12 बजे से लापता था। उसका मोबाइल फोन भी स्विच आफ था। पैनल से हुए पोस्टमार्टम में सिर और हाथ में हल्की चोटें मिली हैं। लेकिन उससे मौत न होने की बात सामने आई है। इस पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। खुलासे के लिए पुलिस की टीम लगी है। लोग व्यवसायिक रंजिश को लेकर हत्या किए जाने की आशंका जता रहे हैं।


शिव मिलन सिंह।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

शिव मिलन सिंह (52) प्रयागराज जिले के हंडिया के मूल निवासी थे। लंबे समय से एनएचएआई की बनने वाली सड़कों में लगी कार्यदाई संस्था को मिट्टी आपूर्ति का कार्य कर रहे थे। इस समय वह परिवार के साथ लखनऊ के सरोजनी नगर क्षेत्र के कृष्णलोक अपार्टमेंट में रहकर दो वर्ष से जिले में गंगा एक्सप्रेस-वे की कार्यदायी संस्था पटेल कांट्रेक्टर कंपनी को मिट्टी सप्लाई करते थे। काम के सिलसिले में वे दही थानांतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे स्थित एक हाउस में किराए में कमरा लेकर रुकते थे।

छोटे भाई जय मिलन ने बताया कि भाई का फोन शनिवार से स्विच आफ था। देररात तक उनकी कोई जानकारी नहीं मिलने पर सभी तलाश कर रहे थे। दही थानांतर्गत रविवार सुबह ग्रामीणों में गौरा गांव स्थित शारदा नहर में पुल के पास एक व्यक्ति को पड़ा देख सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवाया। उसके साले दिनेश ने मौके पर पहुंचकर उसकी शिनाख्त की। चेहरे व हाथ में चोट के निशान देख परिजनों ने हत्या का शक जताया। इस पर सीओ सोनम सिंह व फोरेंसिक टीम पहुंची। शव का डाक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम हुआ। जिसमें उसके शरीर पर मामूली चोटें मिली हैं। लेकिन उससे मौत नहीं हुई।

सूत्र बताते हैं कि पोस्टमार्टम के दौरान विषैला पदार्थ देकर हत्या किए जाने की आशंका को देखते हुए बिसरा सुरक्षित किया गया है। मामले के खुलासे के लिए मृतक के पास मिले फोन को पुलिस ने कब्जे में लिया है। जिसकी सीडीआर निकलवाकर मामले की तह तक पहुंचने के लिए पुलिस की टीम जुटी है। लोगों में व्यवसायिक रंजिश को लेकर हत्या की चर्चा रही। ठेकेदार की मौत से उसकी पत्नी सुषमा व बेटी रूबी बिलखती रही। उसका एक बेटा सिद्धार्थ आस्ट्रेलिया में है। पिता की मौत की सूचना पर वह घर लौट रहा है। वहीं बेटे की मौत पर मां प्रमिला, भाई जय विमल व श्याम मिलन बेहाल रहे।

### कुछ दिन पूर्व हुआ था विवाद, भाई को लगी थी चोट

**उन्नाव।** शिव मिलन के साथ उनका भाई जय मिलन और साला दिनेश भी काम देखते है। बताते हैं कि कुछ माह पूर्व लेबरों का डंपर चालकों से विवाद हुआ था। इस पर बीच-बचाव के दौरान भाई जय मिलन के पैर में चोट आई थी और फ्रैक्चर भी हुआ था। वही दिवंगत ठेकेदार का काफी भुगतान भी कंपनी में फंसा होने की चर्चा रही। इसको लेकर ठेकेदार का विवाद भी हो चुका है। जिसमें दोनों पक्ष थाने पहुंचे थे।

## पुलिस ने खत्म कराए 24 परिवारों के विवाद साथ रहने को राजी

**उन्नाव।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रिजर्व पुलिस लाइन व जिले विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। जहां परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसिलिंग करते हुए विवाद खत्म कराए। 24 जोड़ों को साथ रहने के वादे के साथ विदा किया।

रविवार को परिवार परामर्श केंद्र से 7, महिला थाना से 6, थाना मौरावां व बेहटा मुजावर से 3-3, बांगरमऊ से 2, थाना बिहार, अजगैन व रिपोर्टिंग पुलिस चौकी महिला थाना बीघापुर से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस कार्य में डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, डा. एसके पांडेय, तबस्सुम नफीस, अबसार अली व डा. सगीर अहमद के अलावा सहयोगियों में शिवेंद्र सिंह और पुलिस टीम से प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र संतोष कुमारी सिंह, एसओ महिला थाना अर्चना, महिला हेड कान्सटेबल मिथिलेश कुमारी, कमलेश कुमारी, महिला सिपाही अंजूला त्रिपाठी, अंशू रानी, पूनम राजपूत, पूजा, सेविका, ज्योती, श्वेता, पारुल, श्वेता परमार, पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह का विशेष योगदान रहा।

# सद्भावना के साथ मनाएं माहे रमजान

संवाददाता सफीपुर उन्नाव


मौलाना हशमत उल्ला।



मौलाना इफ्तेखार हुसैन रिजवी।

**अमृत विचार।** शाबान महीने के अंतिम जुमे व माहे रमजान का स्वागत करते हुए नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा के पेश इमाम मौलाना इफ़्तेख़ार हुसैन रिजवी व हजरत मखदूम शाह मस्जिद के पेश इमाम मौलाना हशमत उल्ला ने कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना आ रहा है। इसमें मुसलमान रोज़ा रखने के साथ अनेक अच्छे कार्य को अंजाम देता है। इस माह में एक नेकी के बदले हजार नेकियां लिखी जाती हैं, इसलिए हर मुसलमान भूखों को खाना खिलाता है और राहे खुदा में खर्च करता है। रोज़ा रखना इस बात का एहसास दिलाता है कि जिनके पास खाने को कुछ नहीं है उनका एहसास कैसा होता है। कहा कि रमजान पर अपनी जुबान, आंख व कान पर अनुशासन बनाये रखें और अनुशानहीनता न करें।

रमजान माह का स्वागत करते हुए पेश इमामों ने कहा कि रोज़ा सिर्फ भूख और प्यास को नहीं कहते हैं बल्कि पूरे शरीर का रोज़ा होता है। यानी आंख से, जुबान से, हाथ से व कान से भी कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे अल्लाह नाराज़ हो। यह वो महीना है। जिसमें पूरी दुनिया के मुसलमान पाक-साफ होकर मस्जिदों में अल्लाह की इबादत करते हैं। जिससे पूरा माहौल मज़हबी और धार्मिक बन जाता है। पूरी दुनिया में हर तरफ इबादत, शांति, सद्भावना और पाक मन से रोजा रखने में लोग खुद को मजहबी बना लेते हैं। मैं आपसे यह आग्रह करता हूं कि सिर्फ रमजान ही नहीं, बल्कि साल के और भी 11 महीने हम खुद को इसी तरह से मजहबी बुनियादों पर खड़ा रखें तो कितना अच्छा होगा। हमें चाहिए कि हम सब रमजान की तरह हमेशा खुद की इबादत में सिर को झुकाए रखें।

### मस्जिदों में हुई साफ-सफाई

**शुक्लागंज उन्नाव।** रमजान माह को देखते हुये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं मस्जिदों में भी साफ सफाई कराई जा रही है। रविवार को नगर के अधिकांश मस्जिदों में साफ सफाई और रंगरोगन का कार्य कराया गया। इसके साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने घरों में भी साफ सफाई की। एक माह तक चलने वाले रमजान माह को देखते हुये रविवार को रहमत नगर एक मीनारी मस्जिद, जामा मस्जिद सब्जी मंडी, सुन्नी मरकाजी बड़ी मस्जिद अहमद नगर, बड़ी मस्जिद गोताखोर, नूरी बकाई मस्जिद गोताखोर, शाही मस्जिद हुसैन नगर, गौसिया मस्जिद गंगा नगर, नूरी मस्जिद पानी की टंकी गंगा नगर, रजा मस्जिद अहमद नगर, हसन मस्जिद छह खंभा कंचन नगर, मस्जिद मोहम्मदी इस्लाम नगर, मदीना मस्जिद टाट वाली अहमद नगर, मस्जिद गुलशने तेवा गंगा नगर, गौसिया मस्जिद मनोहर नगर, मदनी मस्जिद हुसैन नगर, बिलाल मस्जिद आलम नगर, वारसी मस्जिद आलम नगर, गरीब नवाज मस्जिद मदनी नगर में साफ सफाई कराई गई। इसके साथ ही अधिकांश मंदिरों में रंग रोगन का भी कार्य कराया गया। जामा मस्जिद के मौलाना नौशाद ने बताया कि मंगलवार को रमजान माह शुरू हो रहा है। रात के समय शहरी के बाद लोग रोजा रखेंगे और शाम को इफ्तार के समय रोजा खोला जायेगा।


जामा मस्जिद में होता रंगरोगन।

## 13 बूथों पर नदारद मिले बीएलओ

**पुरवा।** विधानसभा क्षेत्र में कुल 446 बूथ हैं। रविवार को बूथों पर वोटर लिस्ट में मतदाताओं का मिलान कराया गया। एसडीएम रनवीर सिंह ने रविवार को क्षेत्र के कटरा व चमियानी पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बीएलओ से वोटर लिस्ट मिलान के संबंद्ध में जानकारी ली। जिस पर वोटरों से मिलान कराए जाने की बात बताई गई।

एसडीएम ने वोटरों से वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक करने व जिस क्रमांक पर नाम हो वह देख लेने को कहा। एसडीएम रनवीर सिंह ने बताया कि वोटर लिस्ट में वोटर के नामों का मिलान चल रहा है। जिससे वोट डालते समय वोटर को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान 13 बूथों पर बीएलओ अनुस्पथित मिले हैं।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, छह घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर दो बाईकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अचलगंज थानांतर्गत कोरारी कलां गांव के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से दिव्यांग गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां से उसे कानपुर के एलएलआर अस्पताल रेफर किया गया। जहां उसमे दम तोड़ दिया।

**केस 01** **नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज कस्बा निवासी सुमित (35) पुत्र दिनेश तिवारी शनिवार शाम किसी काम से नवाबगंज बाईपास गया था। लौटते समय कस्बे में ही सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक चालक मौके से भाग निकला। घायल को नवाबगंज सीएचसी लाया गया। सिर पर आई गंभीर चोटों के कारण डाक्टर ने उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। दिवंगत युवक नवाबगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष का भतीजा था। उसकी मौत की सूचना पर व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई और बाजार बंद हो गया।


सुमित।


अवधेश।

- अजगैन कोतवाली क्षेत्र में बाइकों की टक्कर में युवक की गई जान
- अचलगंज में हाईवे पार करते समय डंपर की टक्कर से दिव्यांग की मौत
- अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए अन्य सड़क हादसों में छह घायल

**केस 02** **उन्नाव।** अचलगंज थाना के अन्तर्गत भैंसई नौबस्ता गांव निवासी अवधेश शुक्ला (40) पुत्र राम कुमार का 20 साल पहले सड़क हादसे में घायल होने पर दाहिना पैर काटना पड़ा था। इसके बाद उसे क्रतिम पैर लगाया गया था। वह थानाक्षेत्र के ही लोहचा मोड़ पर रजाई गद्दे की दुकान किए था। रविवार दोपहर वह किसी काम से उन्नाव जा रहा था। क्षेत्र के कोरारी कलां गांव स्थित कोल्ड स्टोरेज के पास बाइक खड़ी कर उन्नाव-लालगंज हाईवे पैदल पार कर लघु शंका को जा रहा था। तभी पीछे से आए मिट्टी लदे डंपर ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। उसका बायां पैर पहिए के नीचे आकर कुचल गया। राहगीरों को आता देख चालक डंपर छोड़कर भाग गया। वहां से निकले एक राहगीर ने उसे पहचाना और परिजनों को सूचना देने के साथ उसे एंबुलेंस जिला अस्पताल लाए। जहां से उसे कानपुर के एलएलआर अस्पताल रेफर किया गया। जहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की सूचना पर घरवालों में कोहराम मच गया। वह दो भाईयों में छोटा था। उसकी मौत से मां शकुंतला, पत्नी सरिता व बेटी सोना (4) रो-रोकर बेहाल हैं। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि हड़हा गांव निवासी सीताशरण मिश्र ने घटना की सूचना दी थी। डंपर को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है। तहरीर के मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**केस 03** **नवाबगंज।** दामाद के साथ बेटी के घर जा रही कानपुर के नवाबगंज निवासी रहीसा (40) पत्नी सराफत दही लखनऊ-कानपुर हाईवे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गई। उसे सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया गया। वहीं अन्य हादसों में बाइक सवार राजेंद्र (45) आलम खेड़ा औरास, प्रशांत (27) व दिनेश (30) निवासी कल्याणपुर कानपुर घायल हो गए। वहीं हाईवे पर ही विकास (20) पुत्र राजेश व शिव (19) पुत्र सुशील निवासी भौली अजगैन को भी हादसे में चोटें आने पर सीएचसी में भर्ती कराया गया। डाक्टर ने प्रशांत व दिनेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### सड़क पर गड्ढा बना हादसों का सबब, मरम्मत की मांग

**बांगरमऊ उन्नाव।** बीते दिनों हुई तेज बारिश से क्षेत्र के गांव माढ़ापुर-दौलतपुर मार्ग किनारे गहरा गड्ढा हो गया है। जिससे चौपहिया वाहनों के आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि गड्ढे को जल्द नहीं भरवाया गया तो इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो सकता है। माढ़ापुर-दौलतपुर प्रमुख संपर्क मार्ग से खजुरिया, नया खेड़ा, मुड़ेरा, सकरौली, नैनसुख खेड़ा व अलेलखेड़ा सहित करीब डेढ़ दर्जन गावों के छात्र-छात्राएं स्कूली बसों व टेंपो-टैक्सी आदि से बांगरमऊ स्थित निजी व सरकारी विद्यालयों में पढ़ने जाते हैं। इसके अलावा तमाम व्यापारियों द्वारा गांव दौलतपुर की प्रमुख बाजार से किसानों की कृषि उपज खरीदकर ट्रैक्टर ट्रालियों से इसी मार्ग से होकर बाहरी मंडियों में ले जाया जाता है। बीते दिनों हुई तेज बारिश से दौलतपुर मार्ग स्थित गांव मुड़ेरा के पास करीब 8 फिट गहरा और 10 फिट चौड़ा गड्ढा हो गया है। जिससे इसमें कभी भी वाहनों के पलटने से अनहोनी की आशंका बनी हुई है। हालात यह हैं कि वाहन चालक स्कूली बच्चों को नीचे उतारने के बाद वाहन को निकालने को मजबूर हैं। मार्ग से संबद्ध गावों के निवासी नरेश द्विवेदी, होरीलाल, रामआसरे, राम सजीवन यादव, राकेश, शिवकुमार कोटेदार, राम खेलावन पाल, रामू कुशवाहा व शिवम द्विवेदी आदि ने जिला प्रशासन से मार्ग पर आवागमन बहाली के लिये मार्ग की मरम्मत करवाने की मांग की है।


आलोक पर्व पुस्तक का लोकार्पण करते शिक्षक विधायक व अन्य। अमृत विचार

### आलोक पर्व पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**उन्नाव।** जिले के प्रमुख क्रांति धर्मा कवि स्व. धर्मेंद्र आलोक की रचनाओं के संकलन आलोक पर्व का राजकीय पुस्तकालय में शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने लोकार्पण किया। सभागार में जिले और नगर के साहित्यकार व प्रबुद्धजनों की मौजूदगी में कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. ओपी दीक्षित ने आलोक पर्व के प्रकाशन को जिले के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि आलोक का सृजन क्रांति और प्रेम सौंदर्य का श्रेष्ठ प्रतिमान है। इसके अलावा कमलेश नाथ अवस्थी, महेश चंद्र विधू, डा. सुरेंद्र मिश्र, सुशील मिश्र, दिनेश प्रियमन, अरुण दीक्षित, श्रीराम सिंह, केके मिश्र, आयोजक महेंद्र नाथ त्रिपाठी, योगेंद्र तिवारी आदि ने आलोक जी की जयंती पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत आलोक जी की बेटियों ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पुस्तकालय प्रभारी कीर्ती दिक्षित व शिखा मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। संचालन डा. राम नरेश ने किया।

### डीजीपी के निर्देश पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना पुलिस ने पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर एक दहेज पीड़िता की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव पखरापुर निवासी छत्रपाल हंस की बेटी दिव्या ने पुलिस महानिदेशक को शिकायती पत्र देकर कहा था कि बीती 21 अप्रैल-2019 को उसकी शादी अरुण पुत्र गंगाराम निवासी गांव गौरिया कलां थाना बेहटा मुजावर से हुई थी। शादी के बाद से उसका पति व अन्य ससुरालीजन दहेज में 25 लाख रुपए लाने की मांग करने लगे। विरोध करने पर ससुरालियों द्वारा उससे गालीगलौज कर मारपीट की गई और मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता ने पति अरुण सहित सास, ससुर, देवर व ननद के विरुद्ध तहरीर संबंधित थाने में दी थी। किंतु पुलिस ने कार्यवाही न कर उसे चलता कर दिया था। इसके बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस महानिदेशक से की थी। इसके बाद बेहटा पुलिस ने रविवार को ससुरालियों के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


कलश यात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई सात दिवसीय भागवत कथा

**पुरवा।** विकासखंड क्षेत्र के डेला में सात दिवसीय भागवत कथा के पहले दिन कलश यात्रा बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करके गाजे बाजे के साथ निकली। यात्रा गांव में शिव व दुर्गा मंदिर के साथ गांव में घूमी। फिर भागवत कथा स्थल पर यात्रा का समापन हुआ। जहां कथा कहने अमेरिका से आए आचार्य पं. वीरेंद्र कुमार मिश्र ने भक्तों को कथा का श्रवण कराया। इससे पूर्व कलश यात्रा में अभय शर्मा, शैलेंद्र, सतेंद्र, बब्बू, विनोद, विकास, अनुसुइया, सुमनलता, सारिक मिश्र समेत करीब 150 महिलाएं व पुरुष शामिल थे। आर्चाय पं. वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि उनकी मातृभूमि होने के चलते वह गांव में कथा कहने अमेरिका से आए हैं।

# फांसी पर लटके मिले दो युवकों के शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- किराए पर कमरा लेकर मजदूरी करते थे युवक

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पूरन नगर मोहल्ला निवासी युवक का रविवार सुबह संदिग्ध हालत मं। फंदे से शव लटका मिला। वहीं, इसी कोतवाली क्षेत्र के नयाखेड़ा निवासी युवक का शव भी फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



हरदोई जिला के थाना कछौना अंतर्गत आंट सांट गांव निवासी हरिनाम (40) पुत्र मनसुख शहर के पूरन नगर मोहल्ला में किराए का कमरा लेकर रहता था और मजदूरी करता था। रविवार सुबह किसी काम से मकान मालिक उसके कमरे में पहुंचा तो उसका फंदे से लटका शव देख उनके होश उड़ गए।

मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी। मौत की सूचना मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिग से मौत होने की पुष्टि हुई है। मौत को लेकर परिजन कोई स्पष्ट कारण नहीं बता सके।

सदर कोतवाली क्षेत्र नयाखेड़ा गांव निवासी अनिल सिंह के मकान में किराए पर रह रहे राहुल सोनकर (30) ने फांसी लगा जान दे दी। घटना के समय साथ रहने वाली महिला रेनू भी घर पर थी। महिला से विवाद के बाद फांसी लगाने की चर्चा रही।

राहुल मूलतः गदनखेड़ा का निवासी था। कई साल पूर्व उसकी पत्नी की बीमारी से मौत होने से वह निराश्रित रेनू के साथ रहता था। उसके दो बच्चे हैं। वह मजदूरी करता था। कोतवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## एसडीएम ने देखे कटरा व चमियानी पोलिंग बूथ, वोटर लिस्ट जांचा

**पुरवा।** एसडीएम रनवीर सिंह ने रविवार को क्षेत्र के कटरा व चमियानी पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बीएलओ से वोटर लिस्ट मिलान के संबंद्ध में जानकारी ली। जिस पर वोटरों से मिलान कराए जाने की बात बताई गई। एसडीएम ने वोटरों से वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक करने व जिस क्रमांक पर नाम हो वह देख लेने को कहा।

उन्होंने बताया कि वोटर लिस्ट में वोटर के नामों का मिलान चल रहा है। जिससे वोट डालते समय वोटर को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो।

# मिट्टी खोदकर खेत को बना दिया तालाब, शिकायत

संवाददाता, सफीपुर

- एसडीएम ने कहा, लेखपाल को मौके पर भेजा जाएगा

**अमृत विचार।** गांव के कुछ लोगों ने ठेकेदार की मिलीभगत से किसान के भूमिधरी नंबर से रात में मिट्टी खुदवाए जाने का आरोप लगा एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

सफीपुर तहसील क्षेत्र के गाव गौरिया कलां निवासी रवि कुमार सिंह ने एसडीएम नवीन चंद्र सहित पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भूमिधरी खेत गाटा संख्या-287 है। जिस पर गौरिया कलां ग्रामसभा मुन्ना खेड़ा के सूरज पाल, प्रथ्वीपाल व इंदर ने गंगा एक्सप्रेस-वे के ठेकेदार शेर सिंह से मिलकर मशीनों से रातोंरात मिट्टी की खुदाई करा दी और खेत को तालाब बना दिया। गांव वालों द्वारा दी गई सूचना पर वह पहुंचा और अपना खेत देख उसके होश उड़ गए। किसान ने बिना सूचना व स्वीकृति के खनन किये जाने की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेज जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

**खेल के मैदान से** — अनिल सिन्हा मेमोरियल चैलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का डीएम ने किया उद्घाटन

# डीएम और विधायक ने उन्नाव वेटरेंस को दिलाई जीत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** क्रिकेट अनिश्चितताओं से भरा खेल है। यह खिलाड़ियों को मानसिक व शारीरिक रूप से फिट बनाने में सहायक है। यह बात पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में अनिल कुमार सिन्हा मेमोरियल चैलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि व डीएम गौरांग राठी ने अनिल सिन्हा के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए कहे। इसके बाद मुख्य अतिथि को विकास सिन्हा, आनंद व भरत चित्रांशी ने पुष्पगुच्छ व डा. प्रभात सिन्हा व बीटू मिश्रा ने प्रतीक चिह्न भेंट किया।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद डीएम गौरांग राठी ने मंसूर खान द्वारा फेंकी गेंद खेलकर मैच की शुरुआत की। इस दौरान मौजूद सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि अपने पूर्वजों की स्मृतियां संजोने का सराहनीय कार्य विकास और प्रभात सिन्हा द्वारा किया जा रहा है। विधायक को विकास सिन्हा व डा. प्रभात सिन्हा ने अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। संचालन सीमा मिश्रा व राजेन्द्र त्रिपाठी ने किया।

आभार डीसीए महामंत्री पीके मिश्र ने व्यक्त किया। इस दौरान भारत सिंह चंदेल, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र भानू, हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी, अजय प्रकाश, विनीत मिश्रा, बीटू मिश्रा, साकिर हुसैन, संजय कुमार, यथार्थ, सुनील मिश्रा, शीर्षक प्रभात, पीयूष श्रीवास्तव, ऋषभ, सतीश सिंह, अभिनव त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

रविवार को हुए पहले मैच में उन्नाव वेटरेंस की टीम ने अन्नपूर्णा क्लब को 24 रन से परास्त किया। इसमें पहले खेलते हुए उन्नाव वेटरन्स ने 30 ओवर मे एक विकेट खोकर 209 रन बनाये। इसमें डीएम गौरांग राठी ने नाबाद 29 रन, विधायक पंकज गुप्ता ने नाबाद 16 रन, साहिल ने 84, साकिब ने 48 रनों का योगदान दिया। जवाब में अन्नपूर्णा क्लब की टीम 185 रन ही बना पायी। इसमें आदित्य त्रिवेदी ने 49, नवीन अवस्थी ने 31, प्रत्यक्ष ने 21, निखिल ने 20 रन बनाए। बालिंग करते हुए मंसूर खां ने 3 और अबरार व अतुल ने 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ मैच साहिल को घोषित किया गया।

## सोशल आउटरीच मोर्चे के अध्यक्ष बने संदीप

**पुरवा।** कांग्रेस पार्टी के सोशल आउट रीच मोर्चे के जिलाध्यक्ष कमलेश तिवारी ने पुरवा क्षेत्र के मंगतखेड़ा निवासी संदीप उर्फ मान तिवारी को पुरवा विधानसभा का सोशल आउट रीच मोर्चे का अध्यक्ष बनाया है।

संदीप के अध्यक्ष बनाने पर क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर है। क्षेत्र के बिंदा रावत, सत्यम, मुन्नू, सुमेर, बबली तिवारी, गया प्रसाद आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए संदीप का मुंह मीठाकर स्वागत किया। इस दौरान संदीप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का जनाधार बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। आगामी लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 25 मार्गों का किया लोकार्पण

## वर्चुअल माध्यम से जनता को सौंपा, सांसद और विधायक की मौजूदगी में कार्यक्रम, 157 करोड़ रुपये आई है लागत

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत 157 करोड़ की लागत से निर्मित 200 किमी के 25 मार्गो का लोकार्पण रविवार को किया गया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डिजिटल माध्यम से लोकार्पण व संबोधन का लाइव प्रसारण भी एलईडी के माध्यम से देखा व सुना गया।

ग्राम सभा अजगैन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लोकार्पण का कार्यक्रम स्थानीय पिपरेस्वर बाबा के पास खेल मैदान में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद साक्षी महराज ने 17 किमी लंबे अजगैन-विरसिंगपुर मार्ग समेत अन्य 25 मार्गों का भी पूजन कर व फीता काटकर मार्ग को जनता को समर्पित किये।

सांसद ने केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में भी आमजनमानस को बताया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, मोहान विधायक ब्रजेश रावत, सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर, सहकारी बैंक के अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह व जिलाधिकारी गौरांग राठी ने भी लोगों को सम्बोधित किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविप्रताप सिंह ने अजगैन-मोहान मार्ग का भी जल्द निर्माण कराने की मांग सांसद साक्षी महाराज से की। इस दौरान ग्राम प्रधान रेशू तिवारी, दीपू सिंह, शशिकांत राजपूत, रामनरेश, धर्मेंद्र सिंह, बालेंद्र मिश्रा, जितेंद्र सिंह, शिव बहादुर सिंह, रामबाबू कुशवाहा, प्रिंस सिंह, सर्वेश सिंह व सड़क निर्माण के उच्च अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।




पीएम ने उद्घाटन किया तो कार्यक्रम स्थल पर सांसद, विधायक, डीएम ने शिलापट से पर्दा हटाया, कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

### अजगैन-मोहान मार्ग का कार्य जल्द होगा शुरू

मोहान विधायक बृजेश रावत ने बताया कि जिस बिरसिंहपुर-अजमेर मार्ग का आज प्रधानमंत्री मोदी ने लोकार्पण किया है यह नई तकनीक से बना है। अजगैन-मोहान मार्ग जिसमें लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। वह भी दो-चार दिनों में ही बनना शुरू हो जाएगा।

### ममता बनर्जी को इस्तीफा देना चाहिएः साक्षी महाराज

अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाले भाजपा सासंद साक्षी महाराज ने लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। शाहजहां शेख और ममता बनर्जी के महिला सुरक्षा वाले बयान पर उन्होंने कहा कि ये बड़े लोगों के मामले हैं। इस मामले पर मैं कुछ बोलना नहीं चाहता। लेकिन, जिस तरह से ममता ने बंगाल का सर्वनाश किया है। उसके आधार पर उन्होंने सत्ता में रहने का अधिकार खो दिया है। उन्हें अपना इस्तीफा दे देना चाहिये।



पीएम मोदी का संबोधन सुनने को मंच पर लगाई गई एलईडी। अमृत विचार



मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

# पीएचसी में लगे जन आरोग्य मेले में 38 मरीजों का परीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रवि सचान और डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। प्रभारी ने बताया कि पीएचसी में 38 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, अखिलेश समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# सर्राफा दुकान से महिला ने पार किए दो हार, सीसीटीवी फुटेज में दिखी

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव



सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देती महिला टप्पेबाज। अमृत विचार

- पीड़ित महिला दुकानदार ने पुलिस को दी सूचना
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक सर्राफ की दुकान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि महिला टप्पेबाज ने दुकान से दो हार पार कर दिये। जिसके बाद महिला दुकानदार सकते में आ गयी और करीबियों को सीसीटीवी फुटेज दिखाई। जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

कस्बा स्थित एक सर्राफा दुकान का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में रविवार देरशाम वायरल हो गया। जिसकी पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। वायरल वीडियो में एक महिला दुकान पर कुछ आभूषण देखते दिख रही है। बताते हैं कि इसके बाद वह बिना कुछ लिए दुकान से चली गई। महिला दुकानदार ने शक होने पर उसे रोककर फुटेज देखने का प्रयास किया लेकिन, महिला टप्पेबाज फरार हो गई। फुटेज देखने पर टप्पेबाजी की जानकारी होने पर पीड़ित महिला दुकानदार ने पुलिस को शिकायतीपत्र देकर घटना की जानकारी दी। महिला दुकानदार कोमल गुप्ता ने बताया कि एक महिला दुकान पर सोने के हार लेने आई थी। जिसने कई हार देखने के बाद कुछ नहीं लिया।

शक होने पर उसे रोका और वीडियो फुटेज देखने लगे। तभी वह महिला दुकान से गायब हो गई। वीडियो फुटेज में वह महिला हार गायब करते दिखाई दे रही है। जिसकी सूचना पुलिस को दी है। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का संज्ञान लेकर जांच शुरू की है। नवाबगंज चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना पर सीसीटीवी फुटेज देखे गए हैं। फुटेज की मदद से जांच की जा रही है।

# घरेलू कलह से ऊबकर युवक ने जहर खाया, चली गई जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 22 अप्रैल को होनी थी युवक की शादी, पसरा मातम

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक ने बीती रात पारिवारिक कलह के बाद जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी से जिला अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शव लेकर परिजन घर लौट आए और पुलिस को सूचना दिए बिना उसका अंतिम संस्कार कर दिया। युवक की 22 अप्रैल को शादी तय थी।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ददलहा गांव के मजरा करीमाबाद निवासी रामभजन का 22 वर्षीय बेटा अवधेश खेती करता था। बताते हैं कि बीती रात परिजनों से हुए विवाद के बाद अवधेश ने घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां से उसे गंभीर देख डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर लौट आए और रविवार सुबह पुलिस को सूचना दिए बिना गंगातट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। युवक तीन बहनों और दो भाईयों में चौथे नंबर का था। परिजनों ने बताया कि पास के ही एक गांव निवासी युवती से उसकी शादी तय थी। वरीक्षा व गोदभराई हो चुकी थी। 22 अप्रैल को बारात जानी थी। जिसकी तैयारी चल रही थी। उसकी मौत के बाद घर में मातम छा गया। एसएचओ श्याम नारायण सिंह ने बताया कि उन्हें ऐसी किसी घटना की कोई जानकारी नहीं है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को भरवाए फार्म

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने शनिवार और रविवार को बूथों पर मतदाता पुनरीक्षण कार्य कराये जाने के निर्देश दिये थे। जिस पर रविवार को गंगाघाट क्षेत्र के सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे। जहां बीएलओ ने कई लोगों के फार्म भरवाये। इसके साथ ही लोगों को जानकारी न होने पर अधिकांश बूथों पर बीएलओ बैठे रहे।

लोकसभा चुनाव को देखते हुये निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रविवार को प्रशासन ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बने बूथों पर बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई। जहां सुबह से दोपहर तक बीएलओ बैठे रहे। ग्रामीण क्षेत्रों बूथों पर बीएलओ के मौजूद होने की लोगों को जानकारी नहीं थी। जिस कारण अधिकांश बूथों पर बीएलओ बैठे रहे। वहीं नगर के कुछ बूथों पर लोग पहुंचे। जहां मौजूद बीएलओ ने बूथों पर नाम बढ़वाने के लिए फार्म 6, नाम विच्छेदन कराने के लिए फार्म 8, और नाम संशोधन कराने के लिए फार्म 7 भरवाये।

इसके साथ ही गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में बने बूथों पर सुपरवाइजर बने दस लेखपाल बराबर अपनी नजर बनाये रहे। हालांकि इस दौरान जिले से कोई भी सक्षम अधिकारी नहीं पहुंचा। इसके साथ ही नगर के ओपीजेडी इंटर कालेज, पालिका कार्यालय, द्वारिका मोहनी, प्राथमिक विद्यालय खैरहा, मंजू कान्वेंट, एसवीएम इंटर कालेज गोपीनाथ पुरम और गंगानगर, महादेव इंटर कालेज, डा. लोहिया स्कूल में भी बीएलओ ने फार्म भरवाये।



ओपीजेडी बूथ पर फार्म भरवाते बीएलओ। अमृत विचार

- जानकारी न होने पर ग्रामीण क्षेत्र के बूथों पर नहीं पहुंचे लोग

# गंगाघाट में बनाए गए अतिसंवेदनशील बूथ

**शुक्लागंज।** आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण निपटाने के लिए गंगाघाट पुलिस ने अभी से क्षेत्र के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथ बनाने शुरू कर दिये हैं। रविवार को कोतवाली प्रभारी ने कई बूथों का निरीक्षण किया। ऐसे बूथों पर चुनाव के दौरान अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात किया जायेगा। डीएम और एसपी के निर्देश पर रविवार को कोतवाली प्रभारी ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश बूथों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने चुनाव के दौरान कोई गड़बड़ी या असुविधा न हो इसका जायजा लिया। उन्होंने बताया कि लोक सभा चुनाव को देखते हुये अभी से तैयारियां की जा रही है। गंगाघाट क्षेत्र में 23 सामान्य, 11 संवेदनशील, 7 अतिसंवेदनशील, 26 क्रिटिकल और 2 असुरक्षित बूथ घोषित किये गये हैं। पुलिस के अनुसार ऐसे बूथों की सूची जिला प्रशासन को भेजी गई है। बूथों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात किया जायेगा। इन बूथों पर अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखी जायेगी।



प्रतीक चिह्न देकर नारी शक्ति को सम्मानित करतीं चेयरमैन कौमुदी पांडे। अमृत विचार

# संदेश फाउंडेशन ने महिलाओं को किया सम्मानित

**शुक्लागंज।** रविवार को पोनी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में संदेश फाउंडेशन की ओर से नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जहां फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने नारी शक्तियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पोनी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में संदेश फाउंडेशन के तत्वावधान में नारीशक्ति सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जहां फाउंडेशन ने घर परिवार की देखभाल के साथ-साथ अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत करने वाली महिलाओं व घर पर ही रह कर स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार को सक्षम बनाने वाली महिलाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप पांडे ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान एक सौ से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया है। इस समारोह का मुख्य उद्देश महिलाओं की सामाजिक स्थिति तथा सम्मान को बढ़ावा देना है।

इस मौके पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा अर्चना सिंह के अलावा फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# होली पर्व के पहले ही आलू का रेट उछला

**फतेहपुर।** जनवरी माह में पड़ी भीषण सर्दी एवं पाला के साथ बेमौसम बारिश की मार से आलू की पैदावार पहले की तुलना में 20 प्रतिशत कम होने से आलू के दाम अभी से आसमान छू रहे हैं। मौसम की बेरुखी के कारण प्रति बीघा 10 से 12 क्विंटल आलू कम हुआ है। पैदावार कम होने से मंडी में आलू साढ़े पांच सौ से भी अधिक की दर से प्रति पैकेट बिक रहा है। आढ़तियों को आलू के दामों में अभी और वृद्धि की उम्मीद है। कोल्ड स्टोरेज मालिक और आढ़ती का कहना है कि जिन खेतों में प्रति बीघा 30 से 35 क्विंटल आलू की पैदावार होती थी, वहां 26 से 32 क्विंटल ही आलू खुदाई में निकल रहा है। कम पैदावार के कारण आढ़तियों को आलू बेचने के बजाए किसान कोल्ड स्टोरेज में भंडारित कर रहा। इससे मंडी और बाजार में आलू के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं, आढ़तियों ने बताया कि कोहरे व ठंड के कारण इस बार आलू की पैदावार 15 से 20 प्रतिशत कम है।

# झोपड़ी में लगी आग से पालतू पशुओं की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बिहार थानांतर्गत फूस की झोपड़ी शनिवार रात अचानक आग लग गई। लपटें देख ग्रामीणों ने निजी साधन से आग पर काबू पाया। आग से झुलसकर वहां बंधी गाय व दो अन्य पालतू पशुओं की मौत हो गई। इसके अलावा एक अन्य घटना में आग से चार घरों की गृहस्थी खाक हो गई।

बिहार थानांतर्गत बैजुवामऊ गांव में शनिवार देरशाम रामनरेश पुत्र बलई रोज की तरह शाम को खाना खाकर झोपड़ी में सो गया। रात करीब दो बजे झोपड़ी में अचानक आग लग गयी। जिससे झोपड़ी में बंधी एक गाय व दो बकरों की मौत हो गई व अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

परिजनों की चीख सुन और लपटें देख ग्रामीणों दौड़े और झोपड़ी में फंसे रामनरेश को बाहर निकाला। निजी साधनों से आग पर काबू पाया गया। ग्राम प्रधान की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल पंकज कुमार व पशु चिकित्सक पहुंचे और जांच कर मवेशियों का पोस्टमार्टम कर शव गड्ढे में दफन करवा दिया। लेखपाल ने पीड़ित किसान को पीएम रिपोर्ट आने के बाद मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया।

### आग से चार घरों की गृहस्थी हो गई खाक

बिहार थानांतर्गत सोहरामऊ गांव निवासी चंद्रसेन के यहां खाना बनाते समय अचानक छप्पर में लगी आग ने पड़ोस के चंद्रसेन, उग्रसेन व सोनी के घरों को भी अपनी चपेट में लिया। चारों घरों में रखा गृहस्थी का सामान व अनाज जलकर खाक हो गया। इसके अलावा कालीदीन, ज्ञानू व श्यामू के भी घर आग की चपेट में आ गए। दमकल की गाड़ियां पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। तहसीलदार अरसला नाज ने पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी और आर्थिक मदद दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

## सार-संक्षेप

### चालक-परिचालक ने दंपति को पीटा, दुधमुंहा भी चोटहिल

**उन्नाव।** आसीवन थानांतर्गत लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग स्थित मियागंज चौराहे पर निजी बस के चालक व परिचालक ने पति-पत्नी से मारपीट की। इस दौरान उनके एक वर्षीय बच्चे को भी चोटें आयी हैं। पुलिस के पहुंचने से पहले चालक बस लेकर भाग निकला। आसीवन थानाक्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग स्थित मियागंज चौराहे पर निजी बस दिल्ली जाती है। रविवार को कस्बा औरास निवासी अंकित अपनी पत्नी, एक वर्ष के बेटे व भाई अशीष के साथ दिल्ली मजदूरी करने जाने को एक निजी बस में बैठा था। मियागंज के पास अचानक बच्चे का स्वास्थ्य खराब हो गया और वह उल्टियां करने लगा। बच्चे की हालत देख अंकित ने परिचालक से बच्चे के स्वास्थ्य का हवाला देकर उतारने को कहा। बस में मौजूद स्टाफ ने इससे मना कर दिया। इसे लेकर उनमें विवाद हो गया। चालक-परिचालक व उनके दो साथियों ने मिलकर अंकित को पीट दिया। बचाने दौड़ी पत्नी व भाई से भी मारपीट की। इसी में गोद में लिये एक वर्षीय बच्चे के भी सिर में चोटें आ गईं। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी है।

### उधारी के रुपये मांगने पर दुकानदार को पीटा, रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के अगेहरा गांव में एक परचून दुकान ने उधार के रुपये मांगे। जिस पर दबंगों ने उसे पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ कार्यवाही की है। अगेहरा गांव निवासी रज्जन लाल ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी घर पर परचून की दुकान है। गांव के रहने वाले मुकेश ने उधार सामान खरीदा था। 22 फरवरी को उसने मुकेश से उधारी के रुपये मांगे। जिस पर आरोप है कि मुकेश, पीले, राम स्वरुप और गुड्डी ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### डाकघर के खाताधारक 31 तक आधार लिंक करें

**फतेहपुर।** यदि आपका डाकघर में कोई खाता है और अभी तक आपने अपने खाते को आधार कार्ड से नहीं जोड़ा है, तो 31 मार्च तक यह जरूर कर लें। ऐसा नहीं होने पर आपका खाता फ्रीज कर दिया जाएगा। तो इस स्थिति से बचने के लिए आप अपने नजदीकी डाकघर में जाएं और आधार कार्ड से अपना खाता लिंक करवाएं। ऐसा नहीं करने पर डाक विभाग की ओर से वैसे खातों को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। बता दें कि एक बार खाता फ्रीज कर देने पर आप उस खाते से लेने-देन नहीं कर सकेंगे।

हिचकोलों से मिलेगी राहत — वर्षों से खस्ताहाल मार्ग से निकलने को मजबूर हैं आधा सैकड़ा गांवों के लोग

# बदहाल त्रिभुवन खेड़ा मार्ग का निर्माण शुरू

अमृत विचार प्रभाव

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** त्रिभुवन खेड़ा से हड़हा को जाने वाला मार्ग पिछले कई सालों से क्षतिग्रस्त पड़ा है। जिससे इस मार्ग से आने जाने वाले सैकड़ों गावों के ग्रामीण हिचकोले खाते हुये निकल रहे हैं। ग्रामीणों की इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिस पर पीडब्ल्यूडी ने शासन को स्टीमेट भेजा था। स्वीकृत मिलने के बाद क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। इसके लिये सड़क पर विभाग की ओर से गिट्टियां डलवाने का काम कराया जा रहा है।

हाइवे से त्रिभुवन खेड़ा होते हुये हड़हा तक लगभग बारह से पंद्रह किलोमीटर लंबा मार्ग है। इस मार्ग से सैकड़ों गांवों के किसान, दूधिया के अलावा प्रतिदिन लोग आते जाते हैं। पूरे मार्ग में जानलेवा गड्ढे बने हुये हैं।

इतना ही नहीं बिना बारिश के ही इस मार्ग पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है। जिस कारण त्रिभुवन खेड़ा के दोनों ओर बनी दुकानों तक ग्राहक नहीं पहुंचते हैं। इस समस्या को आपके अपने अमृत विचार ने कई बार इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसे लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान में लिया और सड़क बनाने के लिये लोक निर्माण विभाग ने साढ़े चार सौ मीटर सड़क बनवाने के लिये शासन से प्रस्ताव भेजा था। जिसकी स्वीकृति मिल गई और शासन से 55 लाख रुपये भी आवंटित हो गया। सड़क बनाने के लिये विभाग ने मार्ग के दोनों ओर गिट्टियां डलवाने का काम भी शुरू करा दिया है। सालों से खस्ताहाल पड़ी सड़क बनने पर आस पास रहने वाले ग्रामीणों में खुशी देखने को मिली।



सड़क बनवाने के लिए त्रिभुवन खेड़ा मार्ग पर डाली गई गिट्टी। अमृत विचार

# रेलवे ट्रैक पर बदली गईं फिश प्लेट

**शुक्लागंज।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाईस्पीड की ट्रेनों के संचालन को लेकर पिछले कई दिनों से मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। रविवार दोपहर तीस मिनट का ब्लॉक लेकर रेलवे पुल पर फिश प्लेट बदलने का काम किया गया।

कानपुर-लखनऊ रेलरूट स्थित रेलवे पुल के डाउन लाइन पर रविवार दोपहर फिश प्लेट बदलने के लिये रेलपथ विभाग के अधिकारी पहुंचे। जहां उन्होंने रविवार दोपहर 1:25 से 1:55 बजे के बीच 30 मिनट का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान रेल कर्मियों ने फिश प्लेट बदलने का काम किया। जिस कारण आधे घंटे तक डाउन लाइन का रेल संचालन प्रभावित रहा। ब्लाक अवधि समाप्त होने के बाद संचालन सामान्य हो सका।

# गंगा पर एक और पुल की मांग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को उन्नाव की पूर्व सांसद अन्नू टंडन पार्टी के कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों से मिलने के लिये नगर पहुंची। जिसकी जानकारी होने पर नगर में रहने वाले लोग उनसे मिलने पहुंचे। इस दौरान सभी ने गंगा नदी पर एक नये पुल बनाये जाने को लेकर ज्ञापन दिया। इसके साथ ही रोजाना लगने वाले जाम के बारे में भी अवगत कराया।

समाजवादी पार्टी ने पूर्व सांसद अन्नू टंडन को उन्नाव लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। रविवार को वह शुक्लागंज में पार्टी कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों से मिलने के लिए पहुंची। जिस पर सर्वोदय नगर में रहने वाले अरविद, राज किशोर, नवनीत शुक्ला, दिलीप, महेन्द्र, दीपक त्रिवेदी, आशीष कुशवाहा, अर्पित गौतम, सतीश अवस्थी, अजय, आदित्य के अलावा अन्य लोग उनसे मिलने पहुंचे। जहां पूर्व सांसद अन्नू टंडन को ज्ञापन देते हुये बताया कि जब से पुराना यातायात पुल को बंद कर दिया गया है। तब से हम लोगों को रोजाना नवीन पुल पर जाम का दंश झेलना पड़ रहा है। जाम में फंसने के कारण कानपुर आने जाने में विलंबित हो जाते है। जिस पर सभी ने ज्ञापन सौंपते हुये गंगा नदी में एक और नये पुल बनवाये जाने की मांग की। जिस पर उन्होंने क्षेत्रीय लोगों को आश्वासन दिया है।



नये पुल के लिए पूर्व सांसद अन्नू टंडन को ज्ञापन देते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# ईसी के इस्तीफे पर सवाल

लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा बहुत सारे सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि उनके इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। परंतु उनका इस्तीफा अप्रत्याशित तो है ही। विपक्षी दलों ने रविवार को पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या केंद्र सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है। उनका कार्यकाल 5 दिसंबर, 2027 तक था और अगले साल फरवरी में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद वह मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बन जाते। गौरतलब है कि अरुण गोयल 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 21 नवंबर 2022 को चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाला था। उनकी नियुक्ति विवादों में थी क्योंकि अपनी नियुक्ति से पहले यानी 18 नवंबर 2022 को ही उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी लेकिन 3 अगस्त 2023 को मंजूरी दे दी गई। गोयल पिछले पांच वर्षों में पद छोड़ने वाले दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। अशोक लवासा ने एशियाई विकास बैंक में शामिल होने के लिए 2020 में इस्तीफा दे दिया था। फरवरी माह में अनूप पांडे की सेवानिवृत्ति और गोयल के इस्तीफे के बाद तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग समिति में अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं। यानि लोकसभा चुनाव से पहले भारत का चुनाव आयोग पूरी तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त के हाथों में आ गया है। कहा जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ मतभेद के कारण अरुण गोयल को इस्तीफा देना पड़ा। पिछले दिनों मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त संसदीय चुनावों की तैयारियों की निगरानी के लिए, कई राज्यों के दौरे पर थे। अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ-साथ रहे। गोयल ने पश्चिम बंगाल में तैयारियों के बारे में मीडिया को जानकारी देने के लिए कोलकाता में प्रेस कांफ्रेंस में भाग लेने से इनकार कर दिया था। सीईसी ने उल्लेख किया था कि गोयल स्वास्थ्य संबंधी कारणों से दिल्ली लौट आए थे। अब उन्होंने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गोयल ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है जब चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बांड की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर देनी है और लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। ऐसे में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त सारी जिम्मेदारियों को अकेले कैसे निपटाएंगे क्योंकि चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति में आमतौर पर समय लगता है।

# भारत की विरासत में रचा-बसा है वैज्ञानिक दृष्टिकोण



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है।

भारत के आमजन में विज्ञान के प्रति समझ की भारी कमी है और विकसित देशों के लोगों में यह अधिक है। परन्तु कोई भी बौद्धिक यह स्पष्ट नहीं कर पाता कि कौन से विज्ञान की समझ कम होने की बात वे करना चाहते हैं? देशज और पारंपरिक विज्ञान की अथवा, मॉडर्न एवं अत्योन्नत आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी की। 'आमजन', 'टेम्परामेंट', 'विज्ञान', 'साईंस पॉपुलराईज़ेशन', 'पॉपुलर साईंस एंड टेक्नालजी' में मूर्त और अमूर्त का ख्याल और मजमून अर्थात टेंजिबल और ईंटेंजिबल कंटैंट को समझना है तो विज्ञान के देशज और आधुनिक दोनों ही प्रकार के इतिहास को समानांतर रूप से समझना होगा और देशज शब्दावली को भी अपने प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन के जरिए से जानना होगा।

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है। इन दोनों में अन्वेषण की प्रक्रियाओं और मूल प्रवृत्तियों में क्या भेद है, इसने मनुष्य की समझ में किस प्रकार का और मात्रात्मक रूप से कैसे और कितना इजाफा किया, जानना भी आमजन के लिए अब जरूरी हो गया है। उदाहरण के लिए कृषि क्षेत्र में 21 फसलों के लिए मिनिमम सपोर्ट-प्राइस के कांसेप्ट के उदय में परिवार और समाज का ताना-बना, पर्यावरणी और मौसमी घटकों के बाद साइंस और टेक्नोलॉजी तो है ही लेकिन मानव व्यवहार और इकोनॉमिक्स की अपेक्षाकृत इसमें प्रबल भूमिका है जिसे आमतौर से कम महत्व मिला है। इन तत्वों के दृष्टिगत गहन परीक्षा किए जाने के उपरांत भी किसान इसलिए अशांत है कि प्रत्येक घटक अपनी जगह कायम होने के बावजूद किसान का जीवन-यापन कठिनता से होता है। इसीलिए इस मामले को सुलझाने के लिए हमें नए घटक तलाशने होंगे और किसान के जीवन से जुड़े हर उस पहलू को बचाना होगा जिससे देश की फ़ूड सिक्यूरिटी के अलावा इनके कल्याण का मामला संबद्ध है। इसी से जुड़ा हुआ एक मसला है फसलों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी कीट-पतंगों के जीवन चक्र को पेस्टिसाइड के इस्तेमाल से नष्ट कर देना जिसके बारे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का इस्तेमाल नहीं किया गया। परिणाम को देखकर अब उन कीट-पतंगों और क्षेत्र-रक्षक जीवों को फिर से इंट्रोड्यूस करने की कवायद जारी है जिन्हें किसान और फसलों का 'शत्रु' करार दिया गया था।

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं।

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। आमजन और स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया गया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं। कोशिश की जाती कि कुछ घंटे के लिए या एक दिन के लिए माहौल को 'विज्ञानमयी' बनाया जाए ताकि इसका स्मृति-अंश उपस्थित आमजन के जीवन में प्रवेश करे और इसकी छाप दैनंदिन दिखाई दे। ऐसा करने से उपस्थित जनों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत होने का अनुमान तो होता है लेकिन इसे कभी आंशिक रूप से मापा नहीं गया है जैसे कि हमारे घरों में पारंपरिक रसोई में फ़ूड प्रसंस्करण की प्रक्रिया के वैज्ञानिक लाभ या फिर पैर में डाले वाले जाने वाले अनेक प्रकार के उन जूतों की बनावट और इनके असर को ज्ञात करना जो सिंथेटिक या नेचुरल मेटेरिअल से बने होते हैं। जूतों को रक्षात्मक कवच के तौर पर पहनने के लिए और आहार को पेट भरने से अधिक आमजन कुछ अधिक नहीं जानना चाहते। मन में साइंटिफिक इंवेस्टिगेटर बनने के लिए रुझान तो पैदा हो सकता है, लेकिन वह वैज्ञानिक बन कर कोई खोज या अन्वेषण कर सकेगा या रोजमर्रा के जीवन में वैज्ञानिक जानकारी का प्रयोग भी एक व्यक्ति करेगा, यह 'प्रीडिक्ट' करना नामुमकिन है। विज्ञान की समझ पैदा करना अर्थात पब्लिक अंडरस्टेंडिंग ऑफ़ साइंस और विज्ञान का एकतरफा 'लोकप्रियकरण' दो अलग स्थितियां हैं। इन दो किस्म के आयोजनों में विषयों और ऑब्जेक्ट्स की और ऑडियंस की भिन्नता ही दृष्टिगत नहीं रहती वरन विज्ञान के इतिहास, हमारे जीवन में इसके क्रिटिकल रोल, वैज्ञानिक अनुसंधान की डायनामिक्स, ऐसी समस्याओं की पहचान की पद्धति जिन्हें वैज्ञानिक रीति से सुलझाने के लिए स्टडीज की डिजाईनिंग किस प्रकार से की जा सकती है, इस बारे में जानकारी का संप्रेषण और ग्रहण, वैज्ञानिक शोध के प्रकाशन के तौर-तरीकों, डेटा मैनेजमेंट एंड सिक्यूरिटी और व्यावहारिक विज्ञान और, वैज्ञानिक विमर्श में क्रिटीकैलिटी जैसे महत्वपूर्ण नुक्तों को छुआ तक नहीं जाता। नए ज्ञान का सृजन करने के लिए स्वतःस्फूर्त पड़ताल प्रक्रिया की प्रवृत्ति और पैनी निगाह का युवजनों में विकसित होना देश में वैज्ञानिक प्रगति के मौजूदा मुकाम से आगे निकलने के लिए अत्यावश्यक है। जाहिर है सन 1929 से ही देश में राजनैतिक नेतृत्व के लिए यह विमर्श का विषय रहा है। इस आशय का पहला संदेश लाहौर में कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन के दौरान प्रथम प्रधानमंत्री बने जवाहरलाल नेहरु ने देश के लोगों के सामने रखा था।

विज्ञान दिवस जैसे आयोजन का तात्पर्य मनोरंजन और भाषण बाजी नहीं बल्कि दीर्घ काल से पोषित और संवर्द्धित होती रही उस भावना को ताजा करने की एक प्रक्रिया मात्र है जो भारत की विरासत में रचा-बसा है। इसीके अंतर्गत देश के लिए नेशनल साइंस पालिसी डॉक्यूमेंट में उचित समय पर आवश्यक संशोधन किए जाते रहे। विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए दूसरी पंचवर्षीय योजना के ड्राफ्ट में ही उक्त आशय के लिए एक नीति निर्देश नेहरू जी ने डलवा दिया था। यह सब इस बात से अधिक ताल्लुक रखने वाला है कि उक्त निर्देश का पालन करने के लिए देश में किस किस्म के प्रोग्राम डिजाईन किए जाने जरूरी समझे गए और इनका क्या असर जनमानस पर हुआ। निश्चित रूप से यह बढ़ा है, जैसा कि तीस-बत्तीस वर्ष पूर्व नेशनल कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन द्वारा प्रायोजित एक सर्वेक्षण से मालूम हुआ था जिसे प्रयाग में संपन्न हुए महाकुंभ मेले के दौरान सूचनाएं जुटाने के बाद की गई एनालिसिस ने जाहिर किया। विभिन्न आयोजनों के अंतराल के बीच भारत सरकार ने देश में कुछेक स्थानों पर नेशनल ईंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च जैसे संस्थानों की स्थापना की है और प्रांतीय स्तर पर राज्य कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की भी, परन्तु राज्य स्तर के संस्थान विज्ञान लोकप्रियकरण के मामले में बेहद सुस्त पाए गए हैं जिनकी राज्यवार स्थापना का कार्य सन 1871 से ही शुरू हो गया था। पाया गया कि इन कौंसिल्स का विज़न 'फ्रैक्चर्ड' अर्थात विखंडित रहा जिसकी वजह इनका सुस्त रवैय्या रहा। अपने राज्य के लोगों में विज्ञान के प्रति रुझान को उत्तरोत्तर बढ़ाने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को संवारने और संवृद्ध करने में इनमें से अधिकांश नाकामयाब रहे हैं। इनसे बढ़िया असर तो 'विज्ञान एक्सप्रेस' रेलगाड़ी का रहा जिसे पहली बार सन 2007 से 2010 और पुनः सन 2011 से 2014 तक पूरे देश में 100 स्टेशनों पर दो-तीन दिन के लिए थामा गया था। इसकी 'इम्पैक्ट एसैस्मेंट स्टडी' उत्साहवर्द्धक रही थी। विज्ञान संबंधी नियमित किस्म की ऐसी गतिविधियों से अवगत कराने के लिए जोकि 'पब्लिक इंटरेस्ट' की होती हैं, मीडिया द्वारा ज्यादातर गौण समझ कर छोड़ दी जाती रही हैं।

देश में विज्ञान नगरियों (साइंस सिटी) की स्थापना का काम भारत में पूर्व प्रधानमन्त्री इंद्र कुमार गुजराल के समय में शुरू हुआ था। मतलब यह कि भारत में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति आमजन में समझ को वर्टीकल और हॉरिजॉन्टल दोनों ही तरीके से ऊपर उठाए जाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद है।

## प्रसंगवश

# गरचे टेलीफोन न बनता

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है।

सोचिए यदि टेलीफोन न होता तो ? दुनिया दूरियों में खो जाती। पृथकता गहराती। फासले लंबाते। मानवता बस चिंदी चिंदी ही रह जाती। 148 साल पूर्व 10 मार्च को एक घटना ने सब कुछ बदल डाला। तभी 29-वर्षीय एलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलीफोन को इजाद किया। उनका तुक्का भिड़ गया। उनकी टोपी में तुर्रा तभी से लग गया। एकदा वे तार का एक सिरा पकड़े अलग कमरे में दूसरा छोर पकड़े मित्र से बोले :' वाटसन मैं मिलना चाहता हूं।' चंद लम्हों में ही वाटसन आ गए और हर शब्द दुहराए जो उन्होंने सुने थे। बस दूरभाष अवतीर्ण हो गया। ग्राहम बेल की विवशता थी कि उसकी मां और पुत्री बधिर थीं। एक वाणी चिकित्सक होने के नाते ग्राहम बेल बहरों से संकेतों द्वारा बातें करने का प्रयास करते थे। यही इस युगांतरकारी अविष्कार की जननी रही।



के . विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

ग्राहम ने "बेल कंपनी" स्थापित की। सफर मीलों चला। पेटेंट मिला। मगर अमेरिका के विधि अधिकारियों ने अड़चने पैदा की। अंततः कामयाबी मिल ही गई। तेरह साल की आयु में ही ग्रेजुएट बनने वाले ग्राहम बेल तीन साल बाद मशहूर संगीत अध्यापक भी बन गए। अर्थात ध्वनि, वाणी और संचार के निष्णात। उन्होंने कम्युनिकेशन तकनीक में भी दूरगामी और लाभकारी अविष्कार किए। संचार क्रांति के जनक कहलाए।

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है। ये सभी ऐसी तकनीक पर आधारित हैं, जिसके बिना संचार-क्रंति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल को शायद अंदाजा नहीं रहा होगा जब उस जमाने की अपेक्षाकृत कम चर्चित उनकी दूसरी खोज मेटल डिटेक्टर आने वाले समय में आतंकवाद सहित अन्य प्रकार के अपराधों से लड़ने में कारगर उपकरण साबित होने वाली है। पुलिसिया जांच में आज बड़ी कारगर है। टेलीफोन की खोज के बाद बेल उसमें सुधार के लिए प्रयासरत रहे और 1915 में पहली बार टेलीफोन के जरिए हजारों किलोमीटर की दूरी से बात की।' न्यूयार्क टाइम्स' ने इस घटना को काफी प्रमुखता देते हुए इसका ब्यौरा प्रकाशित किया था। इसमें न्यूयार्क में बैठे बेल ने सैनफ्रांसिस्को में बैठे अपने सहयोगी वाटसन से बातचीत की थी। उनकी विभिन्न खोजों पर उनके निजी अनुभवों का भी प्रभाव रहा। मसलन जब उनके नवजात पुत्र की सांस की समस्याओं के कारण मौत हो गई तो उन्होंने एक मेटल वैक्यूम जैकेट तैयार किया जिससे सांस लेने में आसानी होती थी। उनका यह उपकरण 1950 तक काफी लोकप्रिय रहा और बाद के दिनों में इसमें और सुधार किया गया। अपने आसपास कई लोगों को बोलने एवं सुनने में कठिनाई होते देख उन्होंने इस दिशा में भी अपना ध्यान दिया और सुनने की समस्या के आकलन के लिए आडियोमीटर की खोज की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के अलावा वैकल्पिक ऊर्जा और समुद्र के पानी को मीठा बनाने की दिशा में भी काम किया। ग्राहम बेल की जीवनी लिखने वाले कैरलोट ग्रे के अनुसार बेल के नाम 18 पेटेंट दर्ज हैं। इसके अलावा 12 पेटेंट उनके सहयोगियों के साथ दर्ज हैं। इन पेटेंटों में टेलीफोन, फोटोफोन, फोनोग्राफ और टेलीग्राफ शामिल हैं। उन्होंने आइसबर्ग का पता लगाने वाला एक उपकरण भी बनाया था। जिससे समुद्री यात्रा करने वाले नाविकों को खासकर अत्यधिक ठंडे प्रदेशों में विशेष मदद मिली।

अक्सर पत्रकारी नजरिए से हमें ख्याल आता है कि यदि ग्राहम बेल के ईजाद न होते तो मीडिया दुनिया ही विकलांग रहती। यही सवाल मेरी यांत्रिकी इंजीनियर बेटी (रेलवे बोर्ड में राष्ट्रीय धरोहर विभाग की कार्यकारी निदेशिका) विनीता ने वर्षों पूर्व मुझसे पूछा था : ' पिताजी यदि ग्राहम बेल न होते तो ?' मेरा खरा जवाब था :'आज वैश्विक मीडिया गूंगी रहती।' मगर संचार क्रांति में निरंतर विकास देखकर आह्लादित होना हर पत्रकार के लिए स्वाभाविक है। एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को सलाम।

# नियमों से बंधे हुए हैं अधिकारी और कर्मचारी



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है।

सरकारी संस्थाओं के बेजा इस्तेमाल से विरोधी पक्ष को दबाने की प्रवृत्ति इन दिनों दुनिया में काफी बढ़ गई है। और ये सब अनुशासन बहाली के नाम पर किया जा रहा है। जय प्रकाश नारायण के बिहार आंदोलन के समय उन्होंने पुलिसबल से आदेशों को नही मानने का आह्वान किया था। सरकार ने उन पर अनुशासनहीनता और देशद्रोह का आरोप लगा कर उन्हें गिरफ्तार किया था।

इस आंदोलन के बाद एक सवाल बहुत जोर से उभरा कि क्या सरकारी कर्मचारी सरकार के नियम विरुद्ध/गैरकानूनी आदेशों को भी मानने के लिए बाध्य है। जो इसका जवाब हां में देते हैं वो मुख्यतः तीन तर्क देते हैं। अगर एक सरकारी कर्मचारी अपने सुपीरियर के नियम सम्मत या विपरीत किसी आदेश को नही मानेगा तो अनुशासन नहीं रह पाएगा। और ऐसी अनुशासनहीनता करने पर वो दंड का अधिकारी होगा। तीसरा आदेश के सही गलत होने पर निर्णय लेने का उसका अधिकार नहीं। इससे बहुत समस्या पैदा होगी।

प्रथम दृष्टता ये बात सही प्रतीत होती है कि अनुशासन का होना जरूरी है। लेकिन वास्तव में ये कुछ ऐसा है कि अगर प्रत्येक कर्मचारी अनुशासन से बंधा है तो प्रत्येक अधिकारी भी कानून से बंधा हुआ है। वो कानून विरुद्ध कोई मनमाना आदेश नही दे सकता। अगर अधिकारियों को ये अधिकार दे दिया जाए तो देश मे अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी।

आदेशों को नहीं मानने के संबंद में एक तर्क ये दिया जाता है कि इससे मातहत दंड अधिकारी होगा। लेकिन ये कानून की गलत व्याख्या है। मातहत केवल नियम सम्मत आदेशों को ही मानने के लिए बाध्य है। और अधिकारी भी केवल नियम सम्मत आदेश देने के लिए। नियम विरुद्ध आदेशों को नहीं मानना अधिकारी की अवहेलना हो सकती है, कानून की नहीं। देखा जाए तो कर्मचारी और अधिकारी दोनों नियमों से बंधे हुए हैं। नियम विरुद्ध कोई भी बात मानना बाध्यकारी नहीं है। अनुशासन से यहां मतलब कानून के प्रति अनुशासन, ना कि किसी व्यक्ति विशेष के प्रति जो उस वक्त पद पर है। इस बहस का कानूनी पक्ष ये है कि नियम विरुद्ध आदेश को मानने से इनकार करने पर कर्मचारी किसी अनुशासन को भंग नही करता बल्कि वो कानून के शासन की वकालत करता है।

चरणदास नारायण सिंह बनाम राज्य - हवलदार हरनाम सिंह ने अपने मातहत चरण दास को उन परिस्थितियों में गोली चलाने का आदेश दिया, जिसे कोर्ट ने नियम विरुद्ध माना। कोर्ट ने माना कि हरनाम सिंह के आदेश का उन परिस्थितियों में कोई औचित्य नहीं था और चरण दास ने उस आदेश का पालन नहीं कर कानून का पालन ही किया है। आर्मी एक्ट 1950 का सेक्शन 41 भी केवल नियम सम्मत आदेशों के उल्लंघन को ही अनुशासनहीनता मानता है। क्वीन इम्प्रेस बनाम सुभा नाइक - स्टेशन अफसर ने अपने मातहत कॉन्स्टेबल को फसल काटने वालों पर गोली चलाने का आदेश दिया। एक व्यक्ति मारा गया। कोर्ट ने माना कि आदेश नियम सम्मत नहीं था और कॉन्स्टेबल के साथ उसके मातहत को भी अपराधी माना। मातहत को इस आधार पर छूट नही मिली की उसने तो केवल अपने सुपीरियर के आदेश का पालन किया था। चमन लाल बनाम एम्परर - न्यू सेंट्रल जेल, मुल्तान के डिप्युटी सुपरिटेंडेंट चमन लाल और उनके हेड वार्डन सेवा राम दोनों पर कैदियों को बेरहमी से पीटने का आरोप था। इसमे दो कैदियों की मृत्यु हो गई थी। कोर्ट ने दोनों को दोषी पाया और सेवा राम को इस आधार पर माफी नहीं मिली कि उसने तो केवल अपने अधिकारी के आदेश का पालन किया था।

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है। लेकिन इसका कानूनी पक्ष ये है कि अपराधी ठहराएं जाने पर उसे इस आधार पर माफी नहीं मिलेगी क़ि उसने तो केवल अधिकारी के आदेश का पालन किया था।बहरहाल ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहां हम देखते हैं कि आदेशों को नहीं मानने को भी नियम सम्मत माना गया। लेकिन इसके लिए जिगरा चाहिए जो खुद सही और गलत के बीच निर्णय ले अपने अधिकारी के आदेश को मानने से इनकार करे। वैसे एक सच ये भी है कि एक पुलिस/मिलिट्री की सेवा के हालात बहुत कठिन होते हैं। अपने अधिकारी के आदेशों को नही मानने पर वो सेवा शर्तों के अनुसार दंड का अधिकारी होता है और मानने पर कई बार वो कोर्ट की नजर में अपराधी सिद्ध होता है।

## सोशल फोरम

# एक सांस की अहमियत

बचपन में सब पूछते थे की कौन सा खिलौना पसंद है। ज़रा बड़े हुए तो पूछा कौन से कपड़े पसंद हैं। हाईस्कूल पास करके आगे बढ़े तो पूछा क्या बनना चाहते हो। मेरे पास गिनाने को खिलौने थे, कपड़ों की डिज़ाइन थी और करियर के हज़ार ऑप्शन थे बस यह नही पता था कि एक अदद सांस को कैसे ज़िंदा रखा जाए। झूठ,धोखे,मतलब परस्ती के बीच ज़िंदगी के एक,सिर्फ़ एक क़तरे को कैसे बचाए रखा जाए। किसी ने नहीं पूछा कि इन सांसों को कैसे बचाओगे, जब यह छूट रही होंगी। किसी ने नहीं कहा जब खिलौने, कपड़े,करियर अपना रंग छोड़ेंगे, तब ज़िंदा कैसे रहोगे ।



हफीज किदवई
लेखक

एक सांस के लिए जब जी तड़पेगा। तब कैसे ख़ुद को संभालोगे। किसी ने उस सांस का मोल क्यों नही समझाया,जो दुनिया की हर ख़्वाहिश, हर ज़रूरत से बड़ी थी। मौत सामने हो और पीठ पीछे सारी ख्वाहिशें, सारे ख़्वाब, सारी हसरतें,उनका क्या ही करें। यह लगने लगे कि ज़माने की दौड़ में आपकी आवाज़ के लिए कोई कान नहीं है । लड़खड़ाते वक्त पकड़ने को कोई हाथ नही है। डगमगाते वक्त रोकने वाला कोई नहीं है। जिनपर वक्त ख़र्च किया,उनके पास आपके लिए ही वक्त नहीं है । जिनके साथ एतबार का रंग पक्का किया,वह रंग उतरकर फीके पड़ जाए। कोई अपना ही उम्मीद की सुनहरी चिड़िया के पर नोच दे । तो क्या करना है । मुझे नही पता कि ज़िंदगी की एक सांस की अहमियत क्या है। वरना जब कोई बचपन में पूछता कि क्या चाहिए,मैं कहता कि ज़िंदगी। हाईस्कूल में कोई पूछता की क्या बनोगे,तो मैं कहता कि सांसों को बुनूंगा । कोई मुझसे कपड़े के बारे में पूछता,तो कहता यार,सांसों के रंग को उकेरूंगा । मैं समझदार होता,तो बतलाता की सब कुछ होगा,बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता,उसके लिए मनसूबे बनाता। मैं समझदार होता,तो बतलाता की सब कुछ होगा,बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता,उसके लिए मनसूबे बनाता।

वक्त होता तो मैं बचपन में ही बोल देता की हां मुझे खिलौना न दो,बस ज़िंदगी को खिलौना न बनने देना,कोई जीभर खेले और फिर मुंह मोड़कर कह जाए,दिल भर गया.... दुनिया में सबसे बेईमान चीज़ को अपने साथ सारी ज़िन्दगी लेता फिरा,फिर भी वह साथ छोड़ती नहीं और साथ देती भी नही,मेरी बेवफ़ा सांसें....

-फेसबुक वॉल से

# किसे फिक्र है हमारी

'सिमोन द बोउआर' कहती हैं कि स्त्रियां पैदा नहीं होती हैं गढ़ी जाती हैं। सच ही तो है कि हमें अपने अस्तित्व का औचित्य साबित करने के लिए लोगों से प्यार करना होता है उनकी चिंता करनी होती है तभी हमारा समाज एक औरत को जीवन को सार्थक समझता है। भले ही बदले में हमें कुछ न मिले और खुद को छला हुआ महसूस करते रहें किसे फिक्र है हमारी? जमाने भर की चिंता फिकर हो या दुनिया भर का प्यार सब करके भी हम खुद को ठगा ही महसूस करते रहेंगे हमेशा। जब तक ये हम खुद नहीं समझेंगे कि हम भी उतने ही इंसान हैं जितना कि पुरुष। संवैधानिक रुप से हर वो नियम जो उन पर लागू है हम पर भी वही नियम लागू हो। लेकिन शुरू से ही कोई भेदभाव होता देखकर खुद को संतुष्ट कर लेना ,दिल टूटने पर चुपचाप रोकर आंसू पी लेना और ससुराल में अच्छी बहू साबित होने के लिए खुशी खुशी सब स्वीकार लेना।और स्वतंत्रता के नाम पर महिला दिवस मना लेना।



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

घर परिवार और समाज पर जो धार्मिक मान्यताएं लादी गईं वे भी हमारे कंधे पर ही और हमारी फिल्मों और साहित्य ने हमें पीछे धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आदर्श स्त्री के लिए इन्होंने जितने मापदंड बनाए कि हर स्त्री आज बस कन्फ्यूजन की स्थिति में है कि क्या वो सच में आदर्श है ? कभी अच्छी बहू बनने के लिए वो घर का काम करना चुनती है तो कभी अच्छी मां बनने के लिए वो अपनी जॉब छोड़कर घर बैठना पसंद करती है। घर का कोई काम बिगड़ने पर और बच्चे के खराब रिजल्ट पर वो दोषी होगी जबकि सबकुछ अच्छा या बेहतरीन होने पर शायद ही उसे कोई श्रेय देगा! अब तो हम फिल्मों से सीखते हैं कि हमें क्या पहनना चाहिए और कौन से व्रत ,पूजा और त्योहार करने चाहिए। इतिहास और राजनीति में हमें बेहद सीमित मौके मिले हैं और साहित्यकारों ने हमें कभी कामयाब और मजबूत रुप में नहीं गढ़ा है। मैंने पढ़ा है कि महान लेखक टॉलस्टाय ने अपनी सबसे मशहूर उपन्यास अन्ना कैरनिना लिखते समय अन्ना का चरित्र बेहद खराब बनाने की कोशिश करते हुए लिखा था पर जब उपन्यास पूरा हुआ तो अन्ना की इमेज एक मजबूत और शानदार महिला के रुप में निखर गई पर क्या ही फायदा जब लेखक उसे अंत में ट्रेन के सामने गिराकर आत्महत्या करने को मजबूर कर दे। जबकि वो बस दो पंक्तियां बदल कर उसे मजबूत बना सकता था पर उसे लगता रहा कि उसकी कृति को समाज स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि वो खुद ही स्वीकार नहीं पा रहा होगा। इसी तरह चोखेर बाली उपन्यास लिखने के बाद टैगोर माफी मांगते हैं कि वो चोखेर बाली के साथ न्याय नहीं कर पाए! आखिर क्यों? किसने रोका था उन्हें? जबकि राजा राममोहन राय विधवा विवाह शुरू करवा चुके थे तो क्या आपसे दो पंक्तियां भी नहीं बदली जा रहीं थीं ? लेखन बस वो नहीं होता कि आप सच दिखाने के लिए ज्यों का त्यों लिखने की कोशिश करें लेखन वो होता है जो बदलाव ला सके लोगों की सोच समृद्ध कर सके। अफसोस! आप वहां तक सोच भी नहीं पाते हैं... हम सीता बनकर भी अग्नि परीक्षा देते रहे, गार्गी और अपाला बनकर गालियां खाते रहे , विद्योतमा और रत्नावली बनकर प्रेरणा बने रहे पर हमें किसी ने प्रेरित नहीं किया। आदमियों की सफलता में हमारा योगदान रहा और हमारी सफलता में आपने बाधा बनना चुना?

मजाज़ लखनवी का शेर याद आ रहा है ...
तेरे माथे पर ये आंचल बहुत खूब है,
तू इस आंचल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था!

# कल्कि धाम का शिलान्यास

हाल ही में हुई धर्म अनुष्ठानों की धूम के बीच मुरादाबाद के संभल में कांग्रेसी नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम् के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे होने वाले भगवान विष्णु के दसवें अवतार 'कल्कि'के धाम का शिलान्यास किया। कल्कि भगवान भाद्रपद,शुक्ल पक्ष तृतीया को सायंकाल यहां एक सात्विकी ब्राह्मण विष्णुयश के घर उनके पुत्र रूप में अवतरित होंगे, जिनकी कथा कल्कि पुराण सहित तमाम धर्म ग्रंथों में आई है। उनकी माता का नाम सुमति होगा। श्रीभद्भागवत्-स्कंध-12 के अनुसारः

सम्भलग्राम मुख्यस्य ब्राह्मणस्य महात्मनः।/ भवने विष्णुयशसःकल्किः प्रादुर्भविष्यति।।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

वे शीघ्र ही सभी विद्याओं में पारंगत हो जाएंगे। शस्त्र विद्या उन्हें परशुराम जी सिखाएंगे; फिर उनसे वे शिव जी की तपस्या करने को और वरदान में दिव्यास्त्र मांगने को कहेंगे। कल्कि वैसा ही करेंगे और परम शक्तिशाली बन जाएंगे। उनका विवाह पद्मा नामक कन्या से होगा। उनकी एक अन्य पत्नी वैष्णो देवी की रूप रमा भी होंगी। उनके चार पुत्र होंगे। वे देवदत्त नामक सफेद घोड़े की सवारी करेंगे। उनके पास धनुष वाण और तलवार भी होगी। वे कलि नामक राक्षस को मारेंगे तथा पापियों का संहार करेंगे। जयदेव रचित "गीत गोविंद"के अनुसार वे म्लेच्छों का संहार करेंगे।"म्लेच्छनिवचनिधने कलयसि करवालम्। धूमकेतुमिव किमपि करालम्।। केशव धृत कल्कि शरीरम्"।।

यह सब होगा तो निश्चय ही, क्योंकि शास्त्रीय मान्यता हैः किंतु इसका समय अभी बहुत दूर है। वे कलियुग के अंत में अवतरित होंगे। कलियुग चार लाख बत्तीस हजार साल का होता है, जिसके अभी कुल पाच हजार साल ही बीते हैं। तब तक अभी तक हो चुके नौ अवतारों की पूजा उपासना से काम चल सकता था। चार लाख सत्ताइस हजार साल के आसपास भविष्य में होने वाले अवतार का धाम निर्माण और पूजा आदि कम समझ में आ रहा है। देश में लगभग दस लाख मंदिर हैं। सभी में प्रतिष्ठित देवी देवता आदरणीय और पूज्य हैं।क्या यह संख्या कम है? महामानवो, अवतारों की अर्चना उपासना उनके कर्मों और स्थापित किए गए आदर्शों का सम्मान और अनुसरण होता है; जबकि कल्कि का यह समय अभी बहुत दूर है। वे तो हुए ही नहीं हैं। ग्रामीण कहावत है "जौं हैं खेत,ललन हैं पेट,मुड़ने(मुणडन) की धूम मची"। इस केस में तो ललन अभी पेट में ही लाखों साल बाद आएंगे। तब क्या यह शीघ्रता आसन्न चुनावों हेतु धर्मास्त्र है? मैं समझता हूं इसके लिए "रामास्त्र"ही काफी था। अब इस पर भरोसा न रहा हो तो बात दूसरी है।

# बीएसए कार्यालय से एनवीआर चुराने वाला औरैया का शिक्षक निलंबित

## बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आरोपी को अध्यापक पद पर पूर्णतया अनफिट माना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को जो भी कुछ हुआ उसकी परत दर परत खुलती जा रहीं हैं। आरोपियों पर कार्रवाई भी होने लगी है। औरैया से कन्नौज आकर नेटवर्क वीडियो रिकार्डर (एनवीआर) चुराने वाले शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। उस पर पहले भी कई तरह के आरोप हैं। न्यायालय में भी कुछ मामले चले हैं।

औरैया के बीएसए अनिल कुमार ने जारी किए निलंबन आदेश में कहा है कि प्राथमिक स्कूल झबरा के सहायक अध्यापक पंकज कुमार अमान्य शिक्षक संगठन के सदस्य हैं। उन्होंने बिना किसी अनुमति या छुट्टी लिए बगैर 60 किमी दूर बीएसए कार्यालय कन्नौज पहुंचकर अनुशासनहीनता की है। उसके बाद वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को एंटी करप्शन टीम कानपुर से मिलकर गलत तरीके से ट्रैप कराया। कन्नौज में ही एनवीआर चोरी किया। मारपीट के भी आरोप हैं।

औरैया बीएसए के पत्र में कहा गया है कि इसके बाद एक मार्च को बीईओ पुष्पेंद्र जैन को भी गलत तरीके से पकड़वाने में सहयोग किया गया है। प्राथमिक स्कूल कुर्सी के सहायक अध्यापक शरद कुमार से भी मारपीट की गई। पूर्व में भी बीईओ रहे अवनीश यादव के साथ मारपीट का आरोप है। उसकी रिपोर्ट भी लिखाई गई थी।

वर्ष 2019 में 3.64 लाख रुपये का लोन था। उसकी आरसी जारी होने के बाद अमीन की ओर से पकड़कर ले जाया गया। 40 हजार रुपये जमा करने पर छोड़ा गया। उस दौरान पंकज ने एंटी करप्शन से अमीन के खिलाफ रुपये मांगने की शिकायत की थी। इससे पहले तहसील या जिला प्रशासन से शिकायत करनी थी, जो नहीं हुई।

इन सभी की वजह से शिक्षक पद पर अनफिट मानते हुए निलंबन किया गया है। साथ ही बीईओ औरैया के कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।


बीएसए दफ्तर में 29 फरवरी को झोला लिए खड़ा पंकज अपने साथी के साथ।

### निलंबन आदेश में इसका भी जिक्र

- नवीन बस्ती बिधूना निवासी कुलदीप ने शिकायत देकर कहा है कि गिरोह बनाकर कई सालों से अवैध वसूली करते हैं।
- विद्यालय में अध्यापन का कार्य न करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है।
- जो अफसर या कर्मी रुपये नहीं देते या दबाव में नहीं आते उनको एंटी करप्शन टीम से मिलकर ट्रैप कराया जाता है। इसका प्रमाण कन्नौज के सीसीटीवी फुटेज में मिला है।
- एंटी करप्शन टीम के लिए पंकज व उनका संगठन पूरी तरह से काम कर रहा है।
- कर्मचारी आचरण नियमावली-1956 का पालन न करने का दोषी।
- बेसिक शिक्षा विभाग की छवि धूमिल करने का दोषी।
- परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की गरिमा धूमिल करने का दोषी।
- बीएसए कार्यालय कन्नौज में साक्ष्य मिटाने का दोषी।
- विद्यालय के छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का दोषी।
- बीईओ अवनीश यादव के साथ मारपीट करने मामला थाना बिधूना में दर्ज है।

### संरक्षक का दावा, दो-तीन साल बाद भी नहीं हो सका सत्यापन

- यूटा के संरक्षक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि 16 जून 2023 के आदेश में बीएसए ने सत्यापन का आदेश जारी किया है। उस दौरान गुगरापुर में पटल का चार्ज विमल पांडेय के पास है। कई लोग ऐसे हैं जिनके पति नहीं रहे। पत्नी को नौकरी मिली दो बच्चे हैं लेकिन वेतन नहीं मिल रहा है। जब शिक्षक परेशान हो जाते हैं तब एंटी करप्शन से शिकायत करते हैं। यूटा खुले मंच पर शिक्षकों के हित में लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षक संगठन बाबू के पक्ष में खड़े हैं वह बताएं कि शिक्षक संघ चला रहे हैं या बाबू का संघ है। यूटा संरक्षक ने आरोप लगाया कि दलाली करने वाले लोग बीएसए कार्यालय में संबद्ध हैं वह एरियर के सत्यापन के लिए ही रखे गए हैं। भर्ती होने के दो-तीन साल बाद भी शिक्षकों का सत्यापन नहीं हो सका है यह बड़े ही शर्म की बात है। तत्कालीन बीएसए ने 10 शिक्षकों को सत्यापन के लिए लगाया है जबकि नियम मुताबिक शिक्षक को संबद्ध नहीं किया जा सकता है। संरक्षक का कहना है कि कर्मचारी मिलकर सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। बीएसए जिले में नई हैं व पहली तैनाती है इसलिए बाबू उनको गुमराह कर रहे हैं। सच्चाई से अवगत नहीं करा रहे हैं। शिक्षकों को न्याय के लिए जहां जाना पड़ेगा वह जाएंगे।

# एंटीकरप्शन से शिकायत करने वाले शिक्षक को यूटा ने दिया खुला समर्थन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। एंटी करप्शन टीम से झूठी शिकायत करने के आरोप में निलंबित हो चुके गुगरापुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गौरीबांगर के शिक्षक अनुराग सिंह पहली बार सामने आए हैं। कहा है कि वीडियो में दिखने वाले दूसरे व्यक्ति को वह नहीं पहचानते हैं। उन्होंने वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को रुपये दिए थे। यूनाइटेड टीचर्स ऑफ एसोसिएशन (यूटा) ने अनुराग को खुला समर्थन देने और लड़ाई जारी रखने की बात कही।

पाल चौराहा के निकट एक होटल में शिक्षक अनुराग सिंह ने पत्रकारों से अपना पक्ष रखा। कहा कि सीसीटीवी फुटेज में दिखने वाले अन्य व्यक्ति को वह नहीं जानते हैं। वह पांडेय से शायद किसी स्कूल की मान्यता को लेकर मिलने आया था। उसी ने मारपीट की है। आरोप लगाया कि उससे एरियर निकालने के लिए 20 हजार रुपये की बात हुई थी। बेसिक शिक्षा विभाग में 10 फीसदी रुपये एरियर निकालने के लिए लिया जाता है। एंटी करप्शन की टीम बाहर थी, इसलिए उसे डर था और घबराहट हो रही थी। इससे पीछे खड़ा रहा। 10 हजार रुपये वह पहले दे चुका था। साथ खड़े दूसरे व्यक्ति की कोई कहासुनी हुई थी। उस दिन मीटिंग थी शिक्षक आए थे।


होटल में जानकारी देते निलंबित शिक्षक अनुराग सिंह (बीच में), यूटा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह व संरक्षक शैलेंद्र दुबे। अमृत विचार

● अनुराग ने कहा-मारपीट करने वाले को पहचानता नहीं

**600 शिक्षकों का अटका एरियर:** यूटा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह भदौरिया ने कहा कि उनका संगठन पंजीकृत है। कहा कि 29 फरवरी वाले मामले में उन्नाव के एक शिक्षक की संलिप्तता बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि वह यूटा का पदाधिकारी है। जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि उनका संगठन उन्नाव में नहीं है। सीसीटीवी फुटेज में जो संदिग्ध लोग दिखाई दे रहे हैं उसे एक एप के जरिए एडिट किया गया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि तीन बीईओ ने शिक्षक अनुराग सिंह के कागज सत्यापित किए हैं।

बीएसए ने जो पत्र जारी किया है उसमें एरियर के मामले में 11वें नंबर पर नाम भी है। आरोप लगाया है कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में करीब 1500 अध्यापक आए थे, उसमें करीब 600 को अब तक एरियर नहीं मिला है। उनके पास 22 शिक्षकों की सूची है और जिसमें 12 पात्र हैं व सत्यापन आ गया है। एक साल बाद भी एरियर नहीं निकाला गया। सत्यापन की आख्या गोपनीय होती है। शिक्षक को पता नहीं होता है। उन्होंने का कहा कि जब पीड़ित की सुनी नहीं जाती है तब वह किसी एजेंसी या एंटी करप्शन टीम के पास पहुंचता है।

## पशु-पक्षियों की प्यास बुझाएगा 'नेकी का हौदा'

**फतेहपुर।** मलवां कस्बे में नेकी का हौदा रखा गया है। जिससे पशु-पक्षी अपनी प्यास बुझा सकें। युवाओं के इस कार्य की लोगों ने सराहना की है।

युवाओं ने बताया कि गर्मी आते ही हमारे साथ ही पशु पक्षियों को भी पानी की आवश्यकता अधिक होने लगती है। हम तो पानी एकत्रित करके रख लेते हैं लेकिन पशु पक्षियों को पानी की तलाश करना पड़ता है। यदि छोटा सा प्रयास कर अपने घर के आस-पास पेड़ों में पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते हैं तो हर साल प्यास से मरने वाले पशु पक्षियों की संख्या में कमी आएगी। इसी उद्देश्य के साथ युवाओं ने पक्षी मित्र अभियान शुरू किया है। पक्षियों के प्यास की चिंता करते हुए युवा विकास समिति के युवाओं ने हाथ बढ़ाया है। शहर के विभिन्न स्थानों पर पक्षों में पशुओं के लिए पानी भोजन की व्यवस्था में जुट गए हैं।

समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा का कहना है कि गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है। ऐसे में मूक पशुओं पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते हैं।

# पेपर बिगड़ने पर छात्र ने दे दी जान

संवाददाता, कुदरकोट-औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नगला परसादी में रविवार को ग्रामीणों ने छात्र का शव पेड़ पर लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मौत के पीछे फिजिक्स का पेपर बिगड़ना बताया जा रहा है।


इरशाद अली।

जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय इरशाद अली पुत्र हैसियत अली निवासी नगला परसादी का शव घर के पीछे एक बबूल के पेड़ पर लटका मिला। रविवार को गांव के लोग खेतों पर काम करने के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में एक बबूल के पेड़ के सहारे शव लटका देखा तो लोगो ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। मृतक के भाई शकील ने बताया कि उसने 12वीं की परीक्षा दी थी। भौतिक विज्ञान का पेपर खराब हो जाने से वह काफी नाखुश था। सीओ अशोक कुमार, थानाध्यक्ष पूजा सोलंकी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। सीओ अशोक कुमार ने बताया कि छात्र इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहा था। जिसमे भौतिक विज्ञान का पेपर बिगड़ गया था, जिससे वह परेशान था और फांसी लगा ली। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।


छात्र की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# शराब छुड़ाने की दवा पीने के बाद दो युवकों की मौत

संवाददाता, पनवाड़ी-महोबा

**अमृत विचार।** शराब छुड़ाने के लिए वैद्य की दवा पीने से दो लोगों की मौत हो गई। परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैद्य को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की जा रही है।

जनपद हमीरपुर के थाना चिकासी के ग्राम रिहौटा निवासी रोहित पासवान (25) पुत्र मूलचंद्र पासवान, जनपद हमीरपुर के थाना मझगवां क्षेत्र के ग्राम रावतन टोला निवासी देवेंद्र राजपूत (27) पुत्र नारायणदास राजपूत शराब पीने के आदी थे। परिवार के लोग इनके शराब पीने से आजिज आ चुके थे। दोनो के परिजनों को जनपद महोबा के कस्बा पनवाड़ी निवासी उलू वैद्य द्वारा शराब छुड़ाने की दवा पिलाए जाने की जानकारी मिली, जिससे दोनो युवक के परिजन उन्हें कस्बा पनवाड़ी वैद्य के यहां ले गए। राठ रोड पर पावर हाउस के पास अपने मकान में वैद्य ने दोनो युवकों को दवा पिलाई, दवा पीते ही दोनो युवक बेहोश हो गए और जमीन पर लेट गए। इससे परिजन घबरा गए। वैद्य ने परिजनों को कुछ देर बाद होश में आने की बात कही।

परिजन काफी देर तक होश में आने का इंतजार करते रहे, दोनो युवकों का चेहरा पीला पड़ता देख परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी ले गए, जहां पर डाक्टरों ने दोनो युवकों को मृत घोषित कर दिया।

# फंसी एंबुलेंस, बच्चे की जान गई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर हाईवे पर जाम की वजह से अक्सर एंबुलेंस फंसती है और मरीज की जान जाती है। दो दिनों से तो जाम की स्थिति बहुत ही भयावह हो गई है। रविवार को दिन भर जाम से हाईवे पर लोग जूझते रहे। यातायात पुलिस जाम खुलवाने में जुटी रही। इन सबके बीच ही जिला अस्पताल इलाज के लिए बच्ची को लेकर आए रहे युवक पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, क्योंकि जाम में फंसे होने के कारण उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। सइसे बच्ची की मौत हो गई। मां- पिता के हाईवे किनारे बैठकर रोते देख हर किसी की आंख नम हो गई। जनपद कानपुर देहात के थाना अमरौधा के किसवा गांव निवासी संदेश बाइक से पत्नी अनीता के साथ एक माह की बीमार दुधमुंही बच्ची को लेकर जिला अस्पताल इलाज कराने आए रहा था। तभी यमुना पुल पर भीषण जाम में फंस गया। जाम में उसकी बच्ची ने दम तोड़ दिया। बेटी की मौत से मां को बिलखते देख लोगों की आंखें नम हो गईं। हाईवे पर कब कहां जाम लग जाए इसको लेकर हर कोई सशंकित रहता है। बाहर निकलने से पहले लोग गूगल मैप सर्च कर जाम की लोकेशन लेना नहीं भूलते हैं। रविवार को सुबह से लेकर अभी तक यातायात रेंग रहा है। कभी खुलता तो कभी लग जाता। जाम की वजह से बसें अपने गंतव्य तक घंटों देरी से पहुंचीं। वहीं अन्य वाहनों से आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कानपुर-सागर हाईवे टू-लेन बनने के बाद से वाहनों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। यहां से सागर होते हुए भोपाल जाने वाले भारी वाहनों को करीब 200 किमी बच जाता है। आए दिन जाम लगने से जिला मुख्यालय समेत कानपुर, लखनऊ जैसे शहरों में आने-जाने परेशानी होती है। इस समस्या का फिलहाल हल नहीं दिख रहा है।


रोते-बिलखते नवजात के माता- पिता।

# फसल बर्बाद हुई, किसान की हार्ट अटैक से मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● महोबा के ग्राम बम्होरी गोसाई में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम बम्होरी गोसाई ओलावृष्टि और तेज बारिश से बर्बाद हुई मटर लाही और चने की फसल को देखकर एक किसान की सदमे से मौत हो गई। किसान का परिवार खेती से ही चलता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्राम बमोरी गोसाई निवासी अशोक बाबू (65) पुत्र अर्जुन सिंह ने करीब 7 बीघा जमीन में गेहूं मटर चना लाही की फसल बोई थी। किसान ने फसल के लिए साहूकारों से कर्ज लिया था। इस साल फसल अच्छी थी जिससे साहूकारों का कर्ज अदा करने के बाद साल भर परिवार का खर्च चलने की उम्मीद थी।

## किसानों ने किया रेल रोको आंदोलन

**महोबा।** बुंदेलखंड किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में यूनियन के कार्यकर्ता सहित दो दर्जन किसानों ने रविवार को जैतपुर रेल फाटक दमन पर रेल रोको आंदोलन करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों के समझाने और आश्वासन के करीब दो घंटे बाद किसानों ने प्रदर्शन समाप्त किया। बर्बाद फसल का मुआवजा के साथ फसल बीमा दिलाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

# सरकार बनाएगा इंडिया गठबंधन : अजय राय

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि 2024 में इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत की केंद्र में सरकार बनाएगा। कांग्रेस पार्टी भाजपा की तरह झूठ नहीं बोलती है। गठबंधन साफ सुथरे चेहरे मैदान में उतारेगी।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को उरई में प्रेस के सवालों के जवाब के दौरान यह बात कही। जनता की मांग पर प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान अगर बनारस से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सामने चुनाव लड़ने के लिए कहेगी तो वह पीछे नहीं हटेंगे। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार तानाशाही पर उतारू है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष को रौंदने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेता अरविंद सिंह सेंगर ने दर्जनों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय का स्वागत किया।

इस दौरान नगर अध्यक्ष रेहान सिदीकी, संजीव तिवारी सीटू, चौ. श्याम सुंदर, मजहर खान, शेख, सिद्धार्थ भोलिया, अनुज मिश्रा, राहुल राय, राजकुमार वर्मा, सीटू, फैजानुल आदि मौजूद रहे।



पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर शोक व्यक्त करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष। अमृत विचार

## टिकट में कम भागीदारी पर अल्पसंख्यक खफा

**फर्रुखाबाद।** इंडिया गठबंधन में मुस्लिम समाज को टिकट में कम हिस्सा दिए जाने पर मुस्लिम धर्म गुरुओं ने भारी नाराजगी जताई है। उन्होंने गांव सोता बहादुरपुर में बैठक कर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस निर्णय की घोर निंदा की है। बदलाव न करने पर आंदोलन की भी चेतावनी दे दी है। मौलाना जफर कासमी ने सलमान खुर्शीद का नाम लिए बिना कहा कि कौम के नेता का टिकट काट दिया जाता है कि वह भाजपा से हार जायेंगे।

धर्म-अध्यात्म

राष्ट्रीय रामायण मेला में आए विद्वानों ने की रामकथा पर चर्चा, श्रीराम और सीता के चरित्र को बताया अनुकरणीय

# कैकेयी ने कलंक लिया तब श्रीराम बने मर्यादा पुरुषोत्तम

चित्रकूट कार्यालय


**अमृत विचार।** राष्ट्रीय रामायण मेला के तीसरे दिन भी मानस मर्मज्ञों ने रामकथा पर चर्चा की।

खंडवा के पं. रमेश चंद्र तिवारी ने कैकेयी चरित्र की गूढ़ता समझाई। कहा कि कैकेयी का बलिदान, तप और उनके द्वारा खुद के लिए गए कलंक के फलस्वरूप राम मर्यादा पुरुषोत्तम बने। उन्होंने कहा कि अगर कैकेयी अपने ऊपर यह अपयश न लेतीं तो राम जन-जन के नायक नहीं बनते। कैकेयी ने महाराज दशरथ से वरदान मांगकर राम को वन भेजा, जो जन और विश्व कल्याण का कारण बना। डॉ. संजय पंकज ने कहा कि कोई संदर्भ या प्रसंग हो उसे आप अगर राम से संबद्ध करते हैं तो राम उसमें समग्रता में समाहित दिखाई पड़ेंगे। विमल कुमार परिमल ने कहा कि मिथिला में प्रवेश करने के साथ ही राम के शौर्य और पराक्रम की शुरुआत हो जाती है। राम के भीतर का पुरुषार्थ मिथिला में जागृत होता है। जहां सीता साक्षात धरती थीं, वहीं राम ब्रह्मांड नायक। आज भी दोनों भारतीय समाज के लिए सबसे बड़े आदर्श हैं। डॉ. आशा कुमारी ने कहा कि सीता ने राम के जीवन को अपना जीवन मान लिया। गदरपुर उधमसिंहनगर के शिव कुमार मिश्र ने कहा कि प्रभु श्रीराम, जिनके नाम से राष्ट्रीय रामायण मेले का अभ्युदय हुआ, का सारा जीवनवृत्त भारतीय जीवन चेतना के शिखर पर अवस्थित है। वीरेंद्र प्रसाद शास्त्री ने कहा कि भरत नंदीग्राम में उसी तरह रहे जैसे चंपा के बाग में भौंरा।

भौंरा कभी भी चंपा के बाग में जाकर उसका पराग ग्रहण नहीं करता। भरत ने उस संपदा का उपभोग नहीं किया। राज्य त्याग की भावना से सुशासन से ही चलाया जा सकता है, शोषण की भावना से नहीं। डॉ. सुशील कुमार पांडेय साहित्येंदु ने दक्षिण भारत तथा दक्षिण पूर्व एशिया में कही जाने वाली रामकथाओं पर भी चर्चा की। वृंदावन के आचार्य कृष्णानंद ने चित्रकूट की महिमा बखानी। लक्ष्मी प्रसाद शर्मा ने कहा कि चित्रकूट की लीला पवित्र चित्तवालों की समझ में आती है। संचालन डॉ. चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित ललित ने किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार


गोष्ठी में उपस्थित विद्वान। अमृत विचार

### सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मन मोहा

● वृंदावन के पं. कैलाश शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति से वाहवाही लूटी। रामलीला के तहत अहिल्या उद्धार लीला का मनोहारी मंचन किया गया। भजन गायक रामाधीन आर्या, दिनेश सोनी, लखनलाल यादव, रघुवीर यादव ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। संस्कृति कला संगम यश चौहान नई दिल्ली के नेतृत्व में रामायण नृत्य नाटिका ने लोगों को भावविभोर कर दिया।

### अब मंद- मंद सिसक रही मां मोक्षदायिनी...

कवि सम्मेलन में रीना सिंह ने सरस्वती वंदना कर इसकी शुरुआत की। उन्होंने मंदाकिनी नदी की स्थिति पर क्षोभ जताया- मंद-मंद अब सिसक रही मां मोक्षदायिनी, पग-पग में करुण क्रंदन सुनो मां का। रायबरेली के कवि. डॉ. रसिक किशोर सिंह ने व्यंग्य रचना, सच्चाई जो जीते वे झूठे कहे गए, जमाने की आग तो बुझाते ही रह गए सुनाई। डॉ. घनश्याम अवस्थी ने राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत गीत सुनाया। गीतकार सुनील सौम्य, श्रीनारायण तिवारी, दिनेश दीक्षित संघर्षी ने भी रचनाओं से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। संचालन डा. रामलाल द्विवेदी 'प्राणेश' ने किया।

# चित्रकूट में हुआ देवांगना एयरपोर्ट का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रदेश के पहले टेबल टॉप एयरपोर्ट का लोकार्पण रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। आजमगढ़ में आयोजित समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी ने सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में देश के जिन 15 एयरपोर्ट का लोकार्पण किया उनमें चित्रकूट के देवांगना का टेबल टॉप एयरपोर्ट भी शामिल है। एयरपोर्ट के लोकार्पण के इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह एयरपोर्ट पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही गण्यमान्य लोग भी बने। लोगों ने मंच पर लगी बड़ी स्क्रीन से आजमगढ़ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि पीएम और सीएम के प्रयासों से अब चित्रकूट से जहाज उड़ने जा रहा है। यह खुशी का क्षण है। उन्होंने कहा कि जहां कभी डकैत विचरण करते थे, वहां से अब हवाई जहाज की उड़ान शुरू होना कानून व्यवस्था की बेहतरी को दिखाता है। उन्होंने इस मौके पर सरकारी योजनाओं का भी बखान किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, सीडीओ अमृत पाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, बांदा-चित्रकूट को-आपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, पूर्व सांसद रमेश चंद्र द्विवेदी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा रंजना उपाध्याय, कामतानाथ प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास, दिगंबर अखाड़ा के महंत दिव्य जीवन दास रहे।

### कार्यक्रम में अफरातफरी

व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाले लोगों द्वारा मीडियाकर्मियों, जनप्रतिनिधियों की संख्या का आकलन ठीक से न कर पाने की वजह से अफरातफरी का माहौल रहा। अधिकारी आगे की पंक्ति में विशिष्ट लोगों को बैठने की बात कहते हुए लोगों की मनुहार करते दिखाई दिए। इससे कुछ लोगों की उनको नाराजगी भी झेलनी पड़ी और कहासुनी भी हुई।

# राम दरबार के लिए नवंबर तक तैयार हो जाएगा गर्भगृह

कार्यालय,अयोध्या

**अमृत विचार :** राम मंदिर की भव्यता को बढ़ाने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। भूतल में रामलला को प्रतिष्ठित करने के बाद अब प्रथम तल पर राम दरबार के लिए गर्भगृह नवंबर तक बनाने का निर्णय लिया गया है।

मंदिर निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन रविवार को निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर निर्माण चल रहा है। बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। निर्माण कार्य करने की जो समय सारिणी बनाई गई है। उसके अनुसार ही परिणाम आएंगे। मंदिर का प्रथम व द्वितीय तल का निर्माण पूरा करने का कार्य चल रहा है। विशेष रूप से प्रथम तल, जहां राजाराम का दरबार होगा। वह नवंबर तक पूर्ण हो जाएगा।



रामलला का पंचामृत युक्त कलशों से अभिषेक कराते संत। अमृत विचार

कार्यदायी संस्था एलएंडटी के प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद मेहता ने बताया कि अधूरे निर्माण का कार्य चल रहा है। अंतिम दिन बैठक में निर्माण संस्था और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

निर्माण कार्य में लगे 1400 वर्कर -राम मंदिर को पूर्ण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मंदिर के प्रथम व द्वितीय तल और शिखर तक के निर्माण के लिए 1400 वर्करों को लगाया गया है। भूतल में लगे स्तभों में शेष तराशी के कार्यों को पूरा करने के लिए दक्षिण भारत से आये दो सौ कारीगरों को जिम्मेदारी दी गई है।



1108 कलशों का अनुष्ठान करते वैदिक आचार्य। अमृत विचार

# 1108 कलशों से हुआ रामलला का अभिषेक

कार्यालय,अयोध्या

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा से रामलला के दरबार में चल रहे मंडपोत्सव कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। अंतिम दिन सुबह रामलला की पालकी यात्रा निकाली गई। उसके बाद पूजन-अर्चन किया गया। गर्भगृह में ही रामलला के रजत विग्रह का विभिन्न औषधीय रसायन व पंचामृत से युक्त 1108 कलशों से रामलला का अभिषेक किया गया। इसके साथ ही रामलला को 56 व्यंजनों का भोग भी लगाया गया। राम मंदिर के भव्य उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कर कलश स्थापना के साथ मंडपोत्सव कार्यक्रम शुरु हुआ था। 48 दिवसीय इस अनुष्ठान में देश के विभिन्न क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले उद्योगपति और समाज सेवक शामिल हुए। मंडलोत्सव के संयोजक जगद्गुरु विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि हर दिन अनेक प्रकार के आयोजन होते रहे। विभिन्न तरह के यज्ञ अनुष्ठान हुए। वेदों का पाठ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

### राम लला के दर्शन को आज आएगी राजस्थान कैबिनेट

**अयोध्या :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 133 सदस्यीय दल सोमवार को अयोध्या पहुंचेगा। राजस्थान कैबिनेट के लोग सुबह आठ बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचेगा। इसमे कैबिनेट मंत्री, विधायक, अधिकारी शामिल होंगे। एयरपोर्ट पर भाजपा के लोग स्वागत करेंगे। अयोध्या में राम लला का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद दशरथ कुंड के पास राजस्थान भवन का भूमि पूजन होगा।

# अमेठी से राहुल व रायबरेली से प्रियंका के नाम पर रहा फोकस

## प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों के नाम पर हुई चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन के तहत प्रदेश कांग्रेस को मिलीं 17 सीटों को लेकर रविवार को प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में अमेठी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारे जाने पर जोर दिया गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में बाकी सीटों पर भी प्रत्याशियों के नाम पर मंथन हुआ। पार्टी सूत्रों के अनुसार पार्टी की पहली सूची में वायनाड से प्रत्याशी बनाए गए राहुल गांधी को अमेठी से भी चुनाव मैदान में उतारने पर जोर दिया गया। जब पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के अस्वस्थ रहने व स्थानीय लोगों की मांग के अनुरूप रायबरेली से प्रियंका गांधी को प्रत्याशी बनाने पर चर्चा हुई। इसी तरह, वाराणसी से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को



राहुल गांधी।



प्रियंका गांधी वाड्रा अमृत विचार

फिर से प्रत्याशी बनाने की चर्चा हुई। वह पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 के चुनाव में उन्हें 14.44 फीसदी वोट मिले थे। सहारनपुर में 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे इमरान मसूद को इस बार फिर प्रत्याशी बनाने की चर्चा हुई। सूत्रो ने बताया कि अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली को उतारने की तैयारी है। वे बसपा से निष्कासित किए जा चुके हैं। सीतापुर में भाजपा से इस्तीफा देकर सपा व बाद मे कांग्रेस में आए पूर्व विधायक राकेश राठौर को प्रत्याशी बनाने की तैयारी है। इसी प्रकार, बाराबंकी से तनुज पुनिया, झांसी से पूर्व सांसद प्रदीप जैन, गाजियाबाद से डॉली शर्मा, महराजगंज से विधायक वीरेंद्र चौधरी व अमनमणि त्रिपाठी व फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार प्रत्याशी हो सकते हैं। कानपुर से आलोक मिश्र, अजय कपूर व विकास अवस्थी के नाम पर विचार चल रहा है। मथुरा से पूर्व विधायक प्रदीप माथुर व पंडित राजकुमार रावत, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह और अजय कुमार लल्लू, बांसगांव से कमल किशोर व अनूप प्रसाद, बुलंदशहर में बंशी सिंह के नाम पर विचार चल रहा है। प्रयागराज सीट पर पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह व कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के नाम पर विचार चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि बैठक में चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने की संभावना को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधायक आराधना मिश्रा मोना आदि शामिल हुए।

## पांच छोटे दलों ने दिया कांग्रेस को समर्थन

**लखनऊः** लोक विधान पार्टी, मूलनिवासी समाज पार्टी, हिस्सेदारी घटक दल मोर्चा, समता समाज पार्टी और सत्य बहुमत पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना समर्थन कांग्रेस को दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने इस दौरान विचार भी व्यक्त किए।

मूलनिवासी समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीमसेन भारशिव एवं हिस्सेदारी घटक दल मोर्चा के संयोजक दीपक साहनी, समता समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश मौर्या, सत्य बहुमत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखराम प्रसाद, लोक विधान पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियतोष राव ने संयुक्त बयान में कहा कि वह कांग्रेस की नीतियों के पक्ष में हैं।

कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि यह समय लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली सभी ताकतों को एकजुट होने का है। आज फायदा नुकसान सोचने का भी समय नहीं है। आज बात सिर्फ देश हित और संविधान हित की होनी चाहिए।

# हरियाणा की सोनिया, काशी के रंजीत ने जीती हाफ मैराथन

कार्यालय,अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या में आयोजित रन फॉर राम में दौड़ लगाने के लिए रामनगरी के युवा के सड़क पर उतर आए। 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन के महिला वर्ग में हरियाणा की सोनिया व पुरुष वर्ग में काशी के रंजीत ने बाजी मारी। दोनों को ही डेढ़-डेढ़ लाख रुपये इनाम के तौर पर दिए गए। प्रतियोगिता में तीन हजार धावक शामिल हुए थे। 21 व 10 किलोमीटर दौड़ की प्रतियोगिता प्रातः 6 बजे व तीन किलोमीटर दौड़ 7:30 बजे प्रारंभ हुई। 10 किमी महिला दौड़ का प्रथम पुरस्कार 51000 तमसी सिंह मिर्जापुर 36.24 मिनट, दूसरा पुरस्कार 21000 ज्योति चौहान महाराष्ट्र 38.26 मिनट व तीसरा पुरस्कार 11000 दीपू कश्यप 39.12 मिनट ने प्राप्त किया। 10 किलोमीटर पुरुष दौड़ का प्रथम पुरस्कार अभिषेक कुमार हापुड़, द्वितीय अजय कुमार दिल्ली ने जीता।



प्रतियोगिता में दौड़ लगाते धावक। अमृत विचार

### हरियाणा के रोहित ने कानपुर के मोटी को दी पटखनी

**तारुन, अयोध्या :** तारुन थाना क्षेत्र के टिकरी में चल रही राष्ट्रीय कुश्ती दंगल में अयोध्या समेत कई प्रांतों के पहलवानों का दबदबा बरकरार है। रविवार को दूसरे दिन की कुश्ती के रोमांचक मुकाबलों में दर्शकों ने जमकर दंगल का आनंद लिया। रविवार को शुरू हुए मुकाबलों से पहले पहलवानों का अखाड़े में परिचय दिया गया। दंगल के दौरान जुटे दर्शकों में बाहर से आए पहलवानों को लेकर खासा आकर्षण दिखाई दिया। राष्ट्रीय कुश्ती में कई प्रदेशों से आए हुए पहलवानों में देवा शरीफ, नेपाल, और हनुमानगढ़ी अयोध्या के पहलवानों का दबदबा बरकरार रहा। पहले मुकाबले में रोहित पटेल हरियाणा ने मोटी कानपुर को पराजित किया। वहीं नामी पहलवान राजन दास ने मुन्ना टाइगर को शिकस्त दी। महिला पहलवान ज्योति चतुर्वेदी ने दांव मार कर पंजाब के पुरुष पहलवान रमन को चित्त किया। शास्त्री हरिद्वार ने विक्की पटियाला को पटकनी देकर आसमान दिखाया। सुल्तान वारसी देवा ने धाक दाव मारकर भवानी हिमाचल को हरा दिया।

# अवैध मदरसों पर नहीं रुकेगी कार्रवाईः मंत्री

कार्यालय,अयोध्या

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रदेश में संचालित हो रहे अवैध मदरसों पर कार्रवाई चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध मदरसों के संचालन को लेकर शासन गंभीर है। रविवार को यहां आईं माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि जैसी पारदर्शिता बोर्ड की परीक्षा में रही है वैसे ही पारदर्शिता मूल्यांकन में भी रहेगी उन्होंने कहा कि सारे मूल्यांकन निष्पक्ष रूप से होंगे और अच्छा रिजल्ट आएगा। उन्होंने बताया कि जो अवैध रूप से चल रहे हो चाहे वह मदरसे हो चाहे वह विद्यालय सभी पर एक्शन जारी रहेगा। लोकसभा चुनाव पर कहा जैसे ही चुनाव समाप्त होता है अगले चुनाव की तैयारी भारतीय जनता पार्टी शुरू कर देती है। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी विकास के आधार पर है, हम लोग विकास को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी। यहां सर्किट हाउस में उन्होंने माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधिकारियों के साथ मूल्यांकन की समीक्षा की।



शिक्षा मंत्री गुलाब देवी। अमृत विचार

## आउटर रिंग रोड का आज लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

**लखनऊः** 104 किलोमीटर लंबे आउटर रिंग रोड का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री वर्चुअली रूप से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। आउटर रिंग रोड का शिलान्यास 2016 में राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया था। आउटर रिंग रोड के चालू हो जाने से लखनऊ में जाम की समस्या दूर होगी। इससे लोग शहर के अंदर प्रवेश किये बिना गंतव्य तक जा सकेंगे। आउटर रिंग रोड चालू हो जाने से बाराबंकी, सीतापुर, अयोध्या, गोरखपुर, गोंडा, हरदोई, कानपुर, वाराणसी, सुल्तानपुर, रायबरेली आदि को फायदा मिलेगा।

# बैंक का नहीं तालीम का अकाउंट खोलें

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार।** प्रख्यात फिल्म अभिनेता रजा मुराद रविवार को एक निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में बाराबंकी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हमें उनका बैंक की जगह तालीम का अकाउंट खोलना चाहिये। क्योंकि बैंक खाता कभी भी धोखा दे सकता है। लेकिन तालीम वह खजाना है, जिसे कोई लूट नहीं सकता। बच्चों के ऊपर मां-बाप के बराबर ही एक शिक्षक का भी हक होता है। मां-बाप संस्कार देते हैं, लेकिन उनको तालीम एक शिक्षक ही देता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में अब बच्चियों की तालीम पर काफी ध्यान दिया जाता है। जिसका नतीजा है कि बच्चियां भी खुद को हर क्षेत्र में साबित करके दिखा रही हैं।

रजा मुराद ने हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न देने की मांग उठाई। उन्होंने सवाल किया कि अभी तक उन्हें भारत रत्न सम्मान से क्यों नहीं नवाजा गया। इस दौरान रजा मुराद ने विश्वप्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की हवेली को भी राष्ट्रीय स्मारक बनाये जाने का समर्थन किया। इस दौरान उन्होंने भोजपुरी फिल्मों और उनके गानों में परोसी जा रही अश्लीलता पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सेंसर बोर्ड का इस पर अंकुश लगाना काफी जरूरी है।वहीं आगामी लोकसभा चुनाव पर अपनी राय देते हुए रजा मुराद ने कहा कि जनता ही जनार्दन है, जिसे वह चाहेगी उसी को कुर्सी पर बिठाएगी। अगर किसी राजनीतिक दल ने अच्छा काम किया है, तो जनता उसे मौका जरूर देती है।



पत्रकारों से रूबरू होते अभिनेता रजा मुराद। अमृत विचार

# पीएम अजय का दायरा बढ़ा, लाभार्थी हुए दूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्यदुय (पीएम अजय) योजना की गाइडलाइन स्पष्ट न होने के कारण ज्यादातर जिले कार्य के बजाय कागजों में उलझे हैं और लाभार्थी योजना से कोसों दूर है। पिछले वर्ष उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की सभी ऋण संबंधित योजनाओं को पीएम अजय में समायोजित कर दायरा बढ़ाया गया था। पहले निगम एक लाभार्थी को स्वरोजगार के लिए सीधे ऋण देता था। जो नई व्यवस्था में समूह बनाकर बैंकों के माध्यम से देना है। लेकिन, समूह में कितने लोग होंगे, किस आधार पर और कैसे वितरण व कार्य होंगे, इसमें असमंजस है। जिलों पर जो आवेदन आए वह मानकों में फंसे हैं और लाभार्थी चक्कर लगा रहे हैं। उप निदेशक जय राम ने बताया कि योजना के मानक स्पष्ट हैं और सभी जगह काम हो रहे हैं। यदि कहीं समस्या है समाधान कराएंगे।

पहले निगम अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को अपनी योजनाएं लांड्री, ड्राइक्लीनिंग, टेलरिंग शॉप, दुकान निर्माण, आटा-मसाला चक्की आदि स्वतः रोजगार के लिए अनुदान पर ऋण देता था। अब एकीकृत योजना में लाभार्थी समूह बनाकर बड़े-छोटे प्रोजेक्ट के लिए ऋण ले सकते हैं। समूह के लिए लाभार्थी एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। कोई अकेले काम करना चाहता तो कोई अलग।

राजनीति | समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नई शिक्षा नीति पर तंज कसा

# सरकार ने शिक्षकों को अपमानित किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा का स्तर गिरा है। नई शिक्षा नीति गरीबों को शिक्षा से दूर करेगी। प्राथमिक, माध्यमिक, पॉलिटेक्निक और आईटीआई में छात्रों का एडमिशन कम हो रहे हैं। परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। छात्रों की परीक्षाएं रद्द करनी पड़ रही है। भाजपा सरकार ने शिक्षकों को अपमानित करने का काम किया है।

अखिलेश रविवार को सपा मुख्यालय में राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों और शिक्षक सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। लोकतंत्र बचाने में शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी है।



शिक्षक, बेरोजगार, नौजवान और किसान इस बार भाजपा को सत्ता से हटाएंगे। भाजपा और आरएसएस सबसे बड़ी परिवारवादी है। इनका कोई सिद्धांत नहीं है।

उन्होंने कहा कि मोहम्मद आजम खां ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा काम किया है। उन्होंने विश्वविद्यालय बनवाया। समाजवादी सरकार ने वित्तविहीन शिक्षकों के लिए 200 करोड़ रुपये का बजट दिया था। भाजपा सरकार ने इसे भी रोक दिया। समाजवादी सरकार ने शिक्षामित्र को समायोजित किया था, जिससे उन्हें अन्य शिक्षकों की तरह सम्मान मिल सके। शिक्षामित्र को समायोजित करने का वही रास्ता है जो समाजवादी सरकार ने किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीयत छात्रों को नौकरी देने की नहीं है। नौकरियों के फार्म दिखावा करने के लिए निकाला जाता है।

### दबाव में पद छोड़ रहे संवैधानिक अधिकारी

अखिलेश यादव ने चुनाव आयुक्त द्वारा इस्तीफा दिए जाने के सवाल पर कहा कि भाजपा सरकार में कई बार संवैधानिक संस्थाओं पर बैठे अधिकारियों को दबाव में पद छोड़ना पड़ा है। आखिर संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव किसका है।

बैठक में शिक्षक सभा ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन को जिताने का संकल्प लिया। शिक्षक सभा ने तय किया है कि लोकसभा चुनाव में शिक्षक सभा के प्रतिनिधि क्षेत्र में जाकर पार्टी प्रत्याशियों का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मांग पुरानी पेंशन बहाल होनी चाहिए, वित्त विहीन शिक्षकों को मानदेय मिलना चाहिए, शिक्षा का स्तर सुधारना चाहिए।

बैठक की अध्यक्षता समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्वकुलपति प्रो. बी पांडेय ने की। बैठक से पहले अखिलेश ने सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 'व्यापारियों के दम पर देश की अर्थ व्यवस्था हुई है मजबूत'

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन अपने कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को राजनीति में भागीदारी की बात करता है। देश व प्रदेश की राजनीति में व्यापारियों के आने से मजबूती मिलेगी। यही वर्ग देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्तमान परिस्थितियों में देश को विश्व पटल पर आगे बढ़ाने में सक्षम हैं। ये बातें संगठन के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कही।

वे मैरियाड बैंक्वेट्स में आयोजित उप्र उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश के विकास में व्यापारियों के योगदान को भूलाया नही जा सकता है। व्यापारियों की जी तोड़ मेहनत की बदौलत हमारी अर्थ व्यवस्था में मजबूती आती है।



सम्मेलन के समापन अवसर पर मंचासीन अतिथि। अमृत विचार

# नारी शक्ति से संभव पापियों का नाश

कार्यालय,अयोध्या

**अमृत विचार:** विश्व हिन्दू महासंघ का दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन रविवार को नारी सशक्तिकरण के संकल्प के साथ संपन्न हो गया। श्रीराघव मंदिर रामघाट अयोध्या में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि पापाचारियों का विनाश नारी शक्ति से ही संभव है। प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने कहा कि संगठन नारी सशक्तिकरण के लिए कृत संकल्प है। धर्माचार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरिओम पाठक ने भी मातृशक्ति का मार्गदर्शन किया। मातृशक्ति प्रदेश अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने संगठन के माध्यम से महिलाओं में जागरूकता लाने पर जोर दिया। प्रदेश महामंत्री रेखा श्रीवास्तव ने बताया कि सरयू आरती के बाद शनिवार देर शाम हुए इस सम्मेलन में आई महिलाओं ने सुबह रामलला का दर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता वाजपेयी, प्रदेश मंत्री सुमन पटेल व सुमन श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अयोध्या पल्लवी वर्मा, प्रज्ञा श्रीवास्तव, अमृता सिंह ने अपने विचार रखे। सम्मेलन में विहिम प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश यादव, गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दूबे व महामंत्री मनोज प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सपा ने बनवाया था आजमगढ़-मुरादाबाद एयरपोर्ट : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आजमगढ़ और मुरादाबाद का एयरपोर्ट नेताजी और समाजवादी पार्टी ने बनाया था, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को किया। सपा प्रमुख ने कहा कि डबल इंजन की सरकार एयरपोर्ट नहीं बना पा रही। रसूलाबाद में एक हवाई पट्टी बनाई थी, सरकार बनते ही उस पर हवाई जहाज उतार दिया। आज वहां पूरी हवाई पट्टी पर बबूल उग गया है। ये केवल दिखावा है। चुनाव आ गया है तो दिखाना है कि हमने कुछ काम किया है।

### स्वामी प्रसाद मौर्य हो सकते हैं इंडिया गठबंधन का हिस्सा

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी से हाल ही में निकलकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य से रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को लेकर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हो सकते हैं। सपा भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। सपा ने कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में 17 सीटें देने की घोषणा की है। स्वामी प्रसाद मौर्य के इंडिया गठबंधन में आने की स्थिति में सीटों के बंटवारें को लेकर पेंच फंस सकता है। सूत्रों का कहना है कि सपा द्वारा स्वामी प्रसाद मौर्य को एक भी सीट न दिए जाने की स्थिति में कांग्रेस अपने हिस्से की एक सीट दे सकती है।

# पिछली सरकारों ने चीनी मिलों को औने-पौने दामों पर बेचा : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


रविवार को गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर में अरबों रुपये की विकास योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री दया शंकर सिंह, मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर में अरबों रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने औने-पौने दाम पर चीनी मिली बेच दिया। लेकिन डबल इंजन की सरकार ने पिपराइच और मुंडेरवा चीनी मिल को चलाने के साथ औद्योगिकरण, विश्वविद्यालय, कॉलेज, सड़कें-पुल आदि तमाम सौगात दी। गोरखपुर समेत शहरों को इज ऑफ लिविंग के लिए ऐसा स्मार्ट बनाने का निर्देश दिया कि दुनिया सीखे।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर नगर निगम की 482 करोड़ रुपये की 253 विकास परियोजनाओं, देवरिया को 679 करोड़ रुपये की 673 विकास परियोजनाओं और कुशीनगर में 2,134 करोड़ की 483 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार 50 साल की गारंटी वाली सड़कें बनवा रही है। गोरखपुर शहर की सुंदरता में रामगढ़ताल की चर्चा करते हुए कहा कि जो रामगढ़ताल 7 साल पहले गंदगी और अपराध का गढ़ था, जिसके समीप सर्किट हाउस में किसी वीआईपी को ठहराने से पहले पीएसी लगानी पड़ती थी, वह आज सेल्फी और शूटिंग का केंद्र बन गया है। कहा कि आज गोरखपुर के पास सबकुछ है। इसे संजोने और संवारने का काम नगर निगम का है।

▸▸ **इज ऑफ लिविंग के लिए शहरों को स्मार्ट बनाने की जरूरत: मुख्यमंत्री**

देवरिया में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आम जनमानस 'फिर एक बार मोदी सरकार' का संकल्प ले चुकी है। अबकी बार एनडीए चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है।

कुशीनगर में योगी ने कहा कि भारत आज किसी के सामने झुकता नहीं और न तो अपने लक्ष्य से हटता है। ये आपके वोट की ही ताकत है कि पांच सदी का इंतजार खत्म हुआ और अयोध्या में भव्य श्रीराम लला का मंदिर बनकर तैयार हुआ। योगी ने सवाल भी पूछा कि क्या सपा, बसपा या कांग्रेस की सरकार होती तो राम मंदिर का निर्माण हो पाता। उन्होंने कहा कि आज देश की आवाज है, 'फिर एक बार मोदी सरकार।' अगर विकास और समृद्धि चाहिए तो इसके लिए लक्ष्मी जी की कृपा भी चाहिए और लक्ष्मी जी कमल पर बैठकर ही आती हैं।

**ये भी रहे उपस्थित**

कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, ग्राम्य विकास की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, सांसद सांसद रविकिशन शुक्ला, सांसद विजय कुमार दुबे, राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी, सांसद रविंद्र कुशवाहा, विधायक सादर डॉ शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक विवेकानंद पांडेय आदि मौजूद रहे।

## उपेक्षित पिछड़ी जातियों को 2.57 लाख सीएम आवास

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सात साल में कुल 2.57 लाख आवासों का आवंटन किया। खास बात ये है कि बड़ी संख्या में उपेक्षित मुसहर, कोल, वनटांगिया, थारू, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बोक्सा जातियों से जुड़े लोगों को आवास दिए गए हैं।

दिव्यांग और दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को भी योजना का भरपूर लाभ मिला है, जबकि कुष्ठ रोग, कालाजार और जापानी इंसेफेलाइटिस/एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियो से ग्रसित लोगो को भी आवास उपलब्ध कराए गए हैं। शासन के मुताबिक मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सरकार ने 2018-19 से 2023-24 तक मुसहर जाति से जुड़े लोगों को 47,795 आवास, कोल को 29,923, वनटांगिया को 4,838, थारू को 3,233, सहरिया को 6,979, चेरो को 5,367, बैगा को 1,584, नट को 2,220, बोक्सा को 164, और पछइया लोहार को 17 व गढ़इया लोहार को 11 आवास प्रदान किए गए हैं। वहीं, 71,257 आवास दिव्यागंजन को प्रदान किए गए हैं तो दैवीय आपदा से अपना मकान गंवाने वालों को भी 78,101 आवास प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा कुष्ठ रोग से पीड़ित 5,021, जेई/ एईएस को 674 और कालाजार पीड़ितों को 249 आवास आवंटित किए गए।

# श्रीराम के जीवन दर्शन से रूबरू होंगे नवोदित कलाकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **ललित कला अकादमी की ओर से अयोध्या में राष्ट्रीय चित्रकला शिविर आज से**

▸▸ **देश-प्रदेश के सुप्रसिद्ध 51 नामचीन चित्रकार लेगें हिस्सा तैयारी पूरी: निदेशक**

**अमृत विचारः** अयोध्या में श्रीरामलला के अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद राज्य सरकार नवोदित कलाकारों को श्रीराम के जीवन दर्शन से रूबरू कराएगी। रामोत्सव-2024 के अंतर्गत राज्य ललित कला अकादमी की ओर से 11 से 16 मार्च तक राष्ट्रीय चित्रकला शिविर इसका माध्यम बनेगा। इसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार हिस्सा लेंगे।

यह जानकारी देते हुए राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि रामोत्सव 2024 के जरिए अयोध्या में देश-प्रदेश के कलाकारों को कला-संस्कृति, साहित्य का बड़ा मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में कलाकृतियों के जरिए भी दिग्गज कलाकारों की शैली और तकनीक को जानने का अवसर भी छात्र छात्राओं को मिलेगा। राममय अयोध्या को कलाकार किस दृष्टि से देखते हैं, इस शिविर का आयोजन भी इसी उद्देश्य के साथ किया गया है। शिविर अवधि में वरिष्ठ कलाकारों द्वारा अपने कार्यों का स्लाइड शो व व्याख्यान भी दिया जाएगा। शिविर में स्थानीय स्तर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का सहयोग भी रहेगा।

बताया कि अयोध्या में देश के सभी प्रदेशों से आए सुप्रसिद्ध कलाकार भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन एवं उनसे संबंधित पात्रों को चित्र के माध्यम से जीवंत एवं मूर्त रूप में सृजित करेंगे। चित्रकला शिविर में नवोदित कलाकार एवं कला के विद्यार्थियों को चित्रकला की बारीकियों को देखने एवं सीखने का सुअवसर प्राप्त होगा। शिविर के तहत 51 वरिष्ठ कलाकार चित्रकला के जरिए युवाओं को श्रीराम का जीवन दर्शन बताएंगे। शिविर में प्रोफेसर एस प्रणाम सिंह, किशन सोनी, राजेंद्र प्रसाद, कन्नू पटेल, नवल किशोर सरीखे कलाकार हिस्सा लेंगे। शिविर अवधि में सभी प्रतिभागी कलाकारों द्वारा एक-एक कलाकृति का सृजन किया जाएगा। साथ ही कम से कम एक-एक स्केच भी चित्रित किया जाएगा। शिविर अवधि में सृजित चित्र और स्केच अकादमी के होंगे। इन्हें शिविर के पश्चात प्रदर्शित भी किया जाएगा।

# ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करते चार गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **25-30 हजार में छात्रों को नकल करने वाला दिया जाता है डिवाइस**

**अमृत विचारः** आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट की रविवार को आयोजित परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने वाले चार अभ्यर्थियों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। यह चारो आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट (लखनऊ) से पकड़े गए हैं। इनमें कन्नौज का अमित कुमार, आगरा का जयप्रकाश, जोधपुर राजस्थान का विकास बिश्नोई तथा पलवल जिले का अभिषेक हैं।

एसटीएफ के मुताबिक आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा सेना के अधिकारियों को इस बात से अगवत कराते हुए आर्मी इन्टेलीजेन्स लखनऊ टीम के साथ मिलकर आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट पहुंच गई। जांच के दौरान 4 अभ्यर्थियों को ब्लूटुथ डिवाइस के माध्यम से नकल करते हुए पकड़ लिया गया।

अभ्यर्थियों ने पूछताछ पर बताया कि वह आर्मी की परीक्षाओं की तैयारी करते थे। इस दौरान कुछ अन्य छात्रों ने बताया कि एके सिंह (आगरा) और कुनाल (दिल्ली) द्वारा 25-30 हजार में छात्रों को नकल करने वाला डिवाइस दिया जाता है। सम्बन्धित परीक्षा में उसी डिवाइस के माध्यम से प्रश्न पत्र हल कराने के बदले 5-5 लाख रूपये लिया जाता है।

## एसटीएफ ने 20 हजार के इनामी तस्कर को किया गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने रविवार को अन्तर्राज्यीय गो-तस्कर को आजमगढ़ से गिरफ्तार किया है। अबुल कैश उर्फ कैश मोहम्मद नाम के इस तस्कर की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इसके खिलाफ आजमगढ़ में 14 मुकदमें दर्ज हैं। आजमगढ़ एवं आस-पास के जनपदों से बिहार में गोवंश की तस्करी करने वाले गिरोहों की धर-पकड़ में जुटी एसटीएफ टीम को उसके गंभीरपुर क्षेत्र में होने की सूचना मिली। उसके टीम ने सक्रियता दिखाते हुए उसे दबोच लिया। अबुल कैश ने बताया कि लगभग तीन माह पूर्व एक पिकप गाड़ी में क्रुरता पूर्वक गो-वंषीय पशुओं को लोड होने का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में उसके और उसके साथी पप्पू यादव के खिलाफ गम्भीरपुर में मुकदमा दर्ज हुआ था। पिछले साल 8 दिसम्बर को गो-तस्करी के दौरान अपने सहयोगी पप्पू यादव के साथ मिलकर पुलिस टीम पर फायर करके भाग गया था। उस दौरान स्थानीय पुलिस ने एक मुठभेड़ में पप्पू यादव गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन अबुल कैश फरार हो गया था।

# सहारनपुर के विस्तार की कार्ययोजना बनाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **दिल्ली व अंबाला रोड को व्यावसायिक पोटेंशियल के दृष्टिगत बाजार मार्ग किया घोषित**

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने देवभूमि का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले सहारनपुर का महायोजना के तहत विस्तार करने की कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया है। इसमें सहारनपुर में औद्योगिक-व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास को सुनियोजित ढंग से अमलीजामा पहनाया जाएगा।

विस्तार वर्ष 2031 तक अनुमानित सहारनपुर नगर क्षेत्र की कुल जनसंख्या 11.77 लाख और योजना क्षेत्र की कुल अनुमानित जनसंख्या 13.73 लाख के अनुसार करने की योजना है। महायोजना के तहत निर्माणाधीन चुंहेटी देवला बाईपास के दोनों ओर 500 मीटर तक भू उपयोग, मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के निर्माण के दृष्टिगत जनता रोड पर मुख्यतः आवासीय भू उपयोग, देहरादून मार्ग पर औद्योगिक विकास के लिए उद्योग भू उपयोग और उद्योग शहर के बाहरी क्षेत्रों में स्थापित होने के अनुकूल भू उपयोग की योजना है। वहीं, दिल्ली रोड एवं अंबाला रोड को व्यावसायिक पोटेंशियल के दृष्टिगत बाजार मार्ग घोषित किया गया है जबकि व्यावसायिक एवं सामुदायिक भू उपयोग को मुख्य मार्गों से संबद्ध किया गया है। इसके अलावा महायोजना में वुड कार्विंग क्लस्टर के लिए भूमि चिन्हिकरण, लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग हब, वृहद सब सिटी सेंटर, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं शैक्षणिक सुविधाओं के लिए स्थान समेत अन्य सुविधाएं शामिल है। इसके साथ ही इकोनॉमिक डेवलपमेंट पर कार्य योजना बनाई जा रही है।

## भाजपा व लोकदल के समर्थकों ने कांग्रेस की सदस्यता की ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर हरदोई से भाजपा नेता पूर्व विधायक ओमेन्द्र वर्मा के साथ आये उनके समर्थकों ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में जनपद बहराइच के राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष डॉ. अजीमुल्ला खान के साथ आये लोगों ने भी कांग्रेस का दामन थामा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, डॉ. सीपी राय, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, अंशू अवस्थी, सचिन रावत, विक्रम पांडेय मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में रामनाथ वर्मा, साजिद हुसैन मंसूरी, शिवराज वर्मा, हरी सिंह, सईद अहमद, आरिफ बेग, अब्दुल अजीज, सगीर अहमद, समीर खान, आरए सिद्दीकी, अलिफ सिद्दीकी, मो. जैद, मो. आसिफ पूर्व बीडीसी सदस्यों के साथ सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# पांच राज्यों तक जुड़ा पेपर लीक कनेक्शन अब फिर पूर्वांचल में आकर ठहरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **हर गिरफ्तारी पर आए नए कनेक्शन ने एसटीएफ को उलझाया**

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले में एसटीएफ की जांच में अभी तक उप्र के अलावा पांच राज्यों तक जुड़ रहा कनेक्शन अब पूर्वांचल पर आकर ठहर गया है।

एसटीएफ की जांच में सामने आयी नई सूचना में पता चला कि कुछ लोग परीक्षा शुरू होने से पहले ही पेपर में आए सवालों की तैयारी करा रहे थे। इससे इस बात की आशंका गहरी हो गई है, पेपर कुछ दिन पहले ही लीक हो गया था। इस दिशा में वाराणसी और जौनपुर पर निगाह टिक गई है। एसटीएफ ने उन जिलों में अपनी सक्रियता तेज कर दी है।

दरअसल, पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ और जिले की पुलिस ने साढ़े तीन सौ अधिक गिरफ्तारी कर चुकी है, लेकिन अभी तक मास्टर माइंड पकड़ से दूर है। एसटीएफ सूत्रों का कहना है कि हर गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में नया एंगल सामने आ जा रहा है। कभी प्रिंटिंग प्रेस से पेपर लीक होने का अंदेशा सामने आया। इन सबके चलते उप्र के अलावा कभी बिहार तो कभी पश्चिम बंगाल तो कभी हरियाणा और मध्य प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का कनेक्शन सामने आया। इस दौरान कई गिरोहों के पकड़ में आने से तफ्तीश उलझती ही जा रही है, जिससे एसटीएफ अभी तक किसी नतीजे पर नही पहुंच पा रही है। इधर, हाल ही एसटीएफ की जांच में फिर कुछ ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिससे एक बार फिर उप्र में मास्टर माइंड के होने का अंदेशा हो चला है। इस क्रम में पूर्वांचल वाराणसी ओर जौनपुर में पेपर लीक की जड़ें तलाशी जा रही हैं।

# वेतनवृद्धि के लिए उप मुख्यमंत्री से मिले आउटसोर्स संघ के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत हैं 16 हजार आउटसोर्स कर्मचारी**

**अमृत विचार :** सरकारी चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत करीब 16 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर आउटसोर्स संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की।

संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें बताया कि वेतन बढ़ोतरी की पत्रावली शासन स्तर पर कई माह से लंबित है। पीजीआई, लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, केजीएमयू, कैंसर संस्थान में करीब 16 हजार आउटसोर्स कर्मचारी अलग-अलग पदों पर तैनात हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रितेश मल्ल और महामंत्री सच्चितानंद मिश्रा ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि आने वाले समय में आचार संहिता लग जाने से वेतन बढ़ोतरी का मामला रुक जाएगा। इसलिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव से वार्ता कर वेतन बढ़ोतरी के संदर्भ में उचित निर्देश जारी करवा दें। इस पर उप मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है।


## वर्ग पहेली-6

**बाएं से दाएं**

2.(संगीत) मध्य रात्रि में गाई जाने वाली षाड़व जाति की एक रागिनी।
3.1.रोब, डींग, झूठी शान, अकड़ 2.घमंड, अभिमान।
4.1.तंत्र-मंत्र या जादुई तरकीबों द्वारा किया जाने वाला कोई काम, जादू करने की कला 2.(अंधविश्वास) टोटका, झाड़-फूंक।
6.1.देहरहित 2.आकृतिविहीन।
7.1.तेज़ होने का भाव, गतिशीलता 2.उग्रता, प्रबलता, तीव्रता 3.प्रखरता, तीक्ष्णता, पैनापन 4.शीघ्रता, जल्दी 5.दक्षता, होशियारी 6.अधिक चंचलता या चपलता 7.चलन से अधिक भाव हो जाना, महंगाई, 'मंदी' का विलोम 8.उत्साह; जोश।
8.1.काजल रखने का डंडीदार लोहे का पात्र 2.गोदने की स्याही रखने का पात्र।

**ऊपर से नीचे**

1.1.अनंत 2.पूरा, समूचा, मुकम्मल 3.अपार 4.असंख्य।
2.हर हाल में।
5.1.किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखा जाना, (एनरोलमेंट) 2.किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखने के लिए शुल्क के रूप में लिया जाने वाला धन।
6.1.आवश्यकता से अधिक होने की अवस्था।



### वर्ग पहेली -5 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बु | 2 स | ना | | | | 3 फ़ |
| | ह | | 4 सू | बे | दा | री |
| | जा | | बे | | | द |
| | ति | | दा | | 5 हि | |
| 6 इ | क | रा | र | ना | मा | |
| षु | | | | | ल | |
| | | 7 अ | वि | धे | य | |

## सुडोकू -85

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | 4 | | | 6 |
| | | 8 | | 6 | | | 3 | |
| | | | 2 | | 1 | | 9 | |
| 7 | | 3 | | 9 | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | | 8 |
| | 4 | | 5 | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | | 2 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | 8 | |


### सुडोकू -84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 10 .44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 23 .02 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** – आज आर्थिक स्थिति बेहतर होने की संभावना है। यदि आपके बच्चे कॉलेज में पढ़ रहे हैं तो उनको लेकर तनाव हो सकता है। घर के सभी सदस्यों के साथ इसको लेकर चर्चा होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष** – आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। सावधानी के साथ धन का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है अन्यथा बड़ा नुकसान होने की प्रबल संभावना है। यदि पैसों को कहीं निवेश किया हुआ है तो वहां से नुकसान झेलना पड़ेगा।

**मिथुन** – आज दोस्तों से आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद है। पूरा दिन जोश से भरा हुआ होगा तथा जो काम कुछ दिनों से करने का सोच रहे थे वह कर देंगे। ऑफिस में कनिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कर्क** – आज किसी के साथ अनबन होने की संभावना है। ऐसे में पहले से ही किसी प्रकार के वाद-विवाद में पड़ने से बचें। शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। जीनवसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। परिवार में शांति का माहौल रहेगा।

**सिंह** – आज कुछ बातें अपने दोस्तों के साथ साझा करना चाहेंगे। इसके लिए व्यवहार में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है अन्यथा बातों को सही तरीके से समझा नहीं पाएंगे। पुराना डूबा हुआ धन मिलने की प्रबल संभावना है।

**कन्या** – आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहने वाला है तथा कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में पराक्रम में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर में सुख-शांति से रहेगी। अविवाहितों का विवाह तय हो सकता है।

**तुला** – आज व्यवहार में चिड़चिड़ापन देखने को मिलेगा। किसी के साथ कहासुनी भी हो सकती है। ऐसे में यदि आपने गुस्से को नियंत्रण में नहीं रखा तो बात बढ़ भी सकती है। धैर्य का परिचय देंगे तो बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक** – आज आप अपने घर में परिवर्तन संबंधी कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं या फिर कोई नया घर लेने का विचार भी किया जा सकता है। इसको लेकर सभी के बीच गहन चर्चा भी संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** – आज भाग्य आपके साथ हैं। बिगड़े हुए काम भी आसानी से बन जाएंगे। पैसा कहीं अटका हुआ है तो वह भी मिल जाएगा। पुरानी स्मृतियों को सोच मन कुछ व्यथित हो सकता है। एलर्जी की समस्या हो सकती है।

**मकर** – आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। कुछ बातों को लेकर खुशी मिलेगी तो कुछ में असफलता भी हाथ लग सकती है। ऐसे में बुद्धिमता से काम लेंगे तो बेहतर रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों को आप पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

**कुंभ** – आज कई ऐसे अवसर आएंगे जब आपको स्वयं को परखने की आवश्यकता पड़ेगी। इससे मन खट्टा तो होगा, लेकिन मनोबल में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर के लोगों का पूरा साथ मिलेगा। संबंधों में नई ताजगी महसूस करेंगे।

**मीन** – आज मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे तथा काम में मन नहीं लगा पाएंगे। आपको लेकर घर वाले परेशान रह सकते हैं। किसी बात को लेकर ठोस निर्णय ले सकते हैं। भावनाओं के बजाय समझदारी से काम करें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- मजाल – सुबह : 10 .49
- आज का रावण – रात : 07 .10

**Sony Max**
- 1942 : ए लव स्टोरी – सुबह : 10 .17
- रॉकी हैंडसम – रात : 10 .07

**Sony Pix**
- स्पाइडर-मैन : होमकमिंग – सुबह : 11 .16
- सिसु – रात : 07 .40

**Zee Cinema**
- सत्याग्रह – सुबह : 10 .30
- लॉस्ट – शाम : 04 .30

**Colors Cineplex**
- सनम बेवफा – सुबह : 11 .50
- अग्निपथ – रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात 10 .07 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू – इतना परेशान क्यों है?
गप्पू – अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू – तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू – उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी– कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू– हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी– अपनी आदत से।

एक नजर

## गो फर्स्ट समाधान पेशेवर को कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने वित्तीय संकट से जूझ रही 'गो फर्स्ट' विमानन कंपनी के समाधान पेशेवर (आरपी) को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि पट्टेदारों (किराए पर विमान मुहैया कराने वालों) के विमानों के निरीक्षण और रखरखाव की अनुमति देने संबंधी न्यायिक आदेशों की प्रथम दृष्टया जानबूझकर अवहेलना करने के लिए उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत के आदेशों को लागू करने की मांग करने वाले पट्टेदार द्वारा अवमानना कार्यवाही का अनुरोध किए जाने के बाद आरपी 12 अक्टूबर, 2023 के फैसले के कार्यान्वयन में कठिनाइयों की दलील नहीं दे सकता।

## ट्रेन में गोलीबारी करने में दो सिपाही बर्खास्त

**मुंबई।** पिछले साल जुलाई में मुंबई-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में चेतन सिंह चौधरी द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी के मामले में राजकीय रेलवे पुलिस (आरपीएफ) के दो सिपाहियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। चौधरी पर आरोप है कि उसने पिछले साल 31 जुलाई को ट्रेन मुंबई के पास पालघर में थी तब अपने वरिष्ठ अधिकारी एएसआई टीकाराम मीणा और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का है संकल्प

## महतारी वंदन योजना की शुरुआत कर मोदी बोले-डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण

रायपुर, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 'महतारी वंदन' योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य की 'डबल इंजन' सरकार (केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार) की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण है। प्रधानमंत्री मोदी ने समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने देश में तीन करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का संकल्प लिया है।

मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना' का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया। इस योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से रिमोट दबाकर इस योजना की शुरुआत की और 70 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 655 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। उन्होंने योजना की शुरुआत करते हुए कहा, ''छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को मेरा प्रणाम..आज मुझे नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाली 'महतारी वंदन योजना' को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है। महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को हर महीने एक हजार रुपये देने का वादा किया गया था। भाजपा सरकार ने अपना वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि आज महतारी वंदन योजना के तहत 655 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं के खाते में अब हर महीने बिना किसी परेशानी के यह पैसा आता रहेगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 (टी-1) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया। अब इसका कुल क्षेत्रफल तीन गुना होकर 2,06,950 वर्ग मीटर हो गया है। विस्तारित टर्मिनल-1 के उद्घाटन के साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वार्षिक क्षमता मौजूदा चार करोड़ यात्रियों से बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी। हवाई अड्डा परिचालक डायल के अनुसार, सभी प्रवेश द्वारों पर चेहरा पहचानने की प्रणाली (डिजी यात्रा), 20 ऑटोमेटेड ट्रे रीट्राइवल सिस्टम्स (एटीआरएस), इंडीविजुअल कैरियर सिस्टम (आईसीएस), 108 कॉमन यूजेज सेल्फ सर्विस (सीयूएसएस) और 100 चेक-इन काउंटर हैं, जिनमें 36 सेल्फ बैगेज ड्रॉप (एसबीडी) कियोस्क शामिल हैं।

### ग्वालियर, जबलपुर व पुणे, कोल्हापुर हवाई अड्डों की इमारतों का उद्घाटन

**भोपाल/ पुणे।** प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश में ग्वालियर और जबलपुर हवाई अड्डों की टर्मिनल इमारतों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि इस कार्यक्रम के लिए ग्वालियर हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र में पुणे और कोल्हापुर हवाई अड्डों के नए टर्मिनल भवनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। ये टर्मिनल भवन विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। सीएम यादव ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया के नाम पर नए हवाई अड्डे का उद्घाटन बदलते भारत के विकास का एक नया कीर्तिमान है।

# दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति 15 मार्च तक होने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- खोज समिति दोनों पदों के लिए पहले पांच-पांच नामों के दो अलग-अलग पैनल तैयार करेगी

चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे से बनी रिक्तियों को भरने के लिए 15 मार्च तक दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होने की संभावना है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले ही गोयल ने शुक्रवार सुबह चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया और कानून मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की। इससे मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार चुनाव प्राधिकरण के एकमात्र सदस्य रह गये हैं। पांडे 14 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के नेतृत्व में एक खोज समिति दोनों पदों के लिए पहले पांच-पांच नामों के दो अलग-अलग पैनल तैयार करेगी। इस समिति में गृह सचिव और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के सचिव शामिल होंगे। बाद में, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति, जिसमें एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल होंगे, चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए दो व्यक्तियों का नाम तय करेगी। इसके बाद नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि चयन समिति सदस्यों की सुविधा के आधार पर 13 या 14 मार्च को बैठक कर सकती है और नियुक्तियां 15 मार्च तक होने की संभावना है।

## संविधान में संशोधन के लिए भाजपा को दो-तिहाई बहुमत दिलाना जरूरी : हेगड़े

**करवार (कर्नाटक)।** भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने रविवार को कहा कि प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाने के लिये भाजपा संविधान में संशोधन करेगी। उन्होंने लोगों से लोकसभा में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत देने का आह्वान किया, ताकि देश के संविधान में संशोधन किया जा सके। हेगड़े ने छह साल पहले भी इसी तरह का बयान दिया था। हेगड़े ने कहा कि भाजपा को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी।

## कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों सहित कई पार्टी नेता भाजपा में शामिल

जयपुर, एजेंसी

**राजस्थान में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका**

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की राजस्थान इकाई को करारा झटका देते हुए राज्य की पूर्व सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र यादव और लाल चंद कटारिया सहित कई नेता रविवार को भाजपा में शामिल हो गए।

कांग्रेस के पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व निर्दलीय विधायक और गुजरात की पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल के बेटे आलोक बेनीवाल, कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चौधरी, पार्टी नेता रामपाल शर्मा, रिजु झुनझुनवाला और अन्य नेता भी भाजपा में शामिल हुए। जयपुर में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। भाजपा का दामन थामने वाले लाल चंद कटारिया और राजेंद्र यादव अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पूर्व कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे थे।

## तेलंगाना में बीआरएस के चार और कांग्रेस का एक नेता भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के दो पूर्व सांसद समेत चार नेता और कांग्रेस के एक नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्र में सत्तारूढ़ दल दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। भाजपा में शामिल होने वालों में बीआरएस के पूर्व सांसद जी. नरेश, सीताराम तथा पार्टी के पूर्व विधायक एस. रेड्डी और जलगाम वेंकट राव और कांग्रेस नेता श्रीनिवास गोमसे शामिल हैं। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। भाजपा नेता और पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य के. लक्ष्मण ने पार्टी में उनका स्वागत किया।



विदेश मंत्री एस जयशंकर नई दिल्ली के पुराना किला में विकसित भारत के दृष्टिकोण से संचालित कलाकृतियों की एक श्रृंखला बनाने के लिए आयोजित एक दिवसीय शिविर के दौरान कलाकार द्वारा बनाई गई पेंटिंग को देखते हुए। • एजेंसी

## राहुल ने गुजरात में यात्रा के अंतिम दिन सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

**तापी (गुजरात)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात चरण के अंतिम दिन रविवार को सूरत में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने यहां पत्रकारों को बताया कि चार दिन में गुजरात के सात जिलों से गुजरने के बाद यह यात्रा राज्य में समाप्त हो गयी है और यह एक दिन के विराम के बाद मंगलवार को महाराष्ट्र नंदुरबार जिले से फिर से शुरू होगी। राहुल ने सूरत जिले के बारदोली में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। रमेश ने कहा- कुछ मिनटों के लिए वह स्वराज निवास में गए जिसे 1922 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने बनवाया था।

# एसबीआई की अर्जी पर आज सुनवाई करेगा न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

**चुनावी बॉण्ड मामला**

- याचिका में एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का किया गया है अनुरोध



उच्चतम न्यायालय भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की ''जानबूझकर'' अवज्ञा की। सोमवार के लिए निर्धारित शीर्ष अदालत की मामलों की सूची के अनुसार, पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुबह साढ़े 10 बजे बैठेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं। कोर्ट ने गत 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

### अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारीः कपिल सिब्बल



राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि बढ़ाने का अनुरोध करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा बताए गए कारणों को ''बचकाना'' करार देते हुए रविवार को कहा कि अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी है और जब संविधान पीठ फैसला सुना चुकी है तो एसबीआई की याचिका को स्वीकार करना ''आसान नहीं होगा''। चुनावी बॉण्ड योजना के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में मामले में याचिकाकर्ताओं के लिए दलीलें सिब्बल के नेतृत्व में पेश की गईं। उन्होंने कहा कि एसबीआई का दावा है कि डेटा को सार्वजनिक करने में कई सप्ताह लगेंगे, जिससे ऐसा लगता है कि ''कोई किसी को बचाना चाहता है।'' सिब्बल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए वीडियो साक्षात्कार में कहा कि यह स्पष्ट है कि एसबीआई का इरादा सरकार का बचाव करना है, अन्यथा बैंक ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि 30 जून तक बढ़ाए जाने का ऐसे समय में अनुरोध नहीं किया होता जब अप्रैल-मई में चुनाव होने हैं।



एक नजर

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 625.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढोतरी होने से 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 619.07 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.04 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 554.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 56.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.42 अरब डॉलर हो गया।

## इंडियन बैंक के नए कार्यकारी निदेशक बने ब्रजेश कुमार सिंह

**चेन्नई।** केंद्र सरकार ने ब्रजेश कुमार सिंह को सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। बैंक ने रविवार को यह जानकारी दी। सिंह इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। इंडियन बैंक ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार ने नौ मार्च, 2024 की अधिसूचना संख्या 4/1(8) के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह को तीन साल के लिए इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक बनाया है।" इलाहाबाद कृषि संस्थान से कृषि स्नातक सिंह के पास बैंकिंग क्षेत्र में 28 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

# अगले 15 साल में मिलेगा 100 अरब डॉलर का निवेश

## भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने निवेश और वस्तुओं एवं सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। एफटीए के तहत ईएफटीए ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एफटीए पर हस्ताक्षर को 'ऐतिहासिक पल' करार देते हुए कहा कि यह भारत का ऐसे समूह के साथ पहला आधुनिक व्यापार करार है, जिसमें विकसित देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यापार करार में यह पहला मौका है, जब ईएफटीए ने अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार, सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है।

ईएफटीए सदस्यों की ओर से संघीय काउंसलर गाई पार्मेलिन ने कहा- एफटीए देशों को वृद्धि के एक प्रमुख बाजार तक पहुंच मिली है। हमारी कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक जुझारू बनाते हुए उनमें विविधता लाने का प्रयास करेंगी। इसके एवज में भारत को ईएफटीए से अधिक विदेशी निवेश मिलेगा। इससे अंततः अच्छी नौकरियों में वृद्धि होगी... कुल मिलाकर टीईपीए से हमें अपनी आर्थिक क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करने और अतिरिक्त अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।

### करार निष्पक्ष व्यापार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने रविवार को भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते को एक ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि यह एक मुक्त, निष्पक्ष और समानता वाले व्यापार के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल व्यापार, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तथा फार्मा जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेषण को लेकर ईएफटीए देशों की वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति से सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। मोदी ने एक लिखित संदेश में कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करने में शामिल वार्ताकारों और हस्ताक्षरकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

### समझौते से भारतीय बाजार में सस्ती होंगी स्विस घड़ियां, चॉकलेट

भारत ईएफटीए ब्लॉक के साथ अपने व्यापार समझौते के तहत कलाई घड़ियों, चॉकलेट, बिस्किट और दीवार घड़ियों जैसे उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पादों पर क्रमिक रूप से सीमा शुल्क को समाप्त कर देगा। इससे घरेलू ग्राहकों को कम कीमत पर इन उत्पादों तक पहुंच मिलेगी। भारत और चार-यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए ने आपसी व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। विभिन्न देशों में इस समझौते को मंजूरी देने की विस्तृत प्रक्रिया के कारण इसे लागू होने में एक साल तक का समय लगेगा।

# भारत अपनी नीतियों को टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्री बोले-सभी वैश्विक ईवी कंपनियों का स्वागत



भारत अपनी नीतियों को अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा। देश के कानून और शुल्क संबंधी नियम सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किए जाएंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है।

टेस्ला भारत में आने से पहले एक शुरुआती शुल्क रियायत मांग रही है। इससे उसे 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत सीमा शुल्क और अधिक मूल्य की कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की 'भरपाई' करने में मदद मिलेगी। गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है, क्योंकि बैटरी से चलने वाले वाहनों के अधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात बिल में भी कटौती होगी। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इसके लिए सरकार ऐसी नीतियां नहीं बनाएगी, जो किसी एक कंपनी के लिए फायदेमंद हों, बल्कि ऐसी नीतियां तैयार की जाएंगी, जो दुनिया के सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को भारत में आने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई पहल पर काम जारी है।

## कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर घोषित होने की संभावना है। वाणिज्यिक कोयला खान नीलामी का ताजा दौर कोयला मंत्रालय के नामांकित प्राधिकारी द्वारा 20 दिसंबर, 2023 को शुरू किया गया था। नौवें दौर में 32 कोयला खदानों को नीलामी पर रखा गया। अधिकारी ने कहा-नौवें चरण के नतीजे घोषित होने में अभी दो हफ्ते और लगेंगे। इसके अंदर ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, ऑफलाइन रूप में कुल 40 बोलियां प्राप्त हुई हैं।

## शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 71,301 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 71,301.34 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह के दौरान सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 374.04 अंक या 0.50 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद थे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 74,119.39 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22,493.55 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत घट गई।

## एफपीआई ने मार्च में 6,100 करोड़ रुपये का किया निवेश

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (मार्च में) अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपये डाले हैं। मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत पर रही है।

# मोबाइल विनिर्माण 10 साल में 21 गुना हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईसीईए के मुताबिक, बढ़कर 4.1 लाख करोड़ रुपये हुआ



भारत में मोबाइल फोन विनिर्माण मूल्य के लिहाज से पिछले 10 साल में 21 गुना होकर 4.1 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उद्योग निकाय आईसीईए ने बयान में कहा कि सरकार के पीएलआई जैसे नीतिगत उपायों ने स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने कहा कि भारत अब अपनी कुल मोबाइल फोन मांग का 97 प्रतिशत स्थानीय स्तर पर उत्पादित करता है और चालू वित्त वर्ष (2023-24) में कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत निर्यात के लिए है। आईसीईए ने कहा-मोबाइल फोन का उत्पादन 2014-15 के 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 4,10,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2,000 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2014-15 में भारत से मोबाइल फोन का निर्यात महज 1,556 करोड़ रुपये था। उद्योग को वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक 1,20,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निर्यात की उम्मीद है। इसका मतलब होगा कि एक दशक में निर्यात में 7,500 प्रतिशत की वृद्धि होगी। विनिर्माण पर एक नोट के अनुसार, स्मार्टफोन के क्षेत्र में एप्पल और सैमसंग ने देश से मोबाइल फोन निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत निर्मित उपकरणों को बड़ी मात्रा में ब्रिटेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली अमेरिकी बाजारों में निर्यात किया जा रहा है।



## खेल डायरी

### डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक्लेस्टोन, नवगिरे पर लगा जुर्माना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपी वारियर्स की सोफी एक्लेस्टोन और किरण नवगिरे पर यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दोनों पर शुक्रवार को हुए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बयान के अनुसार, सोफी और किरण दोनों ने अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक का उल्लंघन स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण के दुरुपयोग से संबंधित है। इसके अनुसार, आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और मान्य होता है।

### एनसीएए चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर परवेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय एथलीट परवेज खान बोस्टन में अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप में एक मील ट्रैक स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रहे। परवेज एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। फाइनल में उन्होंने 4 मिनट 03.05 सेकेंड का समय लिया और उन्हें सातवें स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। इस एथलीट ने इससे पहले प्रारंभिक दौड़ में 3 मिनट 57.126 सेकेंड में तीसरा स्थान पाया था। परवेज इस प्रतियोगिता में फ्लोरिडा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। हरियाणा के परवेज ने 2022 के राष्ट्रीय खेलों में 1500 मीटर में स्वर्ण जीता था।

### नीरज चोपड़ा ने किया प्रतिभा पहचान कार्यक्रम का समर्थन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार के राष्ट्रीय स्तर के खेल विकास कार्यक्रम कीर्ति का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें देश के शैक्षणिक तंत्र में बड़े बदलाव लाने की क्षमता है। खेल मंत्रालय ने स्कूली बच्चों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम कीर्ति को शुरू किया है। इसके तहत प्रतिभा की पहचान करके उनके कौशल को निखारा जाएगा। साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया के वीडियो में चोपड़ा ने कहा कि हमें 13-14 आयु वर्ग के बच्चों को यह बताना होगा कि उन्हें खेल और शिक्षा दोनों पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर स्कूल भी उनका समर्थन करके चीजों को संतुलित कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा।

### सात्विक और चिराग की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन का युगल खिताब किया अपने नाम



**पेरिस, एजेंसी।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने रविवार को यहां फ्रेंच ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ दूसरी बार फ्रेंच ओपन बैडमिंटन पुरुष युगल का खिताब जीता। दुनिया की नंबर एक भारतीय जोड़ी ने इससे पहले 2022 में इस खिताब को जीता था। यह जोड़ी 2019 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता थी। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने ली और यांग को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 21-17 से हराकर सत्र का पहला खिताब जीता। भारतीय जोड़ी इस साल मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 में दूसरे स्थान पर रही थी जबकि पिछले साल चाइना मास्टर्स सुपर 750 में भी उपविजेता रही थी।

# टेस्ट रैंकिंग में भारत नंबर 1, तीनों प्रारूप में शीर्ष पर

## भारत ने 5 मैच की श्रृंखला 4-1 से जीतकर आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान किया हासिल

**दुबई, एजेंसी**

भारत ने धर्मशाला में इंग्लैंड को करारी शिकस्त देकर 5 मैच की श्रृंखला 4-1 से जीतकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान पर अब भारत है। इस तरह से भारतीय टीम खेल के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गई है। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में पहले ही शीर्ष पर है।

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच का परिणाम कुछ भी रहे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम शीर्ष पर रहेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा विजेता ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीता था और वह अभी श्रृंखला में 1-0 से आगे है। भारत के टेस्ट रैंकिंग में अब 122 रेटिंग अंक हो गए हैं जो ऑस्ट्रेलिया से 5 अधिक हैं। इंग्लैंड की टीम 111 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। वनडे में भारत के 121 रेटिंग अंक हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया 118 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत के 266 अंक हैं। इंग्लैंड इस प्रारूप में 256 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत सितंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहा था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला बराबरी पर छूटने के कारण भारत दूसरे नंबर पर खिसक गया था।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके भारत की जगह पहला स्थान हासिल किया था। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 28 रन से हार गया था लेकिन इसके बाद उसने अगले चार टेस्ट मैच जीतकर शानदार वापसी करके आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया।

**टेस्ट**

| टीम | रेटिंग |
|---|---|
| भारत | 122 |
| ऑस्ट्रेलिया | 117 |
| इंग्लैंड | 111 |
| न्यूजीलैंड | 101 |
| दक्षिण अफ्रीका | 99 |
| पाकिस्तान | 89 |
| वेस्ट इंडीज | 81 |
| श्रीलंका | 79 |
| बांग्लादेश | 51 |
| ज़िम्बाब्वे | 32 |

**वन-डे**

| टीम | रेटिंग |
|---|---|
| भारत | 121 |
| ऑस्ट्रेलिया | 118 |
| दक्षिण अफ्रीका | 110 |
| पाकिस्तान | 109 |
| न्यूज़ीलैंड | 102 |
| इंग्लैंड | 96 |
| श्रीलंका | 91 |
| बांग्लादेश | 87 |
| अफ़ग़ानिस्तान | 81 |
| वेस्ट इंडीज | 71 |

**टी-20**

| टीम | रेटिंग |
|---|---|
| भारत | 266 |
| इंग्लैंड | 256 |
| ऑस्ट्रेलिया | 255 |
| न्यूज़ीलैंड | 254 |
| पाकिस्तान | 249 |
| दक्षिण अफ्रीका | 249 |
| वेस्ट इंडीज | 245 |
| श्रीलंका | 233 |
| बांग्लादेश | 228 |
| अफ़ग़ानिस्तान | 218 |

### हमें इस शब्द 'बैजबॉल' ने भ्रमित कर दियाः नासिर हुसैन



**धर्मशाला।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हार पर निराशा व्यक्त करते हुए टीम के बल्लेबाजों को व्यक्तिगत प्रदर्शन पर काम करने और 'बैजबॉल' के प्रति जुनून छोड़ने की सलाह दी। इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में बैजबॉल शैली को अपनाया लेकिन भारत के खिलाफ यह रणनीति नहीं चली और उसे हार मिली। बैजबॉल शब्द इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रैंडन मैकुलम के उपनाम 'बैज' से लिया गया है। हुसैन ने कहा कि हम इस शब्द बैजबॉल से भ्रमित हो गए। टीम और टीम प्रबंधन को बैजबॉल रास नहीं आ रहा है। उन्हें अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन पर ध्यान देने की जरूरत है। विपक्षी टीम को देखिए। उन्होंने जिंदगी के हर पहलू की तरह प्रयास किया और उनसे सीख ली। फिर हमारा पतन क्यों हुआ। जैक क्रॉली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में क्यों नहीं बदल पाए। बेन डकेट ने तब आक्रामक रवैया अपनाया जब गेंद काफी नई थी। बेन स्टोक्स पूरी श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

## जिस दिन लगेगा अच्छा नहीं खेल पा रहा हूं, संन्यास ले लूंगा : रोहित

**धर्मशाला, एजेंसी**



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह इस समय अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे हैं लेकिन जिस दिन उन्हें लगेगा कि वह अच्छा नहीं खेल पा रहे, वह तुरंत खेल को अलविदा कह देंगे। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को एक पारी और 64 रन से हराकर श्रृंखला 4-1 से जीत ली। रोहित ने मैच के बाद जियो सिनेमा से कहा कि एक दिन जब मैं सुबह उठूंगा और मुझे लगेगा कि मैं अब अच्छा नहीं खेल सकता तो मैं तुरंत रिटायर हो जाऊंगा, लेकिन पिछले कुछ साल से मैं अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहा हूं। रोहित ने 2019 के बाद से टेस्ट क्रिकेट में नौ शतक लगाए हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की है कि रोहित इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करेंगे। श्रृंखला जीतने का श्रेय टीम को देते हुए उन्होंने कहा कि जब आप इस तरह टेस्ट जीतते हैं तो सब कुछ सही हो जाता है। एक समय पर लोग जाएंगे और आएंगे, यह हम जानते हैं। इन युवा खिलाड़ियों के पास भले ही अनुभव नहीं है लेकिन उन्होंने काफी क्रिकेट खेला है और मैंने देखा है कि दबाव का बखूबी सामना किया है। जीत का श्रेय पूरी टीम को जाता है।

### मुझे नहीं लगता रोहित बेहतर कप्तान थे, उनके गेंदबाजों ने कमाल कियाः स्वान



इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि टेस्ट श्रृंखला में रोहित शर्मा की कप्तानी बेन स्टोक्स से बेहतर नहीं थी, लेकिन उनके गेंदबाजों ने कमाल किया जिससे भारत ने जीत दर्ज की। शुरू से लेकर अंत तक स्टोक्स की नेतृत्व शैली ने सभी का ध्यान खींचा, लेकिन रोहित की अगुवाई वाली टीम 4 मैच जीतकर बड़े अंतर से श्रृंखला नाम की। स्वान ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एक कप्तान के रूप में वह बेहतर थे क्योंकि उनके गेंदबाजों ने कमाल किया। उनके पास अच्छी मारक क्षमता थी। मुझे गलत मत समझो, रोहित अच्छा कप्तान है लेकिन मेरा मानना है कि अगर आप इस संदर्भ में कहते हैं कि स्टोक्स ने खराब कप्तानी की तो मुझे लगता है कि आप गलत कह रहे हैं। पहले मैच में वे नहीं चल पाए लेकिन अंतिम 4 मैच में उन्होंने शानदार गेंदबाजी करके कप्तान का काम आसान किया।

## बजरंग, रवि ओलंपिक क्वालीफिकेशन दौड़ से बाहर

**सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी**





ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और रवि दहिया रविवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल में अपने मुकाबले हारने के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गए। पूनिया को पुरुषों के फ्रीस्टाइल 65 किग्रा सेमीफाइनल में रोहित से 1-9 से हार मिली। इससे पहले वह रविंदर से मुश्किल से जीत पाए थे। अगर रविंदर ने चेतावनी से अंक नहीं गंवाया होता तो पूनिया पहले ही बाहर हो गए होते। हारने के बाद पूनिया गुस्से में तुरंत भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से चले गए। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों ने पूनिया के डोप नमूने लेने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रूके। पूनिया ने ट्रायल्स के लिए रूस में ट्रेनिंग ली थी। ये ट्रायल्स भारतीय ओलंपिक संघ के तदर्थ पैनल द्वारा कराए जा रहे हैं। पूनिया ने हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट में यह कहते हुए मुकदमा जीता था कि निलंबित डब्ल्यूएफआई के पास ट्रायल्स का अधिकार नहीं है। पुरुष 57 किग्रा (नोर्डिक प्रारूप में) हमेशा मुश्किल वर्ग रहा है जिसमें तोक्यो के रजत पदक विजेता रवि दहिया और अमन सेहरावत दौड़ में थे। चोट से वापसी कर रहे दहिया बड़े स्कोर वाले पहले मुकाबले में अमन से 13-14 से और अगले मुकाबले में उदित से हार गए।

# रोमांचक मैच में आरसीबी को एक रन से हराकर दिल्ली प्लेऑफ में

## जेमिमा ने अर्धशतक बनाकर एलिस के साथ 97 रन की साझेदारी की

**नई दिल्ली, एजेंसी**




दिल्ली कैपिटल्स ने जेमिमा रोड्रिग्स (58) के 26 गेंद में बनाए अर्धशतक और एलिस कैप्से (48) के साथ तीसरे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी से रविवार को डब्ल्यूपीएल के रोमांचक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को एक रन से मात देकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया।

दिल्ली की यह पांचवीं जीत थी, जिससे टीम 10 अंक से शीर्ष पर है। दिल्ली ने 5 विकेट पर 181 रन का स्कोर बनाया और आरसीबी ने 7 विकेट गंवाकर 180 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने आरसीबी को जीत के करीब पहुंचा था लेकिन भाग्य ने साथ नहीं दिया और वह अंतिम गेंद पर रन आउट हो गई जब एक गेंद में दो रन की जरूरत थी। अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले ऋचा ने 29 गेंद में 4 चौके और 3 छक्कों से 51 रन बनाए। आरसीबी के लिए एलिस पैरी ने 49, सोफी मोलिनेक्स ने 33 और सोफी डेविने ने 26 रन बनाए। कप्तान स्मृति मंधाना (5) का विकेट दूसरे ओवर में गिरा, लेकिन सोफी और एलिस ने दूसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। पैरी के बाद मोलिनेक्स भी आउट हो गई। सोफी डेविने (26) और ऋचा ने चौथे विकेट के लिए 32 गेंद में 49 रन बनाकर टीम की उम्मीद कायम रखी। डेविन के आउट होने से सभी की निगाहें ऋचा पर थीं। जेस जोनासेन के अंतिम ओवर में आरसीबी को 17 रन बनाने थे। ऋचा ने पहली गेंद पर छक्का जड़ा, अगली गेंद पर कोई रन नहीं बना। तीसरी गेंद पर दिशा कसात रन आउट हुईं। चौथी गेंद पर ऋचा ने 2 रन लिए और अगली गेंद को डीप मिडविकेट पर गगनचुंबी छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया। पर अंतिम गेंद में शेफाली और जोनासेन ने ऋचा को आउट कर आरसीबी को झटका दिया। इससे पहले आरसीबी की ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल ने 26 रन देकर 4 विकेट लिए। दिल्ली के लिए रोड्रिग्स ने 34 गेंद में 58 रन बनाए जिसमें 8 चौके और 1 छक्का था। उन्होंने और कैप्से ने तीसरे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी की। कप्तान मेग लैनिंग (29) और शेफाली (23) ने पहले विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। रोड्रिग्स ने जॉर्जिया वारेहैम पर छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया। रोड्रिग्स ऑफ स्पिनर श्रेयंका की गेंद पर पैडल स्वीप खेलने में बोल्ड हो गई। कैप्से भी श्रेयंका की गेंद पर बोल्ड हुईं।



# शार्दुल के खेल से विदर्भ के खिलाफ मुंबई का पलटवार

**रणजी फाइनल**




**मुंबई, एजेंसी**

श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे का रणजी में खराब प्रदर्शन जारी रहा लेकिन शार्दुल ठाकुर के खेल के दम पर मुंबई फाइनल के शुरुआती दिन विदर्भ के खिलाफ वापसी में सफल रहा। शार्दुल ने 69 गेंद में 5 चौके और 3 छक्के की मदद से 75 रन बनाए, जिससे 111 रन पर 6 विकेट गंवाने वाली मुंबई ने 224 रन बनाए।

शार्दुल ने गेंदबाजी कर विदर्भ के ध्रुव शोरे को पगबाधा किया। दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने 3 विकेट पर 31 रन बनाए। टीम मुंबई से 193 रन पीछे है। स्टंप्स के समय अथर्व तायडे (21) और रात्रि प्रहरी आदित्य ठाकरे क्रीज पर थे। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने अमन मोखाडे (8) और करुण नायर (0) को विकेटकीपर हार्दिक तामोरे के हाथों कैच कराकर मुंबई का दबदबा बनाया। मुंबई ने बिना नुकसान के 81 रन बना लिए थे, लेकिन लंच के पहले और बाद में टीम 111 रन तक 6 विकेट गंवा दिए। राहणे और अय्यर ने 7-7 रन बनाए। दिन के पहले सत्र में उमेश यादव (43 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के खिलाफ मुंबई के पृथ्वी साव (46) और भूपेन लालवानी (37) ने रन बनाए। इस गेंदबाज ने लंच के बाद अय्यर का विकेट लिया। 20वें ओवर में तेज गेंदबाज यश ठाकुर (54 रन पर 3 विकेट) ने लालवानी को आउट कर पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी को तोड़ा। कप्तान अक्षय वाखरे ने स्लिप में उनका शानदार कैच लपका। साव वामहस्त स्पिनर हर्ष दुबे (62 रन पर 3 विकेट) की गेंद पर बोल्ड होकर अर्धशतक से चूक गए। मुशीर खान (6) हर्ष की फिरकी से पगबाधा हो गए। महज 30 रन के अंदर 6 विकेट मुंबई ने गवां दिए। क्रीज पर आए शार्दुल ने कुछ चौके लगाकर विदर्भ के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। एक छोर से वह तेजी से रन बना रहे थे तो वही दूसरे छोर से पुछल्ले बल्लेबाजों का विकेट गिर रहा था। वह आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे।






## पृथ्वीराज की 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पृथ्वीराज सुकुमारन इन दिनों इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन बेहतर जीवन के तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन उनके सामने जीवन की कई मुश्किलें सामने आ रही हैं और वे खुद भी कष्टों में जूझ रहे हैं। फिल्म लोकप्रिय बेस्टसेलर उपन्यास 'आदु जीविथम' पर आधारित है। मशहूर लेखक बेन्यामिन द्वारा लिखित यह उपन्यास एक युवक नजीब के जीवन की सच्ची कहानी है, जो 90 के दशक की शुरुआत में विदेश में भाग्य की तलाश में केरल के हरे-भरे तटों से पलायन करता है। पृथ्वीराज ने कहा कि यह एक लंबी यात्रा रही है और आसान नहीं है। एक दशक के लंबे इंतजार के बाद दर्शकों को हमारी कड़ी मेहनत और उथल-पुथल का फल देखने को मिलता है। कोविड के दिनों से लेकर आज तक 'द गोट लाइफ' अप्रत्याशित और अविस्मरणीय यात्रा रही है। एआर रहमान जैसे उस्ताद को संगीत को जीवंत करते देखना सम्मान की बात है।

### ऐश्वर्या, प्रियंका और दीपिका से मिलती है आलिया भट्ट को प्रेरणा



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री आलिया भट्ट को ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण से प्रेरणा मिलती है। आलिया भट्ट ने बताया कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों ने बेहतरीन काम किया है और वो मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, ऐसी कलाकार हैं जो मेरी दोस्त भी हैं। मैं भी उनकी तारीफ करती हूं इसलिए मुझे उन्हें बहुत अधिक श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने एक तरह से रास्ता बनाया है। आलिया ने कहा कि मुझे यह भी लगता है कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहां विविधता समय की मांग है। आप दुनिया के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग चेहरों को अलग-अलग लहजे में बोलते हुए देखना चाहते हैं। लेकिन सभी एक ही का हिस्सा हैं।

## फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी



**मुंबई, एजेंसी।** बी4यू मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत नीलम तिवारी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड (ओपीसी) के बैनर से बनने वाली भोजपुरी फिल्म बड़े घर की बेटी की शूटिंग शुरू हो गई है। बड़े घर की बेटी में अंजना सिंह और यामिनी सिंह मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, अंजनी तिवारी और नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक संजीव बोहरपी हैं। फिल्म के निर्देशक संजीव बोहरपी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग चल रही है। बचपन में मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े घर की बेटी पढ़ा था, फिर इस टाइटल से हिंदी सिनेमा में फिल्म भी बनी थी। लेकिन हमारी यह फिल्म इन दोनों से अलग है और फ्रेश कहानी के साथ हम दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म की कास्टिंग भी कहानी के हिसाब से ही की गई है इसलिए हमें लगता है कि यह फिल्म दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स को भी पसंद आएगी। वहीं फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि कथ्य प्रधान फिल्मों में काम करने का अपना ही अंदाज होता है। मैंने भोजपुरी में बहुत सारी फिल्में की हैं, लेकिन यह फिल्म उन सभी से अलग है और मैं उम्मीद करती हूं कि जब भी रिलीज होगी, दर्शक इसे जरूर सिनेमाघर में जाकर देखेंगे। यामिनी सिंह ने कहा कि अलग-अलग तरह की कहानी के किरदार को जीना मेरी प्राथमिकता रही है। उम्मीद है यह फिल्म भी दर्शकों को बेहद पसंद आए। फिल्म बड़े घर की बेटी का कथा संवाद अरविंद तिवारी ने लिखा है और कला अंजनी तिवारी का है। डीओपी विजय मंडल का है। नृत्य कानू मुखर्जी, सोनू प्रीतम, संगीत साजन मिश्रा और गीत प्यारेलाल यादव, अरबिंद तिवारी का है। फिल्म के कार्यकारी निर्माता-अभिषेक त्रिपाठी हैं इस फिल्म में अंजना सिंह, यामिनी सिंह, अविनाश साही राकेश बाबू, संतोष श्रीवास्तव, प्रेम दुबे, कंचन मिश्रा, सोनाली मि मिश्रा मिश्रा, भूपेंद्र सिंह बीना पांडे मुख्य भूमिका में हैं।

## भोजपुरी फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड का एतराज




**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड ने एतराज जताया है। निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह, निर्देशक प्रेमांशु सिंह और खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 22 मार्च को पैन इंडिया रिलीज होनी है, लेकिन उससे पहले फिल्म के टाइटल पर सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने एतराज जता दिया है। फिल्म के निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि उन्हें केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से एक कॉल आया था, जिसमें पहले रिलीज हुई हिंदी फिल्म के समान शीर्षक होने से फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि मुझसे रवि नाम के किसी व्यक्ति ने संपर्क किया था, जिसने मेरी फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया था। रोशन सिंह ने बताया कि फिल्म रंग दे बसंती की स्क्रीनिंग हो चुकी है, और हमें यूए प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आवश्यक कुछ कट्स के बारे में सूचित किया गया। जो बोर्ड के ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। उन्होंने कहा कि जब हमने इस बाबत जानकारी के लिए सेंसर बोर्ड कार्यालय में संपर्क किया तो बताया गया कि आपका मामला सेंसर बोर्ड अध्यक्ष के कार्यालय से लंबित है। जो ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। मैंने 5 मार्च को एक पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी चाही मगर कारण क्या है अभी तक बताया नही जा रहा है और 8 मार्च को मुझे फोन कर फिल्म का शिर्षक बदलने का अनुरोध किया गया।

### अंकुश राजा का होली गाना रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायक अंकुश राजा का गाना देवरे से डलवाईब रिलीज हो गया है। गाना देवरे से डलवाईब का थीम होली के दौरान भाभी के साथ देवर की ठिठोली का है, जिसे अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाना देवरे से डलवाईब वाई आर म्यूजिक फैक्ट्री के ऑफिशियल ट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। अंकुश राजा ने कहा कि होली के गानों की अपनी विधा है, जो हमारे यहां लोक संस्कृति में व्याप्त है। इस गाने में भी हुआ ऑडियंस को देखने को मिल रहा है और लोग इसे कनेक्ट भी कर पा रहे हैं तभी इस गाने को लाखों व्यूज मिल चुके हैं और यह गाना तेजी से आगे बढ़ रहा है। देवरे से डलवाईब गाना के म्यूजिक वीडियो में अंकुश राजा, रक्षा गुप्ता के नजर आए हैं। देवरे से डलवाईब के गीतकार छोटू यादव हैं और संगीतकार विकी बॉक्स हैं। डायरेक्टर संदीप राज हैं और कोरियोग्राफर योगेश हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लॉन्च



**दोहा।** दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस कतर एयरवेज ने लॉन्च कर दी है। कंपनी ने दुनिया की पहली डिजिटल ह्यूमन केबिन क्रू आईटीबी बर्लिन 2024 के दौरान पेश की है। इसका नाम समा है।

कंपनी ने एआई बेस्ड एयर होस्टेस का डेमो कतर वेब समिट के दौरान दिया था। ये केबिन क्रू ह्यूमन एयर होस्टेस को रिप्लेस नहीं करेगा। इसे बतौर फ्लाइट अटेंडेंट ट्रेनिंग दी गई है। यह खुद को अपडेट करती रहती

## लापता मछुआरों की खोज के लिए पाकिस्तान भारत से मांगेगा मदद

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- **हिजामक्रो क्रीक में नाव पलटने से पांच मार्च को हुआ था हादसा, अब तक 31 लोगों के शव बरामद**

पाकिस्तान सरकार 14 मछुआरों के शव बरामद करने के लिए भारत से मदद मांग सकती है, जो नाव पलटने के बाद से लापता हैं। सिंध के गांव इब्राहिम हैदर के 45 मछुआरे मछली पकड़ने गए थे, लेकिन पांच मार्च को थट्टा में केटी बंदर के पास हिजामक्रो क्रीक में नाव पलट गई। 31 मछुआरों को बचा लिया गया, जबकि 14 लापता हैं।

अधिकारियों ने कहा कि लापता लोगों को ढूंढने के लिए पाकिस्तानी नौसेना, समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के गोताखोरों द्वारा अभियान चलाया गया, लेकिन 14 लापता मछुआरों का पता नहीं चल सका। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के विधायक आगा रफीउल्ला ने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह से बात की थी और उनसे भारतीय अधिकारियों से संपर्क करने और लापता मछुआरों का पता लगाने के लिए उनकी मदद लेने को कहा था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि सरकार मामले को भारतीय अधिकारियों के साथ उठाएगी, क्योंकि ऐसी आशंका है कि ज्वार की लहरें मछुआरों को भारत की क्षेत्रीय सीमा तक ले गई होंगी। रफीउल्ला ने कहा कि लापता मछुआरे के रिश्तेदारों के संपर्क में हैं।

## अमेरिकाः एडल्ट स्टार सोफिया लियोन का निधन

**वाशिंगटन।** एडल्ट फिल्म स्टार सोफिया लियोन का निधन हो गया है। 26 साल की सोफिया इस महीने की शुरुआत में अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। सौतेले पिता माइक रोमेरो ने उनके निधन की पुष्टि की है। फिलहाल मौत का कारण सामने नहीं आया है। सोफिया की मौत के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। पिछले तीन महीने में ये तीसरा मामला है जब किसी एडल्ट स्टार की मौत हुई है। सौतेले पिता ने गोफंडमी पर उनके मेमोरियल के लिए पैसे की मांग की है। उन्होंने कहा कि सोफिया एक मार्च को अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। फिर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।



## स्मिशिंग से यूजर्स को फांस रहे साइबर ठग, संदिग्ध लिंक से बचें

भारत समेत दुनिया में एसएमएस धोखाधड़ी बढ़ रही है। इसे 'स्मिशिंग' कहा जाता है। साइबर सुरक्षा कंपनी प्रूफपॉइंट के अनुसार, दुनिया में रोज 4 लाख एसएमएस हमले होते हैं। साइबर लुटेरों के फैलाए इस जाल में फंसकर लोग अपने बैंक खातों से पैसा गंवा रहे हैं। जानते हैं 'स्मिशिंग' क्या है और इससे कैसे बचें...

**4 लाख एसएमएस हमले करके दुनिया में रोज साइबर लुटेरों लोगों को फंसा रहे**

### स्मिशिंग, ईमेल ठगी से भी ज्यादा खतरनाक

स्मिशिंग ईमेल ठगी से अधिक खतरनाक मानी जाती है, क्योंकि ऐसे साइबर अपराधियों की पहचान करना मुश्किल होती है। जबकि, पीड़ितों को लगता है कि उनके नंबर का उपयोग केवल ज्ञात लोग ही कर सकते हैं।



### क्या है स्मिशिंग ठगी



स्मिशिंग साइबर हमला है, जो मोबाइल टेक्स्ट मैसेज भेजकर किया जाता है। इसे एसएमएस फिशिंग भी कहते हैं। इससे लोगों और कंपनियों दोनों को निशाना बनाया जाता है। ठग लोगों को भ्रामक संदेश भेजता है, जिसे पढ़कर लगता है कि किसी भरोसेमंद स्रोत से भेजा गया है। इनमें अक्सर एक लिंक होता है, जो यूजर को फर्जी वेबसाइट पर ले जाता है। जब यूजर अपनी जानकारी (पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड डिटेल आदि) डालता है, तो ठग इसे चुरा लेता है। कुछ मामलों में मैसेज में मैलवेयर भेजा जाता है। पिछले साल 39% यूजर को कम से कम ठगी का एक मैसेज आया है।

### ठगी से कैसे बचें

अनचाहे संदेशों से सावधान रहें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करे। बैंक से जुड़ा संदिग्ध मैसेज मिले तो बैंक से संपर्क करें। निजी लेनदेन के लिए अलग ईमेल का इस्तेमाल करें। ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें, ताकि संबंधित मामले में बचा जा सके।

### ऑनलाइन शिकायत दर्ज कैसे करें

चक्षु पोर्टल का लिंक sancharsaathi.gov.in पर उपलब्ध है। सरकार चक्षु के लिए एक एप बनाने पर काम कर रही है। अगर आपके पास धोखाधड़ी के इरादे से कोई कॉल, एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज आता है तो पोर्टल पर उसकी रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। शिकायत में कॉल या एसएमएस आने का समय, तारीख और इससे जुड़ी सभी जानकारियां देनी होती हैं। रिकॉर्ड के तौर पर ऐसे कॉल या मैसेज का स्क्रीनशॉट भी देना होगा। अगर साइबर ठगी का शिकार हो चुका है तो उसे 'चक्षु' पोर्टल की बजाय भारत सरकार के साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट दर्ज करवानी चाहिए।

## एक नजर

### नरसंहार से नेतन्याहू इजराइल को नुकसान पहुंचा रहेः बाइडन

**विलमिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को कहा कि उन्हें लगता है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में हमास के खिलाफ अपने युद्ध के तरीके से इजराइल की मदद करने के बजाय उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। बाइडन ने कहा- इजराइल गाजा में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय सहयोग खो सकता है। उनकी ताजा टिप्पणी दोनों नेताओं के बीच तनावपूर्ण होते संबंधों की ओर इशारा करती है। बाइडन ने गाजा में लोगों के बड़ी संख्या में मारे जाने पर बात की।

### पाकिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर 10 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 10 आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना ने कहा, उत्तरी वजीरिस्तान जिले में खुफिया-आधारित अभियान चलाया। सेना कहा- पहले ऑपरेशन में आतंकवादियों के बीच झड़प में चार आतंकवादी मारे गए, जबकि अनुवर्ती सफाया अभियान के दौरान चार और आतंकवादी ढेर कर दिए गए। आईएसपीआर ने कहा कि एक अलग ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर घुसपैठ करने की कोशिश में दो आतंकियों की मौत हुई है, जबकि पांच को हिरासत में लिया गया है।

### पश्चिम बंगाल में पहली बार राम नवमी पर सार्वजनिक अवकाश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने आगामी 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर पहली बार सार्वजनिक छुट्टी की घोषिणा की है। शनिवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि 17 अप्रैल 2024 को राम नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऐसा अपनी हिंदू विरोधी छवि को भुनाने के लिए किया है, लेकिन अब बहुत देर हो गई है। बंगाल में हमेशा से दुर्गा पूजा, काली पूजा और सरस्वती पूजा बड़े त्योहार के रूप में मनाए जाते हैं।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन और बाढ़ से 19 की मौत, सात लापता

**पदांग (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लापता हैं। स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी बताया है कि शुक्रवार देर रात कई टन मिट्टी, चट्टानें और उखड़े हुए पेड़ एक पहाड़ से लुढ़ककर एक नदी तक पहुंच गए। एजेंसी ने कहा इस आपदा में मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचानक आई बाढ़ से कम से कम दो ग्रामीण घायल हो गए और बचावकर्मी ऐसे सात लोगों की तलाश कर रहे हैं जो र अब भी लापता हैं। एजेंसी ने कहा- राहत बचाव कार्य जारी है।

# टिकटॉक से प्रचार कर रहे बाइडन ट्रंप महिलाओं की आजादी के विरोधी

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः ट्रंप विरोधी नारों के बीच युवाओं को लुभाने में जुटे हैं राष्ट्रपति

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव लगभग तय हो गया है कि जो बाइडन का मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगा। भले ही हाल के कई सर्वे में बाइडन की उम्र (81 वर्ष) को लोगों ने बड़ा मुद्दा माना हो, लेकिन बाइडन ने जेन-जी युवाओं को लुभाने में ताकत लगा दी है। इसके लिए बाइडन अपने प्रचार में ट्रंप के भूलने की समस्या का जिक्र करते हैं।

ट्रंप को महिलाओं की आजादी का विरोधी बताते हैं। गर्भपात कानून का जिक्र करते हैं। इजराइल-फिलीस्तीन मुद्दे पर युद्ध- विराम के अपने प्रशासन के प्रयासों को बताते हैं। बॉर्डर पर दीवार का विरोध करते रहे हैं। युवाओं तक पहुंच बनाने के लिए टिकटोंक पर भी प्रचार अभियान शुरू किया है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति जो बाइडन को बहस की चुनौती दी है। ट्रंप ने कहा कि यह हमारे देश और लोगों के लिए अच्छा रहेगा कि बाइडन और मैं अमेरिका के लिए अहम मुद्दों पर बहस करें। मैं कहीं भी, कभी भी डिबेट के लिए तैयार हूं।

### अमेरिका में 20 फीसदी युवा मतदाता चुनाव में करेंगे खेला



20 साल से कम के 20% वोटर जो बाइडन को दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए युवा मतदाताओं का समर्थन जरूरी है। कुल अमेरिकी वोटरों में 18 से 19 साल तक युवा मतदाता करीब 20 फीसदी हैं। ये चुनाव के नतीजे को बना या बिगाड़ सकते हैं। वहीं, युवाओं के संगठन सनराइज मूवमेंट ने बाइडन लिए एक रोडमैप पेश किया है। इसमें 2035 तक ग्रीन एनर्जी अपनाने, आपदा प्रभावित त लोगों को मुफ्त इलाज और सस्ता आवास देने की मांग की गई है। गाजा-वेस्ट बैंक में स्थायी और तुरंत युद्धविराम तथा इजराइल को सैन्य और हथियार मदद रोकने की मांग शामिल है।

### बाइडन-ट्रंप में आरोप-प्रत्यारोप



राष्ट्रपति पद के प्रबल दावेदारों में 81 वर्षीय बाइडन और 77 वर्षीय ट्रंप आरोप-प्रत्यारोप से खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। लोकप्रियता में कमी के बावजूद पार्टियों पर पकड़ बनाए हुए हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि हमें बाइडन को हराना ही होगा। वह (बाइडन) इतिहास के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, यदि हम ये चुनाव हारते हैं तो आपको एक फिर डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल के साथ जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### किसी भी उम्मीदवार को पैसे दान नहीं करूंगाः एलन



टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि राष्ट्रपति पद के किसी उम्मीदवार को पैसा दान करने की उनकी कोई योजना नहीं है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, बस पूरी तरह से स्पष्ट होने के लिए आपको बता रहा हूं कि मैं अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को पैसा दान नहीं कर रहा हूं। दो दिन पहले ट्रंप से मिले थे।

## चीनी एप पर अमेरिका लगाएगा पाबंदी, पेश किया विधेयक

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में रूस ने सोशल मीडिया के माध्यम से दखल दिया था। स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट मुलर ने 2018 में पेश आरोप पत्र में बताया कि किस तरह रूसियों ने सोशल मीडिया पर हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ और डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में प्रचार किया था।

अब 2024 के राष्ट्रपति चुनाव पर ऐसा ही खतरा मंडरा रहा है। कई विशेषज्ञ चीनी कंपनी बाइटडांस के एप टिकटॉक को गंभीरता से लेने की सलाह दे रहे हैं। अमेरिका में टिकटॉक के लगभग 17 करोड़ मासिक यूजर्स हैं। यह युवाओं में ज्यादा पॉपुलर है। खासकर कॉलेजों में इसके जरिये राजनीतिक प्रचार हुआ है। इसे ध्यान में रखकर 5 मार्च को रिपब्लिकन पार्टी के माइक गैलागर और डेमोक्रेटिक पार्टी के राजा कृष्णमूर्ति सहित 18 अन्य सांसदों ने बाइटडांस से संबंध नहीं तोड़ने की स्थिति में टिकटॉक पर पाबंदी लगाने का विधेयक प्रतिनिधि सदन में पेश किया है। विधेयक पास होने पर टिकटॉक बैन हो जाएगा। भारत ने 2020 में टिकटोंक पर प्रतिबंध लगाया था, अब अमेरिका तैयारी कर रहा है।

## एआई से बन रहे सबसे ज्यादा चुनावी फेक फोटो और वीडियो

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **टेक वॉचडॉग की रिपोर्ट में खुलासा सॉफ्टवेयर से सबसे ज्यादा चुनावी कंटेंट किए जा रहे तैयार**




अगले कुछ महीनों में भारत-अमेरिका समेत दुनिया के दर्जन भर से ज्यादा देशों में होने जा रहे चुनाव इस बार मुद्दों से ज्यादा एआई से लड़े जाएंगे। इसके लिए एआई के जरिए फेक न्यूज और फेक फोटोज क्रिएट किए जा रहे हैं। टेक वॉचडॉग सेंटर फॉर डिजिटल हेट की रिपोर्ट के अनुसार, एआई इमेज क्रिएटर इस वक्त सबसे ज्यादा फेक पॉलिटिकल इमेज जेनरेट कर रहे हैं।

इनके जरिए चुनाव से संबंधित फेक इमेज सबसे ज्यादा तैयार किए जा रहे हैं। मिडजर्नी, स्टैबिलिटी एआई की ड्रीम स्टूडियो, ओपेन एआई की चैट जीपीटी प्लस, माइक्रोसॉफ्ट इमेज क्रिएटर जैसे एआई इमेज जेनरेटर भ्रम पैदा करने वाले इमेज तैयार कर रहे हैं। इनमें ज्यादातर अमेरिका के चुनाव या वोटिंग सुरक्षा को लेकर हैं। यह हाल तब है, जब इन कंपनियों ने यह वादा किया है कि उन्होंने अपने एआई सॉफ्टवेयर में पर्याप्त सुरक्षा का इंतजाम किया है और इनसे फेक फोटोज नहीं बनाई जा सकेंगी। सेंटर फॉर डिजिटल हेट ने कहा- इन एआई सॉफ्टवेयर में कुछ टूल्स हैं, जो फेक इमेज तैयार करने से रोकते हैं, लेकिन ये पर्याप्त नहीं हैं।

### वर्जीनिया की सीनेट में भारतवंशी पत्रकार सम्मानित

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी पत्रकार टी विष्णुदत जयरामन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, वर्जीनिया के सदन ने जयरामन के पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति समर्पण के लिए उनके काम की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव भारतीय अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने चार मार्च को पेश किया था। बता दें, सुब्रमण्यम वर्जीनिया के 10वें कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र से अमेरिकी कांग्रेस के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार भी हैं। बाद में आठ मार्च को सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया। सीनेट में जयरामन का परिचय देते हुए सुब्रमण्यम ने पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। साथ ही उन्हें सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रतिष्ठित अशोक पुरस्कार प्राप्त करने वाले पत्रकार के रूप में संदर्भित किया।

### उग्र छात्रों ने घेरा संसद...





**एथेंसः** ग्रीस के छात्रों ने निजी विश्वविद्यालयों की योजनाबद्ध शुरुआत के खिलाफ एथेंस में प्रदर्शन किया। करीब 20 हजार छात्रों ने संसद का घेराव करने का प्रयास किया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर उन्हें रोकने की कोशिश। इससे छात्र हिंसा पर उतर आए। उन्होंने पुलिस पर पेट्रोल बम, पटाखे फेंके और जवानों से भिड़ गए। जनवरी से ही सरकार के निजी विश्वविद्यालयों को खोलने की मंजूरी से जुड़ा प्रस्ताव आने के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। ● एजेंसी

## इजराइल ने बेन डेविड की हत्या का लिया बदला, आतंकी ढेर

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने उस आतंकवादी को हवाई हमले में मार गिराया है, जिसने गाजा में एक रिजर्व अधिकारी की हत्या की थी। रविवार सुबह इजराइल रक्षा बलों ने यह जानकारी दी है। आईडीएफ सैनिकों ने मेजर (रेस.) अमीशर बेन डेविड की हत्या के बदले में मारा है।

43 वर्षीय बेन डेविड कमांडो ब्रिगेड प्रमुख की फॉरवर्ड कमांड टीम के प्रमुख थे। वह शुक्रवार को दक्षिणी गाजा में मारे गए थे। बेन डेविड को रविवार दोपहर यरुशलम के माउंट हर्जल सैन्य कब्रिस्तान में दफनाया गया। इस बीच, मध्य गाजा में, इजरायली बलों ने पिछले दिन विमान और लड़ाकू जेट, स्नाइपर फायर और टैंक फायर के माध्यम से 13 आतंकवादियों को मार गिराया है।

## ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों के 300 खाते सीज, 100 करोड़ जब्त

**लंदन, एजेंसी**



- **सुनक सरकार का एक्शन कनाडा सहित कई देशों में ट्रांजेक्शन ट्रैक**

ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार ने भारत विरोधी खालिस्तान समर्थकों पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई विशेष टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सीज कर लगभग सौ करोड़ रुपये की रकम जब्त की है। टास्क फोर्स ने इन सभी बैंक खाते से कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को हुए संदिग्ध ट्रांजेक्शन को ट्रैक किया था।

टास्क फोर्स के अनुसार, पिछले साल गठित टीम की वॉच लिस्ट में पांच हजार से ज्यादा बैंक खाता हैं। टास्क फोर्स ने इन खातों को दो तरह से बांटा है। पहला- वो खाता जो सीधे तौर पर घोषित खालिस्तानी नेताओं के हैं और दूसरा- वे खाते जो खालिस्तान समर्थकों के हैं। बैंक अकाउंट से एक बार में 50 हजार रुपए से ज्यादा का लेनदेन होने पर जानकारी निकलवाई जाती है।

टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के अमेरिका में नेटवर्क के भंडाफोड़ के लिए जांच एजेंसी एफबीआई से भी संपर्क साधा है। टास्क फोर्स के एक अफसर ने बताया कि भारत में प्रतिबंधित संगठनों के अमेरिका में बसे नेताओं की फंडिंग को रोकने के लिए एक दल अगले महीने अमेरिका जाएगा। बैंक अकाउंट सीज होने की कार्रवाई तेज होने पर आशंका है कि हवाला के जरिए फंडिंग हो सकती है।

## एक साल के भीतर तीसरी बार विश्वासमत हासिल करेंगे दहल

**काठमांडू, एजेंसी**

- **मंत्रिमंडल का किया विस्तार, 13 को सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य का लिया फैसला**



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड इस बार सत्ता में आने के बाद 15 महीने के भीतर तीसरी बार 13 मार्च को संसद में विश्वासमत हासिल करने की योजना बना रहे हैं। 25 दिसंबर 2022 को तीसरी बार प्रधानमंत्री बने प्रचंड ने हाल ही में नेपाली कांग्रेस से नाता तोड़ पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन कर लिया।

प्रचंड की पार्टी सीपीएन-माओवादी सेंटर की संसदीय दल की बैठक में 13 मार्च को अपने सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य करने के लिए व्हिप जारी करने का फैसला लिया गया। संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की 13 मार्च के सत्र की बैठक बुलाई गई है। नेपाली मीडिया के अनुसार, नए गठबंधन के पास संसद में 275 सदस्य हैं।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने रविवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। वरिष्ठ मधेसी नेता और जनता समाजवादी पार्टी के चेयरमैन उपेंद्र यादव को जनसंख्या एवं स्वास्थ्य और उन्हीं की पार्टी के किशोर शाह को वन मंत्री बनाया है। इसके साथ ही प्रचंड मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 22 हो गई है।

**अध्ययन** हालिया सर्वे में सामने आए आंकड़े, इसकी बड़ी वजह बाकी कर्मीयों के मुकाबले अधिक कामगर होना

## विश्व में मैनेजर लेवल जॉब के लिए भारतीय कर्मी पहली पसंद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय कामगार न केवल भारत में बल्कि देश के बाहर भी परचम लहरा रहे हैं। इनकी डिमांड अब देश के बाहर भी बड़े पैमाने पर हो रही है। हालिया एक सर्वे में सामने आया है कि दुनियाभर की कंपनियों में मैनेजर स्तर की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं।

इसके पीछे की बड़ी वजह इन्हें बाकियों के मुकाबले अधिक कामगर होना है। इसके अलावा भारतीय कर्मचारी का कल्चरली सेंसेटिव होना है, जिस वजह से यह ऑफिस में कल्चरली आसानी से घुल-मिल जाते हैं। इसके साथ ही भारतीय कर्मचारी काफी विनम्र होते हैं और काम करने के लिए कहीं भी जाने को तैयार रहते हैं। पिडिलाइट के डायरेक्टर भरत पुरी,जो पहले कैडबरी और मॉडेलेज के साथ काम कर चुके हैं। वे कहते हैं, पिडिलाइट के एशिया-पैसिफिक के तमाम रिजनल ऑफिस में एक-तिहाई मैनेजर भारतीय हैं। वो कहते हैं कि भारतीय मैनेजर यूरोपीय समकक्षों की तुलना में विदेश में नौकरी के लिए जल्दी और अच्छी तरह से तैयार होते हैं।

पूरी कहते हैं कि 20 साल पहले किसी मल्टीनेशनल कंपनी में भारतीयों की संख्या एक या दो होती थी, लेकिन यह संख्या अब 60-70 हो चुकी है। लग्जरियस फैशन ब्रांड शनैल की सीईओ लीना नायर कहती हैं कि हालिया दौर में जहां कॉम्पिटिशन बहुत ज्यादा है उस दौर में भारतीय अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। भारतीय मैनेजर्स की विविधता और कौशल को देखकर मैं भी प्रभावित होती हूं। बता दें कि बाहर नौकरी पाने के लिए सबसे बढ़िया सोर्स उस देश की एंबेसी की वेबसाइट खोज कर ज्यादातर भारतीय है।

वहां से पता किस तरह की जॉब मिल सकती हैं, वीजा के लिए कैसे अप्लाई करना है, बगैर-बगैरा जानकारी आसानी से मिल जाती है। इनके अलावा ईमेल आईडी पर कम्यूनिकेशन कर लेते हैं। देशों की वेबसाइट्स और वहां मौजूद जॉब जब आप किसी भी देश की वेबसाइट पर जाएंगे तो वहां ऊपर ही वीजा के लिए आवेदन करने जैसे ऑप्शन होते हैं।

### सीईओ में भी भारतीय पहली पसंद बन रहे



न केवल मैनेजर लेवल की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं बल्कि सीईओ के रूप में भी दुनियाभर की कंपनियों के लिए भारतीय पहली पसंद हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, गूगल के सुंदर पिचई, यूटयूब के नील मोहन, एडोब के शांतनू नारायण, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन और आइबीएम के अरविंद कृष्णा सभी भारतीय मूल के हैं।

## लेह में 'सरगर्मी' तेज, माइनस 15 डिग्री में उपवास पर बैठे वांगचुक



**लेह, एजेंसी**

- **लद्दाख को मिले राज्य का दर्जा केंद्र सरकार को दी चेतावनी अनिश्चितकालीन चलेगा आंदोलन**

लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने की मांग तेज हो गई है। इसको लेकर मशहूर इनोवेटर सोनम वांगचुक लेह में माइनस 15 डिग्री की हाड़ कंपाने वाली सर्दी में खुले आसमान के नीचे 21 दिनों के उपवास पर बैठ गए हैं।

वांगचुक की मांग है कि केंद्र जल्द से जल्द लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दे या इसे विधानसभा के साथ केंद्रशासित प्रदेश बनाए। इसके अलावा छठी अनुसूची लागू करने की भी मांग हो रही है। उन्होंने ने चेताया कि यदि केंद्र सरकार लद्दाख के लोगों से किए गए वादे पूरे नहीं करती तो आंदोलन अनिश्चितकालीन चलेगा। बता दें कि लद्दाख, पहले जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा था, अब इसको अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्ज दे दिया गया है।